kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-78 ❑ शनिवार, 18 अप्रैल 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



सोलह आने सच है कि महिला आरक्षण का विरोध करने वाले दलों का राजनीतिक भविष्य अंधकारमय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश की बागडोर संभालने के बाद न केवल नारी का सम्मान बढ़ा है ।

केशव प्रसाद मौर्य

चुनाव आयोग ने तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में की 865 करोड़ की जब्ती 11

दिल्ली के उप महापौर ने अलीपुर वार्ड में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण 12

## महिला आरक्षण पर प्रधानमंत्री की अपील- अंतरात्मा की आवाज सुनकर सर्वसम्मति से पारित कराएं विधेयक

# महिला आरक्षण बिल लोकसभा में गिरा

- ❑ लोकसभा में तीनों बिलों पर वोटिंग, पक्ष में 298 विपक्ष 230 पड़े वोट
- ❑ 131वां संसोधन विधयक बिल पारित नही हुआ, हरिवंश तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति निर्वाचित
- ❑ इंडी गठबंधन 'अगर-मगर' के साथ महिला आरक्षण का कर रहा विरोध: शाह
- ❑ प्रधानमंत्री मोदी ने साझा किया सुभाषित, कहा-नारी शक्ति सशक्त भारत की पहचान
- ❑ महिला आरक्षण में ओबीसी, अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए अलग कोटा का हो निर्धारण: डिंपल यादव
- ❑ प्रधानमंत्री मोदी ने हरिवंश को तीसरी बार उपसभापति बनने पर दी बधाई, अनुभव और कार्यशैली को सराहा
- ❑ महिला आरक्षण बिल पर ललन सिंह ने सदन में किया प्रधानमंत्री का समर्थन, लालू की तरह हश्र से बचने के लिए अखिलेश को दी सलाह

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

महिला आरक्षण बिल लोकसभा में गिरा

नई दिल्ली । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने महिला आरक्षण से जुड़े तीन विधेयकों पर लोकसभा में हुई चर्चा के जवाब में शुक्रवार को कहा कि विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन के घटक दलों के नेता 'अगर-मगर' के जरिए महिला आरक्षण का विरोध कर रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि 130 सदस्यों को बोलने का अवसर दिया गया, जिनमें 56 महिलाएं शामिल थीं। किसी ने भी महिला आरक्षण के संवैधानिक संशोधन का खुलकर विरोध नहीं किया, लेकिन अधिकांश विपक्षी दलों ने 'अगर-मगर' और 'किंतु-परंतु' के जरिए इसे कमजोर करने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि जो दल परिसीमन का विरोध कर रहे हैं, वे वास्तव में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए सीटों में बढ़ोतरी का भी विरोध कर रहे हैं। शाह ने कहा कि संविधान में परिसीमन का प्रावधान इसी उद्देश्य से किया गया है कि जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व संतुलित रहे। तीन विधेयकों के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए गृहमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य महिला सशक्तीकरण को समयबद्ध तरीके से लागू करना है, ताकि 2029 का लोकसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ कराया जा सके। उन्होंने 'एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य' के सिद्धांत को संविधान की मूल भावना बताते हुए कहा कि वर्तमान में कई निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या में भारी असमानता है, जिससे वोट का मूल्य बराबर नहीं रह जाता।



शाह ने कहा कि देश में कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां 20 लाख से अधिक मतदाता हैं, जबकि कुछ जगहों पर यह संख्या 6 लाख के आसपास है। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि परिसीमन का समर्थन करें, जिससे सभी निर्वाचन क्षेत्रों में वोट का समान मूल्य सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि महिला आरक्षण का क्रियान्वयन 2026 के बाद होने वाली जनगणना और उसके आधार पर परिसीमन के बाद ही संभव है। यह प्रावधान पहले से ही कानून में मौजूद है और इसे वर्तमान सरकार ने नहीं जोड़ा है। इतिहास का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 1970 के दशक में सीटों की संख्या बढ़ाने के बाद परिसीमन को फ्रीज कर दिया गया था, जिससे जनसंख्या वृद्धि के बावजूद प्रतिनिधित्व में बदलाव नहीं हो सका। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि तब भी और अब भी वही दल परिसीमन का विरोध कर रहे हैं।

गृह मंत्री ने कहा कि देश की जनसंख्या 56 करोड़ से बढ़कर 140 करोड़ हो गई है, लेकिन लोकसभा सीटों की संख्या में कोई बदलाव नहीं हुआ। सरकार अब इस असंतुलन को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है।

जनगणना को लेकर शाह ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण इसमें देरी हुई, लेकिन अब समय आ गया है कि जनगणना कराई जाए, जिसमें जातिगत आंकड़े भी शामिल होंगे। उन्होंने विपक्ष पर जाति जनगणना को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप भी लगाया।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री के लिए एक शब्द के इस्तेमाल पर सत्ता पक्ष ने तीखी आपत्ति जताई, जिसके चलते सदन में जोरदार हंगामा देखने को मिला। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी के बयान को बेहद ● शेष पेज 11 पर

## महिला आरक्षण बिल नहीं, चुनावी नक्शा बदलने की कोशिश: राहुल

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**



नई दिल्ली । लोकसभा में संसद की तीन दिवसीय विशेष बैठक के दूसरे दिन महिला आरक्षण तथा परिसीमन से जुड़े संवैधानिक संशोधनों पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सरकार द्वारा लाया गया यह विधेयक महिलाओं के सशक्तिकरण से संबंधित नहीं है, बल्कि यह देश के चुनावी नक्शे को बदलने की सोची-समझी कोशिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अधिकारों को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में चर्चा के दौरान कहा कि देश के सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन में महिलाओं की भूमिका केंद्रीय रही है और प्रत्येक व्यक्ति ने अपने जीवन में मां, बहन या अन्य महिला सदस्यों से बहुत कुछ सीखा है। यह विधेयक महिला आरक्षण का वास्तविक विधेयक नहीं है, क्योंकि महिला आरक्षण से संबंधित कानून वर्ष 2023 में ही पारित हो चुका है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि यदि वह वास्तव में महिलाओं को सशक्त बनाना चाहती है तो पूर्व में पारित विधेयक को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, विपक्ष उसका पूर्ण समर्थन करेगा। राहुल गांधी ने कहा कि वर्तमान विधेयक का वास्तविक उद्देश्य परिसीमन के माध्यम से देश के राजनीतिक संतुलन को बदलना है। सरकार जानबूझकर जातिगत जनगणना से बच रही है ताकि अन्य पिछड़ा वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व न मिल सके। यह एक ऐसी रणनीति है जिसके माध्यम से वंचित वर्गों को सत्ता संरचना से दूर रखा जा सके। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कॉरपोरेट क्षेत्र, न्यायपालिका, निजी स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा संस्थानों में दलित, आदिवासी और अन्य पिछड़ा वर्ग की भागीदारी बहुत कम है। सार्वजनिक क्षेत्र, जो पहले इन वर्गों को अवसर प्रदान करता था, उसे समाप्त कर निजी हाथों में सौंप दिया गया है। सरकार ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी ने चंद्रशेखर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती पर उनका भावपूर्ण स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, '' इस वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर जी 100वीं जयंती वर्ष की शुरुआत हो रही है। यह एक समृद्ध और न्यायपूर्ण भारत के उनके स्वप्न को साकार करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर है। श्री चंद्रशेखर जी को एक ऐसे जननेता के रूप में याद किया जाता है, जो साहस, दृढ़ विश्वास और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गहरी निष्ठा से परिपूर्ण थे। उन्होंने लिखा, '' भारत की माटी से गहराई से जुड़े और आम नागरिकों की आकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील चंद्रशेखर जी ने सार्वजनिक जीवन में सादगी और स्पष्टता का संचार किया। मुझे वे अवसर भली-भांति याद हैं, जब मुझे उनसे मिलने और राष्ट्र के विकास से जुड़े विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैं भारत के युवाओं से आह्वान करता हूं कि वे भारत की प्रगति की दिशा में उनके विचारों और प्रयासों के बारे में अधिक से अधिक पढ़ें।''

### शेख हसीना के प्रत्यर्पण का अनुरोध विचाराधीन: भारत

नई दिल्ली । भारत ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण के मामले में शुक्रवार को स्पष्ट किया कि इससे जुड़ी एक याचिका की समीक्षा की जा रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में शेख हसीना के मुद्दे पर कहा कि इस संबंध में एक अनुरोध विचाराधीन है, जो चल रही न्यायिक और आंतरिक कानूनी प्रक्रियाओं का हिस्सा है। भारत इस मुद्दे पर सभी संबंधित पक्षों के साथ रचनात्मक रूप से संवाद जारी रखेगा और हर स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए है। जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बांग्लादेश की नई सरकार के साथ रचनात्मक जुड़ाव की भारत की इच्छा दोहराई है और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया है। दोनों पक्षों ने आपसी सहयोग को और गहरा करने के लिए विभिन्न द्विपक्षीय तंत्रों के माध्यम से प्रस्तावों पर विचार करने पर सहमति जताई है। वहीं, देश के भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी के प्रत्यर्पण से जुड़े प्रश्न पर जायसवाल ने कहा कि भारत इस मामले में ब्रिटेन के साथ लगातार संपर्क में है।

## महिला आरक्षण विधेयक का करेंगे समर्थन : ममता बनर्जी

**एजेंसी**



❑ लेकिन परिसीमन स्वीकार नहीं है

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन करेगी, लेकिन इसके साथ किसी अन्य प्रस्ताव को जोड़कर लाया गया तो उसका समर्थन नहीं किया जाएगा। उन्होंने परिसीमन के मुद्दे पर भी कड़ा विरोध जताया।

उत्तर बंगाल दौरे से लौटने के बाद दमदम सेंट्रल जेल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि महिलाओं के सम्मान के नाम पर अन्य राजनीतिक उद्देश्य पूरे करने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण विधेयक को माध्यम बनाकर लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने और परिसीमन लागू करने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में नगर निकायों और पंचायतों में पहले से ही 50 प्रतिशत आरक्षण लागू है। उन्होंने दावा किया कि राज्य से 37 प्रतिशत महिला सांसद निर्वाचित हुई हैं। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण का वे स्वागत करती हैं, लेकिन इसके साथ परिसीमन स्वीकार नहीं है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि परिसीमन के जरिए देश को बांटने की कोशिश हो रही है और कुछ राज्यों का प्रभाव कम कर दूसरे क्षेत्रों की सीटें बढ़ाने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ऐसे किसी प्रयास को नहीं मानेगी। केंद्र सरकार पर एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए ममता बनर्जी ● शेष पेज 11 पर

### अवैध जमीन कब्जा मामले में ममता के घर के पास तृणमूल नेता के घर आयकर छापा

कोलकाता । पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले अवैध जमीन कब्जा और धन शोधन मामले में केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई तेज हो गई है। शुक्रवार को आयकर विभाग की एक टीम ने केंद्रीय सशस्त्र बलों की भारी सुरक्षा में तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता कुमार साहा के कालीघाट स्थित आवास पर छापेमारी और तलाशी अभियान शुरू किया। यह इलाका मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आधिकारिक आवास के निकट है। कुमार साहा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बेहद खास माने जाते हैं। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई उसी मामले से जुड़ी है जिसमें आयकर विभाग की दूसरी टीम तृणमूल कांग्रेस विधायक और नगर निगम के मेयर परिषद के सदस्य देवाशीष कुमार के आवास तथा चुनावी कार्यालय में भी तलाशी ले रही है। इसी प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय ने भी कोलकाता और आसपास के कई इलाकों में एक रियल एस्टेट कंपनी के दफ्तरों तथा एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के घर पर छापेमारी की है। छापेमारी के विरोध में तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता कुमार साहा और देवाशीष कुमार के आवास के बाहर जुट गए और प्रदर्शन शुरू कर ● शेष पेज 11 पर

## देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की सप्लाई सामान्य, अफवाहों से बचें: केंद्र

**एजेंसी**




नई दिल्ली । पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि भारत की पेट्रोलियम आपूर्ति में दिक्कत के बावजूद देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। सरकार ने आम लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील की है। साथ ही, सरकार ने यह भी बताया कि भारतीय नागरिकों और समुद्री कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं तथा देश में बंदरगाहों का संचालन भी सामान्य बना हुआ है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में अंतर मंत्रालयी पत्रकार वार्ता में कहा कि पश्चिम एशिया संकट के चलते आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका के बावजूद घरेलू एलपीजी की सप्लाई पूरी तरह सुचारु है। किसी भी वितरक के पास गैस खत्म होने की कोई सूचना नहीं है। प्रतिदिन बड़े पैमाने पर सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है और हाल ही में लगभग 50 लाख से अधिक घरों तक एलपीजी सिलेंडर पहुंचाए गए हैं। ऑनलाइन बुकिंग का स्तर 98 प्रतिशत और प्रमाणीकरण कोड के साथ डिलीवरी लगभग 93 प्रतिशत है, जबकि वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति भी काफी हद तक बहाल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता भी पर्याप्त है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रही हैं। कच्चे तेल का भंडार भी पर्याप्त है, जिससे आपूर्ति पर कोई दबाव नहीं है। पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं। साथ ही, सरकार ने आपूर्ति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रवर्तन कार्रवाई भी तेज की है, जिसके तहत 255 वितरकों पर जुर्माना लगाया गया है और 65 को निलंबित किया गया है। विदेश मंत्रालय में अपर सचिव (खाड़ी क्षेत्र) अके प्रयास पश्चिम एशिया क्षेत्र में भारतीयों ● शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं

## जन समस्याओं का त्वरित समाधान कराएं अधिकारी : योगी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दूसरे दिन शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार, आपकी हर समस्या पर प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराएगी। शिकायतों को सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित करें। शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी करीब दो सौ लोगों से मिले। उनके पास जा-जाकर उनके प्रार्थना पत्र को अपने हाथ में लेकर उसका अवलोकन किया। जनता दर्शन में ● शेष पेज 11 पर

### लखनऊ अग्निकांड में जान गंवाने वाले बच्चों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि सौंपी गयी

-सीएम योगी के निर्देश पर पीड़ितों को राहत उपलब्ध कराने में जुटा प्रशासन



लखनऊ । विकास नगर बस्ती अग्निकांड में जान गंवाने वाले दो बच्चों के परिजनों को शासन की तरफ 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गुरुवार को विधायक ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर सहायता राशि का चेक सौंपा। साथ ही पीड़ितों को सरकार की तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को ही इस घटना का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद पीड़ितों के लिए नजदीकी कम्युनिटी सेंटर में रहने और खाने की व्यवस्था की गई। वहीं घटना स्थल पर भी नगर निगम और रेरा की टीम खाने के पैकेट का वितरण कर रही है। सीएम के निर्देश पर पीड़ितों को राहत पहुँचाने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। इसी क्रम में मेडिकल समेत अन्य सभी सुविधाएं अग्निकांड पीड़ितों को मुहैया कराई जा रही हैं। गौरतलब है कि बुधवार शाम विकास नगर सेक्टर 12 रिंग रोड के पास झुग्गी-झोपड़ियों में आग लग गई थी। दमकल विभाग समेत पुलिस ने बड़ी जनहानि ● शेष पेज 11 पर

## ईरान से भारत ने निकाले 2361 लोग : विदेश मंत्रालय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नई दिल्ली । भारत ने पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक ईरान से अपने एवं मित्र देशों के 2361 नागरिकों को आर्मेनिया और अजरबैजान के रास्ते से सुरक्षित निकाला है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में कहा, ''संघर्ष के प्रकोप के बाद से हमने 2,361 नागरिकों को ईरान से सुरक्षित रूप से निकालने में मदद की है। इनमें से 2,060 आर्मेनिया के माध्यम से और 301 अज़रबैजान के माध्यम से आए हैं। इन 2,361 लोगों में 1,041 भारतीय छात्रों के साथ-साथ तीन विदेशी भी शामिल हैं। एक बांग्लादेश से, एक श्रीलंका से और एक गुयाना से है। उन्होंने कहा कि ईरान में अभी भी 6000 से 7000 भारतीय मौजूद हैं। पश्चिम एशिया संकट पर एक अंतर-मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (खाड़ी) असीम महाजन ने भी कहा, ''सरकार खाड़ी और पश्चिम एशिया क्षेत्र में विकास की निगरानी करना जारी रखे हुए हैं। विदेश मंत्रालय में एक समर्पित विशेष नियंत्रण कक्ष परिचालन कर रहा है और हमारे मिशनों के साथ समन्वय में काम कर रहा है। स्थानीय सरकार के दिशानिर्देशों, उड़ान और यात्रा की स्थिति, कांसुलर सेवाओं और हमारे समुदाय का समर्थन करने के लिए किए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी उपायों से संबंधित जानकारी के साथ अद्यतन सलाह जारी की जा रही हैं। महाजन ने कहा कि इस क्षेत्र से भारत के लिए उन देशों से उड़ानें जारी हैं जहां हवाई क्षेत्र खुला है। तेहरान में भारतीय दूतावास ने अब तक ईरान से आर्मेनिया और अज़रबैजान ● शेष पेज 11 पर

# कोरांव में एलपीजी की होम डिलीवरी शुरूः दर्जनों उपभोक्ताओं को डीएसी कोड वेरिफिकेशन के बाद मिले सिलेंडर

❒ इस पहल से ग्राहकों को काफी खुशी मिली, वही एजेंसियों ने ग्राहकों को शीघ्र हालात सुधरने का अश्वासन दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज । प्रयागराज के कोरांव कस्बे में जेबी इंडेन गैस एलपीजी द्वारा होम डिलीवरी सेवा शुरू की गई है। इससे उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है। दर्जनों उपभोक्ताओं को डैक्ए कोड सत्यापित करने के बाद सिलेंडर वितरित किए गए।

इस पहल से कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को काफी सहूलियत हुई है। पहले जहां लोगों को गैस सिलेंडर लेने के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था, अब उन्हें इससे मुक्ति मिल गई है। हालांकि, गैस की किल्लत के कारण कुछ परेशानियां भी सामने आ रही हैं। विशेष रूप से उन लोगों को गैस प्राप्त करने में दिक्कत हो रही है जिनके पास अपना कनेक्शन नहीं है, जैसे कि बाहर से आकर किराए पर रहने वाले लोग। ऐसे उपभोक्ता दूसरों के कनेक्शन से बुकिंग कराकर गैस की व्यवस्था कर रहे हैं।

कोरांव के उल्दा स्थित भारत गैस एजेंसी में बुकिंग के अनुपात में समय पर लोड न आने से उपभोक्ताओं को एलपीजी नहीं मिल पा रही है। इससे लोगों को बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।गैस की किल्लत बढ़ने के बाद केवाईसी न हुए या फोन नंबर न जुड़े कनेक्शनों को सक्रिय कराने के लिए उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ा। अब ज्यादातर एजेंसियों में काफी कनेक्शन सक्रिय हो गए हैं।

उपभोक्ताओं ने उच्चाधिकारियों से भारत गैस एजेंसी में बुकिंग के आधार पर नियमित लोडिंग भिजवाने की मांग की है ताकि कोरांव क्षेत्र में गैस आपूर्ति सामान्य हो सके। होम डिलीवरी से लाभान्वित होने वालों में गीता, चंद्र बहादुर, कौशल्या देवी, शीला कुमारी, पार्वती देवी, शाहनवाज, सलमा बेगम, गीता देवी, कृष्णा सिंह, दुर्गावती, सावित्री, लखपति, सुनील कुमार, मिथिलेश, स्मृति और अरुण तिवारी जैसे कई उपभोक्ता शामिल हैं।

# मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज प्रयागराजः हीमोफीलिया मरीजों के लिए बना उम्मीद की किरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। विश्व हीमोफीलिया दिवस 17 अप्रैल 2026 को 'डायग्नोसिसः फर्स्ट स्टेप टू केयर' थीम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज (एमएलएन), प्रयागराज का हीमोफीलिया ट्रीटमेंट सेंटर (एचटीसी) क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मॉडल के रूप में उभरा है। यहां 250 से अधिक पंजीकृत मरीजों को निःशुल्क और समग्र उपचार प्रदान किया जा रहा है।

केंद्र में मरीजों को फैक्टर कंसन्ट्रेट्स की सुविधा प्रोफिलैक्सिस (निवारक उपचार) और आवश्यकतानुसार (ऑन-डिमांड) दोनों तरीकों से उपलब्ध कराई जा रही है। इस उपचार से रक्तस्राव की घटनाओं में कमी आई है और जोड़ों के नुकसान व अन्य जटिलताओं में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। इसके परिणामस्वरूप कई मरीज अब सामान्य जीवन जी पा रहे हैं।

इस पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन जिला नोडल अधिकारी डॉ. जितेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में हो रहा है। उनके मार्गदर्शन में समय पर जांच, नियमित फॉलोअप और मरीजों के लिए बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जा रहा है। यह केंद्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से संचालित है।संस्थागत प्रयासों के साथ-साथ हीमोफीलिया सोसाइटी प्रयागराज की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। सोसाइटी से जुड़े विवेक, एन. मोहित और नीरज जैसे मरीज न केवल जागरूकता फैला रहे हैं, बल्कि नए मरीजों और उनके परिजनों को परामर्श देकर उपचार के प्रति प्रेरित भी कर रहे हैं। ये मरीज स्वयं उदाहरण बनकर समाज में सकारात्मक संदेश दे रहे हैं।

एमएलएन मेडिकल कॉलेज की हीमोफीलिया ट्रीटमेंट कमेटी भी इस सफलता की एक मजबूत कड़ी है। इसमें मेडिसिन, ऑर्थोपेडिक्स, पीडियाट्रिक्स, पैथोलॉजी और साइकियाट्री विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञ शामिल हैं, जो मरीजों को बहुआयामी उपचार प्रदान कर रहे हैं। इस टीम के माध्यम से रक्तस्राव नियंत्रण, जोड़ों की सुरक्षा, फिजियोथेरेपी, लैब जांच, जेनेटिक काउंसलिंग और मानसिक स्वास्थ्य सहायता जैसी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं।

## इनर रिंग रोड और गंगा ब्रिज का डीएम ने किया निरीक्षण

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने गुरुवार को निर्माणाधीन इनर रिंग रोड परियोजना के प्रथम चरण का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। लगभग 31.440 किमी लंबी इस परियोजना में 6 लेन संरचना और 4 लेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान डीएम ने नैनी क्षेत्र में चल रहे कार्यों का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि बारिश से पहले पिलर निर्माण कार्य हर हाल में पूरा कर लिया जाए।पैकेज-2 के अंतर्गत गंगा नदी पर बन रहे 3.1 किमी लंबे 6 लेन ब्रिज का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने बताया कि नींव का कार्य पूरा हो चुका है और पिलर व अन्य संरचनात्मक कार्य तेजी से जारी हैं। इसके अलावा सरस्वती हाईटेक सिटी क्षेत्र में 2.38 किमी लंबे एलीवेटेड कॉरिडोर का निर्माण भी प्रगति पर है। डीएम ने परियोजना में आने वाली बाधाओं को तुरंत दूर करने और सभी विभागों के समन्वय से कार्य को समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए।

## फाफामऊ सिक्स लेन ब्रिज 87% पूरा, जून तक खत्म होगा मुख्य निर्माण



प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय राजमार्ग-96 पर फाफामऊ में निर्माणाधीन सिक्स लेन ब्रिज का जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। प्रोजेक्ट मैनेजर के अनुसार ब्रिज का लगभग 87 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। एक्स्ट्राडोज्ड सेगमेंट में चार में से तीन पिलर तैयार हो चुके हैं, जबकि चौथे पिलर का करीब 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जिसे मई तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। अधिकारियों ने बताया कि अप्रोच रोड का निर्माण भी तेजी से जारी है और कलश चौराहे से ब्रिज तक सड़क मई 2026 तक तैयार कर ली जाएगी। इसके बाद टेस्टिंग और फिनिशिंग कार्य जून 2026 तक पूरा करने की योजना है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मुख्य कंस्ट्रक्शन कार्य जून तक हर हाल में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जरूरत पड़ने पर प्रशासन हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।

## सिविल लाइंस में बड़ा हादसाः रेस्टोरेंट में लगी आग, योगा सेंटर तक पहुंची लपटें, एक युवती झुलसी



प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर के सिविल लाइंस इलाके में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब मिल्स ऑन विल्स रेस्टोरेंट में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की तेज लपटें बगल में स्थित योगा सेंटर तक पहुंच गईं, जिससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया।घटना के समय योगा सेंटर में करीब 20 महिलाएं मौजूद थीं। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन इस दौरान एक युवती का हाथ झुलस गया। उसे प्राथमिक उपचार दिया गया है।सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से आसपास के इलाके में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बना रहा।प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है, हालांकि प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है।

## सम्प्रेक्षण गृह में जागरूकता शिविर, बालिकाओं को दी गई सर्वाइकल कैंसर व कानूनी जानकारी



प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, खुल्दाबाद में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन प्लान के तहत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर सचिव प्रदीप्ति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।शिविर में बालिकाओं और महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण और सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने कैंसर के लक्षण, बचाव और समय पर जांच के महत्व को विस्तार से समझाया, साथ ही महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।सचिव प्रदीप्ति सिंह ने सम्प्रेक्षण गृह (बालिका) में रह रही बालिकाओं के खान-पान, स्वास्थ्य, शिक्षा, योग और स्वच्छता को लेकर अधीक्षिका को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बालिकाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।शिविर में मध्यस्थ रित्नप्रभा मिश्रा ने शिक्षा और खेलकूद के महत्व पर जोर दिया, जबकि पैनल अधिवक्ता प्रेरणा परिहार ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उपाय बताए। पराविधिक स्वयं सेवक अंजलि यादव ने कैंसर के लक्षणों और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर जानकारी साझा की।कार्यक्रम में महिला शरणालय व सम्प्रेक्षण गृह के शिक्षक, डॉक्टर, कर्मचारी और अन्य स्टाफ मौजूद रहे। इसके बाद सचिव द्वारा किशोर, शिशु व बालिका सम्प्रेक्षण गृह तथा महिला शरणालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## अब घर बैठे करें योग, टोल-फ्री नंबर और लिंक से जुड़ेंगे लाखों लोग

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार, कलेक्ट्रेट में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान 100 दिवसीय काउंटडाउन अभियान की रणनीति पर चर्चा की गई, जिसका उद्देश्य हर घर योग, घर-घर योग के लक्ष्य को साकार करना है।जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि टोल-फ्री नंबर और विशेष वेब लिंक के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों का पंजीकरण कराकर उन्हें योग से जोड़ा जाए।आयुष विभाग की ओर से क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. नवीन सोनी ने बताया कि इस अभियान से जुड़ना बेहद आसान है। इच्छुक व्यक्ति दिए गए वेब लिंक के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं या टोल-फ्री नंबर 1800-3157-008 पर मिस कॉल देकर अपने व्हाट्सएप नंबर को रजिस्टर कर सकते हैं। इसके बाद उन्हें नियमित अपडेट और योग प्रशिक्षण की जानकारी मिलती रहेगी।उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत लोग घर बैठे ही राष्ट्रीय स्तर के योग विशेषज्ञों से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही लाइव योग सत्र और 14 दिवसीय संरचित योग अभ्यास चैलेंज में भी भाग ले सकेंगे।इस अभियान की खास बात यह है कि सभी सत्र निशुल्क होंगे, प्रमाणित योग प्रशिक्षकों द्वारा कराए जाएंगे और अलग-अलग समय पर आयोजित होंगे, जिससे कामकाजी लोग, विद्यार्थी और गृहणियां भी आसानी से जुड़ सकें।बैठक में आयुष विभाग के अधिकारी, चिकित्सक और अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

# कोतवाली प्रभारी के अश्वासन पर समाप्त हुई धरना प्रदर्शन की तैयारी

❒ मृतक के घर के लोग कर रहे थे धरना प्रदर्शन की तैयारी कोतवाली प्रभारी ने समझा बुझा करशव का कराया अन्तिम संस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव बेरिया मऊ निवासी अवध राम के मृतक बेटे कुलदीप का 17 अप्रैल को अंतिम संस्कार कर दिया गया। यह कार्य कोतवाली प्रभारी डीके सिंह की ओर से मिले आश्वासन के बाद उन्ही की देखरेख में संपन्न हुआ।

मृतक के पिता अवध राम के अनुसार उनका बेटा कुलदीप 15 वर्षो से अपनी ससुराल बस्तिया गांव रहता था।वह वहीं रहकर मजदूरी का काम किया करता था। मृतक के पिता के अनुसार कुलदीप को किसी चोरी के मामले में सुशांत गोल्फ सिटी थाने की पुलिस पिछले कई दिनों से तलाश कर रही थी। बेटे को। पकड़ पाने असफल पुलिस ने परिजनों को पकड़ कर प्रताड़ित करने का का किया। अवध राम ने बताया कि उनके घर में रखे हुए संदूकों के ताले तोड दिए।उनकी पत्नी , बहू , बेटे और उन्हें पुलिस पकड़ ले गई।सभी को आठ दिनो तक प्रताड़ित किया गया। अवध राम ने बताया कि पुलिस सभी को अठ दिनों तक परेशान करती रही। अवध राम के अनुसार उन्हें एक दरोगा द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई। शिकायत कर्ता की पत्नी अनीता के अनुसार पुलिस की मौजूदगी में पूरे परिवार को काट कर फेंक देने की बात कही गई। जब अनीता से पूछा गया कि काट कर फेंक देने वाली बात किसने कही तो उन्होंने कहा कि वे उसे पहचानतीं नहीं है। मृतक के पिता के अनुसार अब उनका एक बेटा इस दुनिया में नहीं रहा।आगे क्या होगा वे नहीं जानते हैं।इस मामले में अवध राम अपनी और परिवार के लोगों की सुरक्षा के साथ न्याय संगत कार्यवाही के लिए बेटे के शव को रखकर धरना प्रदर्शन शुरू करना चाहते थे लेकिन एस एच ओ की सूझ बूझ के कारण वह स्थिति ही नहीं बनी।

# सिटी गैस नेटवर्क विस्तार पर डीएम सख्त लंबित एनओसी जल्द जारी करने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (एक्क) की जनपद स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में शहर में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) नेटवर्क के विस्तार और उसके सुचारू क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पीएनजी पाइपलाइन विस्तार से जुड़े लंबित गए प्रकरणों पर नाराजगी जताते हुए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाकर जल्द से जल्द गए जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने नगर निगम अधिकारियों से कहा कि डिमांड नोट जारी करने से पहले ही जलकल, विद्युत और बीएसएनएल से गए लेना सुनिश्चित करें, ताकि कार्य में देरी न हो।डीएम ने इंडियन ऑयल और अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में अभी तक घरेलू, व्यावसायिक या औद्योगिक इकाइयों में घ्ग्रक कनेक्शन नहीं पहुंचा है, उन्हें चिन्हित कर वहां अभियान चलाकर कनेक्शन दिए जाएं। साथ ही जो कनेक्शन लग चुके हैं लेकिन अभी चालू नहीं हैं, उन्हें तत्काल सक्रिय किया जाए।उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन घरों या प्रतिष्ठानों में घ्ग्रक के साथ ख़्घ्क कनेक्शन भी हैं, वहां ख़्घ्क कनेक्शन सरेंडर कराने की प्रक्रिया तेज की जाए, ताकि गैस नेटवर्क का अधिकतम उपयोग हो सके।बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी सुनील सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## युवा उद्यमी योजना में ढिलाई पर डीएम सख्त, बैंकों को दी चेतावनी

प्रयागराज। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बैंकों के प्रदर्शन पर कड़ा रुख अपनाया। एनआईसी सभागार में आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान स्वीकृत और वितरित ऋण की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले बैंकों—बैंक ऑफ बड़ौदा, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक और बैंक ऑफ इंडिया की सराहना की। वहीं लक्ष्य पूरा न करने वाले बैंकों—भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक पर नाराजगी जताई। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरुआत से ही सभी बैंक ठोस कार्ययोजना बनाकर काम करें और समय से लक्ष्य पूरा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजना के तहत अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना प्राथमिकता है, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक मणि प्रकाश मिश्र, जीएम जीआईसी शरद टंडन सहित सभी बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

# काम के दबाव में गई जान

❒ बिजली मिस्त्री की मौत पर बवाल, मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा लखनऊ। क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। गृह प्रवेश की तैयारी के दौरान काम कर रहे एक इलेक्ट्रिशियन की मकान के ऊपर से गए हाई एक्सटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक कि दर्दनाक मौत के बाद गुस्साए लोगों ने हरदोई मार्ग जाम कर दिया।

मामले में मकान मालिक पर दबाव बनाकर काम कराने का आरोप लगा है। मृतक की पहचान सुहेल पुत्र जुबेर (निवासी तिलक खेड़ा, थाना संडीला, हरदोई) के रूप में हुई है। जो बालागंज में किराए के मकान में रहकर इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। बताया जा रहा है कि वह शरीक अब्बास ज़ैदी के घर पर गृह प्रवेश कार्यक्रम की तैयारियों में बिजली की झालर लगा रहा था।किसान यूनियन के अनुसार, घटना के दिन सुहेल दोपहर में खाना खाने जा रहा था। तभी मकान मालिक ने उसे रोककर जल्दी काम पूरा करने का दबाव बनाया। आरोप है कि इसी दबाव के चलते हादसा हुआ। जिसमें उसकी जान चली गई। घटना के बाद आक्रोशित होकर भारतीय किसान यूनियन (हिंदुस्तान) के कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने हरदोई मार्ग को जाम कर दिया। प्रदर्शन में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सलमान, राष्ट्रीय महासचिव अजय यादव, प्रदेश प्रभारी सैफ पठान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। सड़क जाम के कारण कई घंटों तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा और प्रशासन को हालात संभालने में मशक्कत करनी पड़ी। किसान यूनियन ने मृतक के परिवार के लिए 50 लाख रुपये मुआवज़े और दोषी मकान मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग रखी है। वहीं, अधिशासी अभियंता अमित कुमार आनंद ने फोन पर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। दूसरी ओर, दुबग्गा पावर हाउस के एसडीओ संदीप वर्मा ने आश्वासन देते हुए करीब 10 लाख रुपये की सहायता की बात कही है। मौके पर पहुंची दुबग्गा पुलिस टीम और पारा इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने समझा-बुझाकर प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। किसान यूनियन के नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई और उचित मुआवज़ा नहीं दिया गया। तो आंदोलन को और बड़े स्तर पर किया जाएगा।फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

#### स्मार्ट मीटर के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा : प्रदीप जैन आदित्य

झांसी । झांसी व ललितपुर में लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसी मुद्दे पर शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ पत्रकार वार्ता कर आंदोलन तेज करने की बात कही।

## हमीरपुर में कक्षा सातवीं की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म, चचेरा भाई गिरफ्तार

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के सुमेरपुर कस्बे के एक मोहाल में नाबालिग लड़की से गैंगरेप करने का मामला आज सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर चचेरे भाई समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है।कस्बा सुमेरपुर निवासी पिता ने आज बताया कि पिछले दिनों बेटी राशन सामग्री लेने कोटेदार के यहां गई थी। शाम राशन सामग्री लेकर वह घर लौट रही थी तभी बीच रास्ते उसके चचेरे भाई फिरोज ने अपने साथी अरविन्द के साथ बेटी को अगवा कर ले गया।


## सार्वजनिक सूचना



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै केतकी रावत पत्नी श्री धर्मेन्द्र कुमार, निवासी शंकर विहार कालोनी, इन्दिरा नगर लखनऊ (उत्तर प्रदेश) का नाम उनके आधार कार्ड में केतकी रावत अंकित है जबकि बैंक खाते में उनका नाम श्रीमती केतकी दर्ज है। मै घोषित करती हूं कि केतकी रावत एवं श्रीमती केतकी एक ही व्यक्ति का नाम है। भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा से बचने के हेतू यह सूचना प्रकाशित की जा रही है।


# ललित कला अकादमी द्वारा नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राज्य ललित कला अकादमी की ओर से नारी शक्ति वंदन विधेयक से प्रेरित ळ्ळला नवाचार अभियानळ्ळ संचालित किया जा रहा है। राज्य ललित कला अकादमी की ओर से शुक्रवार को लाल बारादरी भवन में नारी स्वावलम्बन पर आधारित महिला चित्रकारों को आमंत्रित कर चित्रकला शिविर का आयोजन किया जा रहा है। चित्रकला शिविर का उद्घाटन शुक्रवार को अपर निदेशक, संस्कृति निदेशालय मुख्य अतिथि डॉ. सृष्टि धवन ने दीप प्रज्वलित कर किया।डॉ. सृष्टि धवन ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि नारी सशक्तिकरण केवल नीतियों तक सीमित न रहकर समाज के प्रत्येक स्तर तक प्रभावी रूप में पहुँचे। इसी सोच के अनुरूप यह अभियान महिलाओं की सृजनात्मक क्षमता को मंच प्रदान करते हुए उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सुदृढ़ बनाने का कार्य कर रहा है। इस अभियान के माध्यम से नारी शक्ति वंदन विधेयक के प्रावधानों, उसके महत्व एवं महिलाओं के अधिकारों के प्रति जन-सामान्य में व्यापक जागरूकता फैलाना भी एक प्रमुख उद्देश्य है। इसी क्रम में प्रदेश के विभिन्न स्थलों पर कला-आधारित कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिनमें वाराणसी के नमो घाट एवं प्रयागराज के संगम क्षेत्र में सैंड आर्ट वर्कशॉप तथा लखनऊ एवं अलीगढ़ में पेंटिंग कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। ये सभी आयोजन नारी सशक्तिकरण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के साथ-साथ नारी शक्ति वंदन विधेयक के प्रति जन-जागरूकता को सुदृढ़ करेंगे।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

No.: 277-Mech-CW-CAMCCPVLKO-25 दिनांक: 16.04.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी.एण्डडब्ल्यू. लखनऊ के द्वारा ई टेंडर संख्या 277-Mech-CW-CAMCCPVLKO-25 के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 07.05.2026, 15:00 है जो उसी दिन 15:30 बजे वैबसाइट पर खोले जाएगे। इस टेंडर के अन्तर्गत मैनुअल आफर स्वीकार्य नहीं होंगें। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टेंडरेर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रावधान हो) का भुगतान वह केवल through online payment mode जो की ireps पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रशीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | कम्प्रेहेन्सिव एनुअल मेन्टेनेन्स कान्ट्रैक्ट (सीएएमसी) आफ 06 नम्बर्स डीजल एयर कम्प्रेशर एण्ड 11 नम्बर्स इलेक्ट्रिक एयर कम्प्रेशर एण्ड एनुअल टेस्टिंग एण्ड सर्टिफिकेशन आफ प्रेशर वेशेल (एयर रिजर्वायर टैंक आफ एयर कम्प्रेशर) कैपेसिटी 1000 लीटर्स टू 3000 लीटर्स इन लखनऊ डिवीजन फार थी इयर्स। | | |
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 07.05.2026 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 17.04.2026 |
| प्री बिड येस/नो | नो | प्री बिड कुएरी डेट टाइम | नाट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रु.) | 1,05,46,752.61 (Including GST) | टेण्डरिंग सेक्शन | टेण्डर सी.एण्डडब्ल्यू. |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार ईच शिड्यूल आइटम | बिडिंग यूनिट | %एज अबव/बिलों/एट पार |
| धरोहर राशि (रु.) | 2,10,900.00 | आफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | निशुल्क | कार्य की अवधि | 36 माह |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 23.04.2026 | | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1261/26

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य इंजीनियर, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (**एकल पैकेट प्रणाली**), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक **11.05.2026** को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01-DyCE-GSU-LKO-2026-27 दिनांक 16–04–2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 01-DyCE-GSU-LKO-2026-27 |
| 3 | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के अयोध्या धाम स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 1 व प्लेटफार्म संख्या 2/3 के शेष भाग पर प्लेटफार्म कवर (COP) का प्रावधान। |
| 4 | अनुमानित लागत | रू0 222.23 लाख |
| 5 | धरोहर राशि | रू0 4,44,500/– |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 27.04.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 11.05.2026 11:30 बजे |
| 9 | बेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1272/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा में नकल पर पूरी तरह लगेगा ब्रेक, 18 व 19 अप्रैल को 04 पालियों में होगी परीक्षा

- शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने 53 परीक्षा केंद्रों की तैयारियों की समीक्षा की
- सीसीटीवी कैमरों से लैस रहेंगे परीक्षा केंद्र
- आयोग की अपील-परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचे अभ्यर्थी

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार नकल विहीन एवं पारदर्शी परीक्षा कराने के अपने संकल्प को लेकर प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में 18 और 19 अप्रैल 2026 को चार पालियों में सम्पन्न होने वाली सहायक आचार्य भर्ती की परीक्षा के लिए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज ने अपनी सारी तैयारियां पूरी कर ली है।आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार (पूर्व आईपीएस) ने प्रदेश के 06 प्रमुख जनपद आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर के 53 परीक्षा केंद्रों की तैयारियों की गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पाया गया कि सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त हैं और कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी पूरा कर लिया गया है।परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा कक्षों और महत्वपूर्ण स्थानों को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है, जिन्हें जिला कंट्रोल रूम और आयोग के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा गया है। आयोग स्तर से इनकी कनेक्टिविटी का परीक्षण भी सफलतापूर्वक कर लिया गया है, जिससे हर गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जा सके।

हर जिले में आयोग के एक-एक सदस्य को प्रेक्षक के रूप में तैनात किया गया है, जो मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। इसमें गोरखपुर जिले में डा. कृष्ण चन्द्र वर्मा, प्रयागराज में डा. हरेन्द्र कुमार राय, वाराणसी में विमल कुमार विश्वकर्मा, आगरा में कीर्ति गौतम, मेरठ में प्रो. राधाकृष्ण एवं लखनऊ में योगेन्द्र नाथ सिंह प्रेक्षक नामित किया गया हैं।

साथ ही जिला प्रशासन और पुलिस की टीमें लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगी। केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी और पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।योगी सरकार के निर्देशों के तहत संदिग्ध और असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। नकल कराने या परीक्षा की निष्पक्षता प्रभावित करने वालों के खिलाफ कड़े कानूनी कदम उठाए जाएंगे। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन समेत किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय से परीक्षा केंद्र पहुंचें और प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन करें। साथ ही किसी भी अफवाह से बचते हुए केवल आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.upessc.up.gov.in एवं 'ड्ड' हैण्डल @upesscprayagraj पर सूचनाओं के संबंध में पुष्टि कर लें। आयोग इस परीक्षा को पूरी तरह से पारदर्शी, निष्पक्ष तथा शुचितापूर्ण ढंग से कराने के लिए कृत संकल्पित है।

# अमौसी में नाली का पानी सड़क पर, जिम्मेदार बेखबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ । एक ओर लखनऊ नगर निगम शहर को स्मार्ट और स्वच्छ बनाने के दावे करता है, तो दूसरी ओर सरोजनी नगर प्रथम वार्ड के अमौसी मोहल्ले की मस्जिद वाली गली उन दावों की हकीकत बयां कर रही है। यहां मुख्य मार्ग पर नाली का गंदा पानी और सिल्ट इस कदर जमा है कि सड़क कम, गंदे तालाब का दृश्य अधिक नजर आता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह समस्या आज की नहीं बल्कि वर्षों पुरानी है, लेकिन जिम्मेदारों ने कभी स्थायी समाधान की ओर ध्यान नहीं दिया। हालात ऐसे हैं कि लोगों को इस रास्ते से गुजरते समय हर कदम फूंक-फूंक कर रखना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को झेलनी पड़ रही है। फिसलन और गंदगी के कारण आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मानो आंख मूंदे बैठे हैं। निवासियों का आरोप है कि पार्षद से लेकर नगर निगम तक कई बार शिकायत की गई, मगर हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आती। सफाई व्यवस्था का आलम यह है कि कर्मचारी महीने में कभी-कभार ही इलाके में दिखाई देता है, जिससे समस्या और गंभीर होती जा रही है। अब स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही नालियों की सफाई और जलभराव की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। बड़ा सवाल यह उठता है की आखिर कब तक कागजों में ही चमकता रहेगा शहर? आखिर कब जागेगा प्रशासन?

# विकासनगर में भीषण अग्निकांड: सिविल डिफेंस के वार्डनों ने संभाला मोर्चा, एक घायल

- वार्डनों ने तत्परता दिखाते हुए कई बच्चों और जानवरों को सुरक्षित बाहर निकाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी के थाना विकासनगर क्षेत्र के सेक्टर-12 स्थित झुग्गी-झोपड़ी इलाके में दिनांक 15 अप्रैल 2026 बुधवार को सायं लगभग 4:30 बजे भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) के चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रखंड लोहिया नगर की सहायक उप नियंत्रक रेखा पांडेय, डिविजनल वार्डन सुनील तिवारी, स्टाफ ऑफिसर कमलेश सिंह सहित पूरी टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

वार्डनों ने तत्परता दिखाते हुए कई बच्चों और जानवरों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान प्रभावित लोगों में आक्रोश बढ़ने पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई और पथराव की घटना भी हुई जिसमें पोस्ट संख्या-3 के एक वार्डन का सिर फट गया। घायल वार्डन को तत्काल एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।घटना के समय शहर से बाहर होने के बावजूद चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्रा लगातार घायल वार्डन का हाल लेते रहे और उपचार का पूरा खर्च स्वयं वहन करने की बात कही। मौके पर डिप्टी चीफ वार्डन गुरुप्रीत सेठी, स्टाफ ऑफिसर ऋतुराज रस्तोगी तथा एडीसी मनोज वर्मा ने भी वार्डनों का मनोबल बढ़ाया।जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (नागरिक सुरक्षा) के निर्देश पर राहत कार्यों को सुव्यवस्थित करने हेतु पास के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में अस्थायी कंट्रोल रूम बनाया गया। प्रशासन द्वारा प्रभावित लोगों को पास के मिनी स्टेडियम में एकत्र कर उनके रहने और खाने की व्यवस्था की गई। सिविल डिफेंस टीम लगातार माइक के माध्यम से लोगों से सहयोग की अपील करती रही।अग्निकांड से प्रभावित परिवारों का हाल बेहद मार्मिक रहा कई लोग अपने परिजनों को खोजते नजर आए, तो कुछ का सब कुछ जलकर राख हो गया। एक परिवार में तो बेटे की बारात के बीच ही यह हादसा हो गया, जिससे उनका घर पूरी तरह उजड़ गया।देर रात तक प्रशासन और सिविल डिफेंस के वार्डन राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे रहे। प्रखंड लोहिया नगर के सभी पोस्ट वार्डनों ने अपनी टीम के साथ पूरी निष्ठा से कार्य किया। स्थानीय लोगों ने सिविल डिफेंस के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें देवदूत की संज्ञा दी।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्टाफ ऑफिसर ऋतुराज रस्तोगी ने सभी वार्डनों को हेलमेट उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी रखा जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## चिनहट सीएचसी का औचक निरीक्षण, नई व्यवस्थाओं से सुधरी स्वास्थ्य सेवाएं

लखनऊ। चिनहट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य पवन कुमार अरुण द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हाल ही में नियुक्त अधीक्षक डॉ. चंदन कुमार यादव की कार्यशैली की सराहना की गई।निरीक्षण के दौरान यह देखने को मिला कि अधीक्षक डॉ. चंदन कुमार यादव स्वयं मरीजों का उपचार करते नजर आए। इस पर पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि यदि किसी चिकित्सक के आने में देरी होती है तो मरीजों के हित को ध्यान में रखते हुए वे स्वयं तत्काल इलाज शुरू कर देते हैं, ताकि किसी भी मरीज को असुविधा न हो।बताया गया कि जब से नए अधीक्षक ने चिनहट सीएचसी का कार्यभार संभाला है, तब से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो सके। मरीजों को पहले की तुलना में बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं, जिससे क्षेत्रीय लोगों को काफी राहत मिली है।गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में कई कमियां सामने आई थीं। उसी के बाद व्यवस्थाओं में सुधार लाने के उद्देश्य से नए अधीक्षक की नियुक्ति की गई थी।

## युवक लापता, पुलिस अब तक बेनतीजा

**चिनहट , लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीबीडी थाना क्षेत्र के जुग्गौर गांव निवासी 30 वर्षीय जसवंत कुमार यादव पुत्र स्व राम प्रकाश यादव संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए हैं। घरवाले अपने लाडले की तलाश में नाते-रिश्तेदार से लेकर हर जगह खोजबीन कर चुके हैं, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परेशान परिजनों ने इस मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की और कुछ घंटों तक खोजबीन की, लेकिन तीन दिन बीतने के बावजूद कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका।कहा जा रहा है कि पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए कुछ कदम आगे बढ़ाए और खोजबीन की। पुलिस की टीमें भी गठित की गईं, लेकिन नतीजा अभी तक शून्य रहा है। पुलिस के पास कोई ठोस जानकारी नहीं है और घटनास्थल से कोई भी स्पष्ट संकेत नहीं मिले हैं।बीबीडी पुलिस का कहना है कि उनकी टीमें जसवंत कुमार यादव की तलाश में लगी हुई हैं और उन्हें उम्मीद है कि युवक को जल्द ही सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

## तेज रफ्तार कार से टक्कर, जान से मारने की कोशिश का आरोप

**चिनहट , लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के बीबीडी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जानलेवा हमला, मारपीट और धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में तेज रफ्तार कार से टक्कर, जान से मारने की कोशिश का आरोप कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरेंद्र नगर कमता चिनहट निवासी राहुल यादव ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 11 अप्रैल 2026 की रात करीब 9:30 बजे वह क्राउन मॉल के सामने बीबीडी यूनिवर्सिटी की ओर से पैदल जा रहा था। इसी दौरान आरोप है कि अमित मोहन और उनकी पत्नी शिवांगी तिवारी अपनी कार से अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से गलत दिशा में वाहन चलाते हुए आए और राहुल यादव को टक्कर मार दी। पीड़ित का आरोप है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसे गंभीर चोटें आईं और उसकी जान को खतरा उत्पन्न हो गया। घटना के बाद जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोप है कि आरोपियों ने दोबारा कार से कुचलने का भी प्रयास किया, जिससे वह भयभीत हो गया। राहुल यादव के अनुसार, यह पूरी घटना जानबूझकर और आपराधिक मंशा से की गई, जिससे उसकी जान और सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संबंधित धाराओं मामला दर्ज कर लिया गया है।

## नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**चिनहट ,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के गोमतीनगर थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सतरीख रोड के पास अयोध्या कॉलोनी निवासी अंगीरा देवी ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी को सोनू वाल्मीकि उम्र करीब 25 वर्ष, निवासी पाली कॉलोनी, गोमतीनगर विस्तार, बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। बताया गया है कि आरोपी शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं।शिकायत के मुताबिक, घटना 15 अप्रैल 2026 की शाम करीब 6 बजे की है, जब आरोपी किशोरी को अपने साथ ले गया। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन बेटी का कोई पता नहीं चल सका, जिसके बाद उन्होंने पुलिस से मदद की गुहार लगाई।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने वाला युवक गिरफ्तार, किशोरी सकुशल बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज , लखनऊ । मोहनलालगंज पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने वाले एक शातिर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद करते हुए आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।पुलिस के अनुसार, बीते बुधवार को एक व्यक्ति ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि बीते रविवार की रात वह अपने परिवार के साथ दिव्यांशी ढाबा बंद पड़ा था। रात करीब दो बजे जब उसकी नींद खुली तो उसकी पंद्रह वर्षीय पुत्री गायब थी। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो बीते सोमवार को एक परिचित ने बताया कि उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है।

इस सूचना पर मोहनलालगंज पुलिस न मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरुवार को किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया और उसी दिन शाम को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे शुक्रवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

# तेज रफ्तार स्कूटी की टक्कर से युवक की मौत

- नंबर प्लेट मौके पर गिरने से वाहन की पहचान, आरोपी चालक की तलाश में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ । बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मानपुर लाल गांव के पास ठेलिया से सब्जी लेकर अपने घर लौट रहे युवक को पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कूटी ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक स्कूटी समेत मौके से फरार हो गया।

घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सेवा अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उसे केजीएमयू के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। उपचार के दौरान सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अस्ती गांव निवासी मोहम्मद यामीन (47) के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी अनीस जहां और तीनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर फैल गई और बड़ी संख्या में लोग परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं स्कूटी सवार बिना रुके मौके से भाग निकला। हालांकि भागते समय स्कूटी की नंबर प्लेट घटनास्थल पर ही गिर गई, जिससे वाहन की पहचान होंडा एक्टिवा के रूप में हुई है।सूचना पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक बरामद नंबर प्लेट के आधार पर वाहन स्वामी और चालक की पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## ललित कला अकादमी द्वारा नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ । राज्य ललित कला अकादमी की ओर से नारी शक्ति वंदन विधेयक से प्रेरित कला नवाचार अभियान संचालित किया जा रहा है। राज्य ललित कला अकादमी की ओर से शुक्रवार को लाल बारादरी भवन में नारी स्वावलम्बन पर आधारित महिला चित्रकारों को आमंत्रित कर चित्रकला शिविर का आयोजन किया जा रहा है। चित्रकला शिविर का उद्घाटन शुक्रवार को अपर निदेशक, संस्कृति निदेशालय मुख्य अतिथि डॉ. सृष्टि धवन ने दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ. सृष्टि धवन ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि नारी सशक्तिकरण केवल नीतियों तक सीमित न रहकर समाज के प्रत्येक स्तर तक प्रभावी रूप में पहुँचे। इसी सोच के अनुरूप यह अभियान महिलाओं की सृजनात्मक क्षमता को मंच प्रदान करते हुए उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सुदृढ़ बनाने का कार्य कर रहा है। इस अभियान के माध्यम से नारी शक्ति वंदन विधेयक के प्रावधानों, उसके महत्व एवं महिलाओं के अधिकारों के प्रति जन-सामान्य में व्यापक जागरूकता फैलाना भी एक प्रमुख उद्देश्य है। इसी क्रम में प्रदेश के विभिन्न स्थलों पर कला-आधारित कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

## भीषण गर्मी से नौनिहाल बेहाल,परिषदीय विद्यालय समय परिवर्तन की मांग तेज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पिछले कुछ दिनों से हो रही भीषण गर्मी के कारण जहां आम जनमानस परेशान है वही सरकारी स्कूलों के बच्चों के हाल बेहाल हो रहे हैं। पारा 40 डिग्री के पार जा चुका है जोकि आगे और बढ़ेगा।जिसको देखते हुए विद्यालय समय 7:30 से 12:30 बजे तक करने की मांग तेज हो गई है।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में बढ़ते तापमान से बच्चे काफी बेहाल है । गांव में गेहूं का कटान चल रहा है जिससे अक्सर लाइट में भी कटौती की जा रही है। दोपहर में लाइट जाने पर कमरों में बैठना काफी कष्टकारी महसूस होता है जिससे उनके स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।कुछ बच्चे काफी दूर से स्कूल आते है और छुट्टी के समय घर वापस लौटते समय तेज धूप में बच्चे बीमार पड़ रहे हैं जिससे विद्यालयों की उपस्थिति पर भी गहरा असर पड़ रहा है।उन्होंने शासन से मांग की है कि नौनिहाल बच्चों के स्वास्थ्य की दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियो, भयंकर लूँ व गर्मी में बचाव के पर्याप्त संसाधनो के आभाव को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों का समय प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक करने का कष्ट करें।आपको बता दे कि बेसिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के सभी विद्यालयों में वर्ष 2015 तक ग्रीष्म कालीन में विद्यालय संचालन समय प्रातः 07 बजे से दोपहर 12 बजे तक हुआ करता था। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार ( ट्ठ्ठ ) एक्ट में स्पष्ट उल्लिखित है कि परिषदीय विद्यालयों का संचालन समय गर्मियों में 5 घंटे रहेगा।

# बीकेटी में सड़क निर्माण का विधायक योगेश शुक्ला ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब , लखनऊ। बख्शी का तालाब नगर पंचायत क्षेत्र में चंद्रिका देवी रोड से बीकेटी तहसील लिंक मार्ग तक बन रही करीब एक किलोमीटर लंबी सड़क का निरीक्षण क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला ने किया। इस सड़क के निर्माण के लिए लगभग 30-30 लाख रुपये के दो टेंडर स्वीकृत किए गए हैं, जिसकी कुल लागत करीब 60 लाख रुपये बताई जा रही है।

विधायक योगेश शुक्ला ने निरीक्षण के दौरान मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की प्रगति का विस्तार से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्य की वर्तमान स्थिति, समयसीमा और तकनीकी मानकों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और इसे निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही पूरा किया जाए।विधायक ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर और टिकाऊ सड़क सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए और हर चरण की निगरानी गंभीरता से की जाए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा होना चाहिए, ताकि आमजन को जल्द से जल्द बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके। इसके लिए अधिकारियों को नियमित रूप से साइट का निरीक्षण करने और प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए।स्थानीय स्तर पर सड़क निर्माण को लेकर लोगों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विधायक ने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका तत्काल समाधान कराया जाए, जिससे निर्माण कार्य प्रभावित न हो।विधायक के निरीक्षण के बाद अब निर्माण कार्य में गति आने और निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, करोड़ों की सरकारी भूमि अतिक्रमण से मुक्त

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र के ग्राम औरंगाबाद जागीर में प्रशासनिक टीम ने संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए अवैध कब्जों को हटाया।इस कार्रवाई का संचालन अपर नगर आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव एवं उपजिलाधिकारी सरोजनी नगर श्री अंकित शुक्ला के निर्देशन में किया गया। मौके पर प्रभारी अधिकारी संपत्ति श्री रामेश्वर प्रसाद एवं तहसीलदार नगर निगम लखनऊ श्री अरविन्द पाण्डेय द्वारा उपलब्ध कराई गई टीम ने व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।ग्राम औरंगाबाद जागीर में खसरा संख्या 803 (0.556 हे0, रास्ता), 805 (0.278 हे0, रास्ता), 843 (0.607 हे0, रास्ता), 1145 (0.063 हे0, बंजर) एवं 1146 (0.240 हे0, रास्ता) के रूप में दर्ज शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से रेडीमेड बाउंड्रीवॉल बनाकर, प्लॉटिंग कर तथा दुकान एवं टीनशेड डालकर कब्जा कर लिया गया था।

# आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन व किट वितरण

- विधायक योगेश शुक्ला ने कहा— तकनीकी सशक्तिकरण से सेवाएं होंगी और प्रभावी व पारदर्शी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । विकासखंड बख्शी का तालाब के सभागार में शुक्रवार को आंगनबाड़ी सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नव-नियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

वहीं कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन एवं आवश्यक किट प्रदान कर उन्हें तकनीकी रूप से मजबूत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक योगेश शुक्ला ने नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए नवचयनित सहायिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराना एक सकारात्मक पहल है, जिससे उनके कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी। स्मार्टफोन के माध्यम से योजनाओं की निगरानी और लाभार्थियों तक सेवाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा।कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित की गई किट में दैनिक कार्यों में उपयोगी सामग्री शामिल रही, जिससे जमीनी स्तर पर सेवाएं और अधिक प्रभावी बन सकेंगी।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामेन्द्र सिंह 'मोनू', क्षेत्रीय संयोजक मनु सिंह मनीषा, मंडल अध्यक्ष संदीप यादव, खंड विकास अधिकारी बीकेटी पूजा पाण्डेय सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं की सहभागिता रही।

# सिंगाही में जाली नोटों का जाल: महिला दुकानदार को चूना लगाकर युवक फरार, पुलिस ने शुरू की तलाश

❒ नशे और जाली नोटों के गठजोड़ से इलाके में दहशत, दो 500-500 के नकली नोट बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सिंगाही खीरी। कस्बा सिंगाही और आसपास के ग्रामीण इलाकों में जाली नोट खपाने वाले गिरोह की सक्रियता ने व्यापारियों और आम जनता की नींद उड़ा दी है। ताज़ा मामला ग्राम सिंघौना का है, जहाँ एक जालसाज ने किराना और मीट की दुकान चलाने वाले दंपति को 500-500 रुपये के दो नकली नोट थमा दिए। मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित नोट लेकर पेट्रोल पंप पहुँचा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश तेज कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिंघौना निवासी सबीना पत्नी कुतुबुद्दीन चौराहे पर अपना छोटा सा खोखा चलाती हैं, जहाँ वह किराना सामान बेचती हैं, जबकि उनके पति वहीं बगल में मुर्गे का मांस बेचने का काम करते हैं। सबीना ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि करीब चार-पांच दिन पहले गाँव का ही निवासी चुन्ना कहार का बड़ा बेटा उनकी दुकान पर आया था। उसने 500-500 के दो नोट देकर तेल और मीट खरीदा और चलता बना।

दंपति को नोटों पर कोई शक नहीं हुआ, लेकिन शुक्रवार को जब कुतुबुद्दीन उन नोटों को लेकर पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने पहुँचा, तो वहाँ के कर्मचारियों ने नोट देखते ही उन्हें जाली करार दे दिया। नोट नकली होने की खबर सुनते ही दंपति के होश उड़ गए। पीड़ित महिला ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए मामले की सूचना पुलिस को दी और दोनों जाली नोट पुलिस के हवाले कर दिए।

**सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, पुलिस की दबिश**

घटना के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें जाली नोटों को लेकर चर्चा की जा रही है। मामला संज्ञान में आते ही प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने तत्काल टीम गठित कर आरोपी के घर दबिश दी। हालांकि, पुलिस के पहुँचने से पहले ही आरोपी और उसका पूरा परिवार घर छोड़कर फरार हो गया।

**नशे और अपराध का बढ़ता गठजोड़**

स्थानीय सूत्रों की मानें तो क्षेत्र में जाली नोटों के साथ-साथ स्मैक और अन्य नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार भी फल-फूल रहा है। हाल के दिनों में इस नेटवर्क से जुड़े कुछ अपराधियों की अन्य जनपदों में गिरफ्तारियाँ भी हुई थीं, लेकिन सिंगाही क्षेत्र में इस गिरोह की जड़ें अब भी गहरी नजर आ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि नशे के सौदागर ही इन जाली नोटों को बाजार में खपाने के लिए युवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं।

**पुलिस का पक्ष**

प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया:?''मामले को पूरी गंभीरता से लिया जा रहा है। जाली नोटों को कब्जे में ले लिया गया है और संदिग्धों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर इस पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाएगा कि ये नोट कहाँ छापे जा रहे हैं या कहाँ से लाए जा रहे हैं।'' पुलिस ने सभी दुकानदारों और ग्रामीणों को अपील की है कि वे बड़े नोट लेते समय सावधानी बरतें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# सकरन ब्लॉक में मनरेगा कार्यों में फर्जी हाजिरी का खेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ बिना काम के ऑनलाइन उपस्थिति दिखाकर धन के दुरुपयोग के आरोप

सीतापुर। केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' किए जाने और योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ाने के प्रयासों के बावजूद, जमीनी स्तर पर अनियमितताओं के मामले सामने आ रहे हैं। विकासखंड सकरन में बिना कार्य कराए ही मजदूरों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लग रहा है।

स्थानीय स्तर पर की गई पड़ताल में सामने आया कि जिन तिथियों में मजदूरों की ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज की गई, उन दिनों कई स्थानों पर धरातल पर कोई कार्य होता दिखाई नहीं दिया। इससे योजना के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## केस-1: पखनियापुर ग्राम पंचायत

1 अप्रैल 2026 को अन्नपूर्णा दुकान निर्माण कार्य में 12 मजदूर (3 महिलाएं) ऑनलाइन दर्शाए गए, वहीं ओपन जिम निर्माण में 7 मजदूर (1 महिला) दिखाए गए। 2 और 3 अप्रैल को भी अन्नपूर्णा भवन निर्माण में क्रमशः 6 और 7 मजदूर दर्ज किए गए। 7 अप्रैल को 6 मजदूरों की उपस्थिति दिखाई गई। इसके अलावा 12, 13 और 14 अप्रैल को चकबंद निर्माण कार्य में क्रमशः 16, 13 और 14 मजदूरों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिनमें महिलाओं की संख्या भी अधिक दर्शाई गई।हालांकि, कई मजदूरों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें केवल फोटो खिंचवाने के लिए बुलाया गया, जबकि वास्तविक कार्य नहीं हुआ।

## केस-2: महाराज नगर

ओपन जिम निर्माण कार्य में 4 और 5 अप्रैल को 7-7 मजदूरों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज की गई, जबकि एक मजदूर के अनुसार, कार्य एक सप्ताह से बंद था और केवल फोटो लेकर उपस्थिति दर्शाई गई।

## केस-3: मजलिसपुर

नाला खुदाई एवं सफाई कार्य में 12 अप्रैल को 8 मजदूर (4 महिलाएं) और 13 अप्रैल को 4 मजदूर (2 महिलाएं) दिखाए गए। मजदूरों का दावा है कि उन्हें केवल उपस्थिति के लिए बुलाया गया, वास्तविक कार्य नहीं कराया गया। इसी प्रकार दौदापुर ग्राम पंचायत में भी एक ही दिन में दो कार्यों पर तीन दर्जन से अधिक मजदूरों की ऑनलाइन उपस्थिति दिखाने का मामला सामने आया है, जबकि मौके पर कार्य नहीं मिला। पड़ताल में सामने आया कि संबंधित ग्राम पंचायतों में तैनात सचिव अजीत यादव पर भी सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, वे पंचायत कार्यों के साथ-साथ ठेकेदारी में भी संलिप्त बताए जा रहे हैं, जिससे निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम रोजगार सेवक (पंचायत मित्र) की भूमिका इसमें अहम होती है, जो मौके पर मजदूरों की फोटो लेकर उन्हें ऑनलाइन उपस्थित दिखा देते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी–एपीओ, टीए और अन्य–मौके पर जांच नहीं करते? यदि जांच होती है, तो बिना कार्य के उपस्थिति कैसे दर्ज हो रही है? इस पूरे मामले ने योजनाओं की पारदर्शिता और सरकारी धन के उपयोग पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि संबंधित अधिकारी इन आरोपों की जांच कर क्या कार्रवाई करते हैं।

# शाहजहांपुर में इननेट वाइब स्टूडियो का शुभारंभ फिटनेस और कला को मिलेगा नया मंच

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। शहर में फिटनेस, नृत्य, संगीत और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केरूगंज स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने इननेट वाइब स्टूडियो का शुभारंभ किया गया। यह स्टूडियो इस विचार पर आधारित है कि रचनात्मकता, लय और क्षमता प्रत्येक व्यक्ति के भीतर जन्मजात रूप से मौजूद होती है, जिसे सही वातावरण देकर जागृत किया जा सकता है।स्टूडियो की संस्थापक मुग्धा श्रीवास्तव ने बताया कि इननेट वाइब स्टूडियो केवल एक फिटनेस या डांस सेंटर नहीं, बल्कि हर उम्र और वर्ग के लोगों के लिए एक रचनात्मक आश्रय स्थल है। यहां लोग शारीरिक, मानसिक और रचनात्मक रूप से सक्रिय होकर स्वयं को अभिव्यक्त कर सकेंगे। स्टूडियो में व्यक्तिगत फिटनेस कार्यक्रम, जुम्बा सत्र, तबाता सत्र, डाइट चार्ट तथा अन्य फिटनेस गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसके अलावा बॉलीवुड कोरियोग्राफी, अर्ध-शास्त्रीय नृत्य, बच्चों की विशेष डांस क्लासेस और शादी समारोहों के लिए कोरियोग्राफी भी उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा संगीत प्रेमियों के लिए तबला, हारमोनियम और गायन की कक्षाओं की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही बच्चों की रचनात्मक कार्यशालाएं, अतिथि सत्र, ऑनलाइन फिटनेस व कोरियोग्राफी सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। मुग्धा श्रीवास्तव ने कहा कि उन्होंने यह स्टूडियो इसलिए शुरू किया क्योंकि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग स्वयं से दूर होते जा रहे हैं। इननेट वाइब स्टूडियो लोगों को फिर से अपनी रचनात्मकता, आत्मविश्वास और ऊर्ज़ा से जोड़ने का प्रयास करेगा। कहा कि जो प्रतिभाशाली, कोरियोग्राफर, कलाकार या प्रशिक्षक अपनी प्रतिभा साझा करना चाहते हैं। उनका स्टूडियो में स्वागत है।बता दें कि मुग्धा श्रीवास्तव प्रमाणित जुम्बा प्रशिक्षक हैं और उन्हें बॉलीवुड की प्रसिद्ध कोरियोग्राफर स्वर्गीय सरोज खान द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें कोरियोग्राफी क्षेत्र में लगभग 10 वर्षों का अनुभव है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की लोकतांत्रिक यात्रा में ऐतिहासिक निर्णय

शाहजहांपुर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव और भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इस दौरान बताया गया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की लम्बी लोकतांत्रिक यात्रा में ऐतिहासिक निर्णय है। इस ऐतिहासिक निर्णय ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की। प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सपने को सच कर दिखाया है। भाजपा सरकार ने नारी तू नारायणी के संकल्प के साथ 2014 से ही महिला सशक्तीकरण पर कई प्रयास किए। समाज में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान की चिन्ता की, शौचालय बनाए और उन्हें इज्जत घर का नाम दिया। महिला की कठिनाईओं को समझकर उनके हितों का ध्यान रखते हुए घर-घर जल, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत में महिलाओं के नाम पर घर, तीन तलाक से मुक्ति के कानून में मुस्लिम समाज की महिलाओं में विश्वास बढ़ाने का कार्य किया। चूल्हा फूंकती महिलाओं के लिए उज्ज्वला योजना लाकर फ्री गैस कनेक्शन दिए।

# सपा जिलाध्यक्ष ने कोतवाल की एसपी से की शिकायत, ट्रांसफर की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**



शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने एसपी सौरभ दीक्षित को शिकायती पत्र देकर थाना कोतवाली अश्वनी कुमार सिंह का स्थानांतरण करने की मांग की है।दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया कि कोतवाली थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। थाना कोतवाली क्षेत्र में स्मैक, जुआ सहित अन्य अनैतिक कार्य हो रहे हैं। जिनसे थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार धन उगाही कराते हैं। कहा गया कि मंडी क्षेत्र में जिन दुकानदारों के नगर पालिका परिषद में पूर्व से अलाटमेंट थे। 16 अप्रैल को थानाध्यक्ष ने उन दुकानदारों में भय व्याप्त कराते हुए नगर आयुक्त की सहमति से और दुकानदारों की मौजूदगी में लोगों पर नाजायज दबाव बनाया। सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व महानगर अध्यक्ष शादाब खान और अन्य लोगों के घरों में घुसकर परिवार की महिलाओं और बच्चों के साथ गाली-गलौज की गई। यही नहीं, 07 लोगों का नियम विरूद्ध 151 में चालान किया गया। इससे मंडी के दुकानदारों में भय व्याप्त है। डर की वजह से वो अपनी दुकाने नहीं खोल पा रहे हैं। जिससे उनके परिवार में रोजी-रोटी का समस्या आ रही है। कहा कि कोतवाली थानाध्यक्ष अपने विभाग के पुलिस कर्मियों से गाली-गलौज करते हैं और उन्हें जान से मारने की धमकी देते हैं। जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। मांग की गई कि दुकानदारों का उत्पीड़न रोका जाए और थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह की जांच कराकर उनका स्थानांतरण किया जाए। अन्यथा पार्टी धरना देने पर विवश होगी। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, संजीव वर्मा, जिवेन्द्र बाजपेई, सत्येंद्र यादव, विकास चंद्रा एडवोकेट, सरताज खान, पार्थ यादव एडवोकेट, सिद्दीक खान, लल्ला सिंह यादव, संतोष पाल, नदीम अहमद एडवोकेट, सचिन दीक्षित, आकाश यादव, प्रसून कनौजिया, राजपाल कठेरिया एडवोकेट, इशरत एडवोकेट, निहाल एडवोकेट, अमित जाटव एडवोकेट, अशोक सिंह एडवोकेट, गुफरान, शादाब, राकेश विश्वकर्मा, सलीम, जफर खान, आरिफ खान, फैजान खान, अमन गुर्जर, सपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम में बालिकाओं का हुआ सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**




सीतापुर। मिशन शक्ति (5.0) के अंतर्गत दूसरे चरण का कार्यक्रम लखनऊ पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी), आलोक सिंह ने किया। महिला उप निरीक्षक अर्चना शुक्ला ने कार्यक्रम में मौजूद बालिकाओं को मिशन शक्ति का उद्देश्य उसका लक्ष्य आदि के बारे में विस्तार से बताया।

महिला थानाध्यक्ष मधु यादव ने बालिकाओं के मिशन शक्ति से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया।कार्यक्रम में श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल की बालिकाओं गोलू गुप्ता को राष्ट्रीय स्तर पर कविता लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर, चांदनी को बैडमिंटन खेल में राज्य स्तर पर स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्राप्त करने पर, आदर्शनी को बैडमिंटन खेल में राज्य स्तर पर रजत पदक एवं बैडमिंटन की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन होने पर तथा कलपी को खो खो प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर लखनऊ मंडल की टीम में शामिल होकर रजत पदक जीतने पर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी), आलोक सिंह ने किया। इस अवसर पर श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल के शारीरिक शिक्षक/क्रीड़ा प्रभारी, डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी, महिला आरक्षी अनन्या पाठक एवं पुलिस स्टाफ तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं स्टाफ मौजूद रहा।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से सशक्त होंगी महिलाएं, राजनीति में बढ़ेगी भागीदारी

❒ लखीमपुर खीरी में महिला कल्याण विभाग द्वारा अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखीमपुर-खीरी। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए, जनपद के महिला कल्याण विभाग द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए विशेष अभिमुखीकरण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शासन के दिशा-निर्देशों एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश कुमार भार्गव के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इन कार्यक्रमों का मुख्य केंद्र चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय और वन स्टॉप सेंटर रहे।?निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं का बढ़ेगा कद?चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम की अध्यक्षता हब फॉर वूमेन एम्पावरमेंट की जिला मिशन समन्वयक आर्य मित्रा विष्ट ने की। कार्यक्रम के दौरान 'मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 (चरण-2)' और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' की बारीकियों पर विस्तार से चर्चा की गई।?अधिकारियों ने बताया कि इस अधिनियम का मूल उद्देश्य:?राजनीतिक भागीदारी: देश की विधायी संस्थाओं में महिलाओं की उपस्थिति को सुनिश्चित करना।?निर्णायक भूमिका: नीतियों के निर्धारण और निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं को सशक्त बनाना।?लैंगिक समानता: समाज में स्त्री-पुरुष के बीच के अंतर को समाप्त कर समान अवसर प्रदान करना।?''नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं को नेतृत्वकारी भूमिका में लाने का एक क्रांतिकारी मार्ग है। इससे जमीनी स्तर पर लैंगिक समानता को मजबूती मिलेगी।''– आर्य मित्रा विष्ट, जिला मिशन समन्वयक?विभिन्न विभागों की रही सक्रिय सहभागिता?कार्यक्रम का सफल आयोजन महिला कल्याण विभाग की विभिन्न इकाइयों के समन्वय से किया गया। इसी क्रम में एक अन्य कार्यक्रम वन स्टॉप सेंटर, लखीमपुर में भी आयोजित हुआ। इन आयोजनों में मुख्य रूप से निम्नलिखित टीमों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और विचार साझा किए:?हब फॉर वूमेन एम्पावरमेंट,?जिला बाल संरक्षण इकाई,?वन स्टॉप सेंटर,?चाइल्ड हेल्पलाइन टीम,?राजकीय विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी,?जागरूकता पर जोर?वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सामाजिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। मिशन शक्ति 5.0 के तहत ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया जा रहा है, ताकि वे देश के राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य को बदलने में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें।

## राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी मुस्कान सिंह को ब्लैक बेल्ट, डीएम ने किया सम्मानित

**सीतापुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।**




जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर0 द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में कु0 मुस्कान सिंह राष्ट्रीय ताइक्वाण्डों खिलाड़ी को ब्लैक बेल्ट की उपाधि मिलने पर एवं राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगितो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रमाण पत्र एवं ब्लैक बेल्ट देकर सम्मानित किया एवं अगामी प्रतियोगिता हेतु स्वर्ण पदक लाने हेतु प्रेरित किया। कु0 मुस्कान सिंह को इस उपलब्धि पर क्रीड़ाधिकारी संजीव कुमार सिंह ताइक्वाण्डों प्रशिक्षक सुरेन्द्र शुभकामनाएं दी। 65 वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स 2019 राजस्थान–प्रतिभाग, 66 वीं माध्यमिक प्रदेशीय स्तरीय प्रतियोगिता सितम्बर 2022 आगरा–स्वर्ण पदक 66 राष्ट्रीय स्कूल गेम्स 2022 के लिये चयनित, उ0प्र0 राज्य स्तरीय ताइक्वाण्डों प्रतियोगिता कानपुर 2024–स्वर्ण पदक, 69वीं माध्यमिक प्रदेशीय विद्यालयी ताइक्वाण्डों प्रतियोगिता–2025 मिर्ज़ापुर रजत पदक तथा 7वीं ओपेन राष्ट्रीय ताइक्वाण्डों प्रतियोगिता 2025 लखनऊ–उ0प्र0 कास्य पदक हासिल किया।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में नारी शक्ति पैदल मार्च आयोजित



**सीतापुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की दूरदर्शी सोच के तहत नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को कानून का स्वरूप मिलने पर नारी शक्तियों में विशेष प्रसन्नता एवं संतोष देखा जा रहा है। देशभर में मातृशक्ति द्वारा इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए केंद्र सरकार एवं भाजपा के प्रति आभार व्यक्त किया जा रहा है।इसी क्रम में सीतापुर में लालबाग से आंख अस्पताल होते हुए डॉ. अंबेडकर पार्क तक नारी शक्ति द्वारा एक भव्य पैदल मार्च निकाला गया। इस मार्च में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। यह पैदल मार्च नारी सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों की प्राप्ति के प्रतीक के रूप में आयोजित किया गया।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस अधिनियम को लागू कर वास्तव में देश की नारी शक्ति को सशक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि आज विश्व देख रहा है कि भारत में महिला–पुरुष समानता को सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, जिनके परिणाम सकारात्मक एवं दूरगामी होंगे।कार्यक्रम में क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारी शक्ति की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करना नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, पटेल रेखा वर्मा, जया सिंह, कंचन प्रभा पांड्ेय, लक्ष्मी पांड्ेय, शालिनी लोधी, सीमा कुमारी, पूजा यादव, रूबी यादव सहित बड़ी संख्या में नारी शक्ति उपस्थित रही।

## डॉ. अतुल कुमार मिश्रा बने इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो के चीफ

**सीतापुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** केसरिया हिंदू वाहिनी परिवार के संस्थापक डॉ अतुल कुमार मिश्रा को देश की प्रसाशनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार से लड़ रही संस्था क्राइम इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो का नेशनल चीफ बनाया गया है । क्राइम इन्वेस्टिगेशन के प्रमुख अगस्त्य मुनि पाण्डेय जी एवं सचिव अजय मिश्रा ने जी मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि डॉ अतुल कुमार मिश्रा देश के तीस राज्यों के अतिरिक्त विदेशों में भी अपनी कार्य कुशलता के लिए जाने जाते है । डॉ अतुल कुमार मिश्रा जी वृक्षारोपण, रोटीबैंक, गरीब बच्चों की शिक्षा एवं संस्कार के लिए गुरुकुल निर्माण, गौवंश की सेवा, मत मंदिरों को सरकारी करण से मुक्ति ,गरीब महिलाओं को घर बैठे रोजगार जैसी कई अच्छी चीजों को समाज के सामने रख रहे है ।ऐसे में क्राइम इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो डॉ अतुल मिश्रा जी को अपना नेशनल चीफ ब्यूरो (सोशल वर्क) बनाने में अपने को गौरवान्वित महसूस करता है । ये संस्था समाज में फैली कुरीतियों और भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए जानी जाती है,जिसके संरक्षक पूर्व आईपीएस अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के रिटायर्ड डीजीपी डॉ सूर्य कुमार शुक्ला जी है । इसके अतिरिक्त पूरे देश में कई अच्छे आईपीएस ,जज ,संवैधानिक पदों पर नियुक्ति अधिकारी ब्यूरोक्रेट्स भी इस संस्था के पदाधिकारी है । केसरिया हिंदू वाहिनी के संस्थापक डॉ अतुल कुमार मिश्रा जी ने बताया कि मैं अपनी इस नियुक्ति के लिए पूरी क्राइम इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो की टीम का धन्यवाद देता हूं और मैं कोशिश करूंगा कि ये संस्था अपने उद्देश्यों के लिए जरूर सफल हो ।आगामी 10 मई को लखनऊ के सहकारिता भवन में डॉ अतुल कुमार मिश्रा जी का एक परिचय कार्यक्रम के तहत जोरदार स्वागत किया जायेगा , जिसमें देश और विदेश के बहुत ही अच्छे गणमन्य संभ्रांत व्यक्तियों और अधिकारियों के आने की संभावना है । डॉ अतुल कुमार मिश्रा जी की इस नियुक्ति पर केसरिया हिंदू वाहिनी परिवार और अन्य चाहने वालों में खुशी की लहर है । बधाई देने वालों में शिवसेना के प्रदेश अध्यक्ष अभय द्विवेदी जी तथा लोकजनशक्ति पार्टी (राम विलास)की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती पाण्डेय जी तथा लखनऊ की कई जानी मानी समाजसेवी संस्थाएं भी शामिल है ।

# हाईवे पर ई–रिक्शा का संचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाए: डीएम

❒ बैठक में डीएम ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने तथा यातायात को सुगम बनाने पर बल दिया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा, परिवहन सुरक्षा एवं विद्यालय सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने तथा यातायात को सुगम बनाने पर बल दिया। निर्देश दिए कि हाईवे पर ई-रिक्शा का संचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाए।

सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या को कम करने के लिए दो पहिया वाहनों पर हेलमेट एवं चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट न लगाने वाले चालकों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित किया कि 10 से अधिक चालान वाले वाहनों की सूची तैयार कर उन्हें ब्लैक लिस्ट/ सीज किए जाने की कार्यवाही करें। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि नेशनल हाइवे-30 पर बनाए गए अवैध कटों को तत्काल बंद कराया जाए तथा नेशनल हाइवे-730ब पर चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थानों पर रंबल स्ट्रिप, थर्मोप्लास्टिक पेंट तथा साइन बोर्ड लगवाए जाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एसपी देहात दीक्षा भंवरे, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## रेलवे पटरी किनारे अज्ञात शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

बिसवां, सीतापुर। कोतवाली बिसवां क्षेत्र के ग्राम सरैया माफी में रेलवे पटरी के निकट अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। यह स्थान रॉयल भट्ठे के उत्तर दिशा में स्थित है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राम राघव सिंह ने बताया कि शव लगभग दो-तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। आसपास के लोगों के अनुसार मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों की जानकारी हो सकेगी। फिलहाल पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दलित समाज की बेटी की शादी में मददगार बने डॉक्टर कौशल वर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोला,गोकर्णनाथ,लखीमपुर। गोला विधानसभा के ग्राम लक्ष्मण जती निवासी दलित समाज के मुन्ना लाल गौतम की बेटी ज्योति की शादी की मदद के लिए गोला स्थित सनशाइन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर के संचालक, दानवीर एवं भाजपा नेता डॉक्टर कौशल वर्मा एक बार फिर आगे आए हैं।

ज्योति की शादी काजर कोरी के रामकिशोर के पुत्र आशीष के साथ हुई है। डॉक्टर कौशल वर्मा टीम के साथ पहुंचकर गरीब परिवार की बिटिया की शादी में दान दहेज के लिए एक फ्रिज,विभिन्न प्रकार के 51 बर्तन व नगदी लेकर पहुंचे,तो परिवारजनों एवं तमाम मेहमानों ने खुशी जाहिर की और डॉक्टर के इस कदम की सराहना की है। डॉक्टर का कहना है कि लक्ष्मण जती की उस भावुक शाम में जब एक बेटी अपने नए जीवन की दहलीज़ पर खड़ी थी, तब सहयोग और संवेदनाओं के साथ उस परिवार के साथ रहने का सौभाग्य मिला। जिससे बेटी के नए जीवन की शुरुआत को संबल दिया गया।बेटी का विवाह सिर्फ एक रस्म नहीं,यह विश्वास, सम्मान और संस्कारों का उत्सव होता है।जब समाज साथ खड़ा हो जाए।तो हर बेटी का भविष्य और भी उज्ज्वल हो जाता है। उन्होंने कहा कि मानव की सेवा ही धर्म है। इस मौके पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनुज प्रताप सिंह, इंजीनियर अभिषेक वर्मा,कवि मुनेंद्र प्रताप वर्मा,लाला राम वर्मा,हरीश पांडे आदि मौजूद रहे।

# अंबेडकर के सिद्धांतों पर आगे बढ़ रहा आत्मनिर्भर भारत: रजनीकांत माहेश्वरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ उन्होंने आगे कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार बाबा साहब के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है

बदायूँ। संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान-2026 के अंतर्गत जनपद की विभिन्न विधानसभाओं में आयोजित विधानसभा की संगोष्ठी कार्यक्रम में बिल्सी विधानसभा का त्रिपाठी बारात घर बिल्सी में पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष/एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, अनसूचित मोर्चा क्षेत्रीय संयोजक बुद्धपाल सिंह तथा सहसवान में माहेश्वरी होस्टल में उत्तर प्रदेश डायरेक्टर कोऑपरेटिव बैंक भूपेंद्र सिंह, पूर्व दर्जा मंत्री राममूर्ति लाल साथ ही शेखूपुर विधानसभा का ग्राम ऊनौला में उत्तर प्रदेश डायरेक्टर कोऑपरेटिव बैंक भूपेंद्र सिंह, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, पूर्व दर्जा मंत्री राममूर्ति लाल ने संगोष्ठी को संबोधित किया।

पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष/एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी ने कहा डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों के सबसे बड़े संरक्षक थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और उन्हें जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने आगे कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार बाबा साहब के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। गरीब, वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी सम्मान और अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा ल्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासङ्क की भावना ही बाबा साहब के विचारों का सच्चा सम्मान है और इसी दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जिस समतामूलक समाज की कल्पना की थी, उसे साकार करने की दिशा में आज भाजपा सरकार दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सामाजिक न्याय को नई दिशा दी है, जहाँ हर वर्ग को समान अवसर और सम्मान मिल रहा है। उन्होंने कहा केंद्र सरकार की योजनाओं ने गरीबों, दलितों और वंचितों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाया है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सुशासन, सुरक्षा और विकास का एक नया युग स्थापित हुआ है, जो बाबा साहब के आदर्शों के अनुरूप है। डायरेक्टर कोऑपरेटिव बैंक, उत्तर प्रदेश भूपेंद्र सिंह ने कहा बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान आज भारत की शक्ति का सबसे बड़ा आधार है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार संविधान की मूल भावना, समानता, न्याय और अधिकार को सशक्त करने का कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार भी गरीबों, दलितों, पिछड़ों और वंचितों के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाया जा रहा है। पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने कहा डॉ. अंबेडकर का संविधान हमें केवल अधिकार ही नहीं देता, बल्कि हमारे कर्तव्यों का भी बोध कराता है। उन्होंने कहा आज आवश्यकता है, कि हम सभी संविधान की मर्यादाओं का पालन करते हुए समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने बाबा साहब के विचारों को नीतियों में शामिल करते हुए अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया है। ल्लसबका साथ, सबका विकासङ्क का मंत्र वास्तव में बाबा साहब के सिद्धांतों का ही विस्तार है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में योगी सरकार द्वारा संचालित योजनाएं चाहे वह आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य या स्वरोजगार से जुड़ी हों समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। अनसूचित मोर्चा क्षेत्रीय संयोजक बुद्धपाल सिंह ने कहा डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक भेदभाव के खिलाफ जो लड़ाई लड़ी, वह आज भी हमें प्रेरित करती है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार बाबा साहब के सिद्धांतों को नीति और नीयत दोनों में लागू कर रही है। आगे कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिला है और सभी वर्गों को समान अवसर देने का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा इस अभियान के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें और बाबा साहब के विचारों को समाज में बताएं।

पूर्व दर्जा मंत्री राममूर्ति लाल ने कहा डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक परिवर्तन की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा भाजपा की डबल इंजन की सरकार बाबा साहब के आदर्शों पर चलते हुए समाज के हर वर्ग को साथ लेकर विकास कर रही है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था, विकास और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं, जिससे हर वर्ग को सुरक्षा और सम्मान मिला है। उन्होंने अंत में कहा कि हमें बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलते हुए एक समरस और सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर जिला महामंत्री जोगेंद्र सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष अनुज माहेश्वरी,, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चौधरी, जिला उपाध्यक्ष उदयवीर दिवाकर, भगवान सिंह मौर्य, जिला मंत्री अजय तोमर, जिलाध्यक्ष धीरज पटेल, मंडल अध्यक्ष आदित्य महेश्वरी, चैयरमैन बिल्सी ज्ञानदेवी सागर, राहुल देव शाक्य, अनुराग दीक्षित, मुनेंद्र शाक्य, ओमप्रकाश सागर, अर्चित सिंह, शेखर सक्सेना, तेजस्वी सागर, दुष्यंत सिंह, सुधीर सोमानी, सत्यपाल, अवदेश, विवेक राठी, दीपक चौहान, टीटू जैन, कपिल मालपानी, बॉबी कोली, आकाश वाल्मीकि, राहुल कुमार बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

## रॉकेट लर्निंग की समीक्षा बैठक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

जौनपुर । यूपी के जौनपुर में रॉकेट लर्निंग टीम द्वारा जनपद में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन शुक्रवार को विकास भवन सभागार में किया गया। जिसमें बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे।बैठक के दौरान जनपद में संचालित रॉकेट लर्निंग कार्यक्रम की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसमें प्रशिक्षण गतिविधियों, अभिभावक-आंगनवाड़ी बैठक (घ्झ्ख्र) की स्थिति तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं (AWW) के प्रदर्शन का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका उत्साहवर्धन हुआ।कार्यक्रम में जमीनी स्तर से प्राप्त फीडबैक और अनुभवों को भी साझा किया गया। इसमें यह बात सामने आई कि रॉकेट लर्निंग के प्रयासों से आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों की सीखने की गुणवत्ता और उनकी सहभागिता में सकारात्मक सुधार हुआ है। बैठक में सभी एक्टिवेशन मानकों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।

## पुलिस मुठभेड़ में तीन गिरफ्तार, दो बदमाश घायल, तमंचा-कारतूस बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। बीती रात थाना तिलहर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 03 बदमाशों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने तमंचा-कारतूस बरामद किया। मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हुए हैं। जिनको पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

एसपी देहात ने बताया कि बीती रात थाना तिलहर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने की फिराक में निगोही की ओर से तिलहर की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने बख्तियारपुर गौटिया मोड़ के पास चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान एक मोटर साइकिल पर तीन सवार आते हुए दिखे, पुलिस ने मोटरसाइकिल सवारों को रोकने का प्रयास किया, तो उन्होंने मोटरसाइकिल की स्पीड बढ़ा दी और भागने लगे। इससे उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसके बाद मोटर साइकिल सवारों ने जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की और घेराबंदी कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने 02 तमंचे और कुछ कारतूस बरामद किए। एसपी देहात ने बताया कि पुलिस कार्रवाई में दो बदमाश घायल हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ककरा खुर्द निवासी मुन्ना पुत्र बच्चू, थाना खुदागंज क्षेत्र के गांव भाऊपुर का फत्ते पुत्र राजपाल और जनपद पीलीभीत के थाना बिलसंडा क्षेत्र के शाहगंज का रहने वाला वाहिद खां पुत्र छोटे खां हैं। जिन पर शाहजहांपुर समेत आसपास के जनपदों में 02 दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं। बताया कि मुठभेड़ में घायल वाहिद खां और फत्ते को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## एल्पिस ग्लोबल स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों का हुआ अलंकरण, विद्यालय परिसर में गूंजा उत्साह और गर्व



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की नई मिसाल कायम करते हुए एल्पिस ग्लोबल स्कूल बिसवां ने इस वर्ष भी शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर इतिहास रच दिया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय में एक भव्य अलंकरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसने पूरे कार्यक्रम को विशेष बना दिया।समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया। आस्था (97.6%), शौर्य वर्मा (97%), कृष्णा सिंह (96.4%), अभिनव पटेल (96.4%), अविका गुप्ता (96.2%), रुश्दा फुरकान (96.2%) सहित अनेक छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन के श्री मुदित सिंघल एवं श्री उमंग राजवंशी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनके संबोधन ने समारोह को भावुक और प्रेरणादायक बना दिया।विद्यालय की प्राचार्या दीपा चंद्रा ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है।इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट व्यवस्था की सराहना की। पूरे समारोह के दौरान विद्यालय परिसर में खुशी, गर्व और उत्साह का माहौल बना रहा।एल्पिस ग्लोबल स्कूल का यह परिणाम और भव्य सम्मान समारोह एक बार फिर यह संदेश देता है कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और परिश्रम से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नारी शक्ति वंदन अभियान को लेकर बैठक का आयोजन

**सम्भल, बहजोई, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी कार्यालय पर जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में नारी शक्ति वंदन अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण जन जागरण एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम का जमीनी स्तर पर व्यापक समर्थन को लेकर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने इसके उद्देश्य के विषय में बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य महिलाओं में अधिकारों के प्रति जागरुकता बढाना तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में जन आंदोलन तैयार करना। समाज के सभी वर्गों की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना तथा महिला नेतृत्व एवं निर्णय क्षमता को सशक्त करना। जिलाधिकारी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को राजनीति में उचित स्थान दिलाने और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदार बनाने वाला एक महत्वपूर्ण कानून है। बैठक के अन्तर्गत विभिन्न विभागों द्वारा इस अभियान के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यों के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी तथा नारी शक्ति पदयात्रा तथा नुक्कड़ नाटक, आदि पर चर्चा की गयी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा तथा डिप्टी कलक्टर वंदना मिश्रा, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, डीपीओ महेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 30 जून तक करें मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग योजना में आवेदन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा सचांलित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत रू0-10.00 लाख तक के ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने के इच्छुक शिक्षित बेरोजगार/अनुभवी/प्रशिक्षित एवं परम्परागत कारीगर (जिनकी आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच हो) उद्यमियों के चयन हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लक्ष्य शासन से प्राप्त हुये हैं। जिसमें योजना में कुल लागत का सामान्य वर्ग को 10 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग व महिला वर्ग को 5 प्रतिशत स्वयं का अंशदान लगाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि इस योजना में टर्मलोन पर सामान्य जाति (पुरूष) को 4 प्रतिशत एवं आरक्षित वर्ग (अनु जाति,अ0 ज0जा0, अल्पसंख्यक, महिला, पूर्व सैनिक, शारीरिक विक्लॉग) व महिला कोई भी जाति वर्ग की हो, को ब्याज मुक्त ऋण सफल उद्योग संचालन पर बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा।उन्होंने कहा कि इच्छुक आवेदक अपना ऋण आवेदन पत्र बेवसाइट ूणचाअपइएहवअणपद पर जाकर मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में ऑनलाइन आवेदन 30 जून 2026 तक किया जा सकता हैं। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदन के साथ समस्त संलग्नों सहित हार्ड कापी स्वः हस्ताक्षरित कर सात दिनों कार्य दिवसों के अंदर जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, मो0-शहबाजपुर, पुरानी चुगीं, बरेली रोड, बदायूँ में जमा करना अनिवार्य है।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील दातागंज में होगा संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार दिनांक 18 अप्रैल 2026 को जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में तहसील दातागंज में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे व आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

## रेडिको खेतान लिमिटेड, यूनिट सीतापुर ने मनाया अग्निशमन सेवा दिवस

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। रेडिको खेतान लिमिटेड ने एक** जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्लांट हेड अंशु श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान पास के स्कूल श्री माथुर प्रसाद आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, गाँवऽकंदुनि, जनपद सीतापुर में अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में श्री विवेक वर्मा एवं श्री विशाल शर्मा द्वारा अग्नि सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय, अग्निशमन यंत्रों के उपयोग तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित निकासी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस पहल का उद्देश्य समाज में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं आपदा के समय सही प्रतिक्रिया के लिए लोगों को तैयार करना था।

## विभिन्न विधानसभाओं में पर्यटन विकास की योजना संचालित 334 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ इन परियोजनाओं को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए यूपीएसटीडीसी को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है

बदायूँ। बरेली मण्डल के अंतर्गत जनपद बदायूं के लिए पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पर्यटन विकास की 06 परियोजनाओं के लिए स्वीकृत धनराशि 2236.19 लाख रूपये के सापेक्ष 334 लाख रूपये जारी किया गया है।

इन परियोजनाओं को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए यूपीएसटीडीसी को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सहसवान में पौराणिक तीर्थ स्थल सहस्त्रबाहू के पर्यटन विकास के लिए 45 लाख रूपये, बदायूं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित तपोसिद्ध बाबा की गढ़ी स्थित प्राचीन मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 45 लाख रूपये, दातागंज विधानसभा क्षेत्र में स्थित बाबा देवासदास मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 53 लाख रूपये, इसी प्रकार शेखूपुर ग्राम पंचायत लभारी विकासखण्ड कदर चौक में स्थित श्रीराम चन्द्र विराजमान मंदिर के लिए 86 लाख रूपये, बिसौली विधानसभा के अंतर्गत प्राचीन मंदिर बहादुर सिंह हनुमान बाबा आश्रम के पर्यटन विकास के लिए 80 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है।पर्यटन मंत्री ने बताया कि बदायूं सदर विधानसभा के नगर पंचायत कछला में स्थित गंगानदी के दोनों तटों पर दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए घाटों पर पार्किंग, साइनेज आदि के लिए 25 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इस परियोजना के लिए सीएनडीएस को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सांस्कृतिक उत्थान के लिए प्रदेश के लगभग सभी जनपदों में स्थित प्राचीन धार्मिक स्थलों पर बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कटिबद्ध है। श्री जयवीर सिंह ने बताया कि आस्था के साथ विकास को धरातल पर उतारने के लिए पूर्व से ही विभिन्न परियोजनाएं संचालित की जा रही है। इसी क्रम में धार्मिक एवं प्राचीन स्थलों के पर्यटन विकास के लिए वर्ष 2025-26 में नवीन परियोजनाएं स्वीकृत किये हैं। साथ ही आवश्यकतानुसार धनराशि भी जारी कर दी है।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक की दर्दनाक मौत, बिजली लाइन ठीक करते समय हुआ हादसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। धिमरपुरा में शुक्रवार को 32 वर्षीय अरविंद की 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन से मौत हो गई। वह बिजली लाइन ठीक कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वजीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धिमरपुरा में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी अरविंद (32) पुत्र रछपाल यादव बिजली लाइन ठीक करने का कार्य कर रहा था। बताया जा रहा है कि वह किसी तकनीकी खराबी को दुरुस्त करने के लिए लाइन पर चढ़ा था, तभी अचानक लाइन में करंट दौड़ गया और वह उसकी चपेट में आ गया। तेज करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा इतना भयावह था कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कराने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।सूचना मिलने पर थाना वजीरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि बिना पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम और लाइन बंद कराए इस तरह काम कराना बेहद खतरनाक है।घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। अरविंद अपने परिवार का मुख्य कमाऊ सदस्य था, उसकी असमय मौत से परिजनों के सामने आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

## नारी समाज और राष्ट्र निर्माण की सशक्त धुरी : प्रो पूनम टंडन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अयोध्या । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जन जागरण हेतु डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में शुक्रवार को हस्ताक्षर अभियान का उद्घाटन गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.पूनम टंडन,अवध विश्वविद्यालय की छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो नीलम पाठक, राष्ट्रीय कला मंच में राष्ट्रीय प्रमुख अंकित शुक्ल ने किया।गोरखपुर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की सशक्त धुरी है। माँ के रूप में वह संस्कार देती है, बहन के रूप में प्रेरणा देती है, बेटी के रूप में आशा जगाती है और एक कर्मयोगिनी के रूप में हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहराती है। आज की नारी शिक्षा विज्ञान राजनीति सेना खेल प्रशासन और व्यापार हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है यह बदलते भारत की तस्वीर है जहाँ नारी अब सीमाओं में नहीं बल्कि संभावनाओं के आकाश में उड़ान भर रही हैं।छात्र कल्याण अधिष्ठता प्रो. नीलम पाठक ने कहा कि आज की नारी शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, सेना, खेल, प्रशासन और व्यापार-हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है। यह बदलते भारत की तस्वीर है, जहाँ नारी अब सीमाओं में नहीं, बल्कि संभावनाओं के आकाश में उड़ान भर रही है। राष्ट्रीय कलामंच अखिल भारतीय प्रमुख अंकित शुक्ला ने कहा कि आज हम सभी यहाँ नारी शक्ति वंदन के पावन अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि उस शक्ति साहस और समर्पण को नमन करने का अवसर है जिसने सदियों से समाज और राष्ट्र को दिशा दी है।वहीं, इसी क्रम में साकेत महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जागरण हस्ताक्षर अभियान का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी, विभाग प्रमुख डॉ नागेन्द्र सिंह इकाई अध्यक्ष नीलम गोस्वामी, जिला संगठन मंत्री उदय मिश्र ने किया। प्रो. दानपति तिवारी ने कहा कि संकल्प लेना होगा कि हम हर बेटी को शिक्षा देंगे, हर महिला को सम्मान देंगे और नारी शक्ति को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देंगे। लेकिन सच्चा नारी वंदन केवल शब्दों से नहीं बल्कि सम्मान समान अवसर और सुरक्षा देने से होगा। जब समाज की सोच बदलेगी तभी सशक्त भारत का सपना साकार होगा।इसमें प्रमुख रूप से विभाग संगठन मंत्री अंकित भारतीय, प्रान्त सहमंत्री शिवम मिश्र, प्रांत कार्यसमिति सदस्य उत्कर्ष पांडेय, विभाग संयोजक शशांक विद्यार्थी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज में साइबर सेफ्टी पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, हेल्पलाइन 1930 की दी जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी के बहुउद्देशीय सभागार में शुक्रवार को ल्लसाइबर सेफ्टी एवं साइबर क्राइम अवेयरनेसङ्क विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. वाणी गुप्ता ने की।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता साइबर सेल के एसओ हेमंत रॉय व उनकी पुलिस टीम ने डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की अपील की।

उन्होंने डिजिटल अरेस्ट, ई-मर्डर और साइबर फ्रॉड जैसे मामलों की जानकारी देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में तुरंत रिपोर्ट करना बेहद जरूरी है। उन्होंने साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।प्राचार्य प्रो. डॉ. वाणी गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जिसका प्रभाव आम जनमानस के व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता है।कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य, नॉन-पीजी, जूनियर रेजिडेंट (ख्ट), सीनियर रेजिडेंट (ट्टट) एवं एमबीबीएस प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गेहूं खरीद में ढिलाई पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह का सख्त एक्शन, केंद्र प्रभारियों की लगाई क्लास, जमकर फटकारा



**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जनपद में गेहूं खरीद की सुस्त रफ्तार पर प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने शुक्रवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर पहुंचकर खाद्य विभाग, पीसीएफ, पीसीयू व यूपीएसएस के क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से कम खरीद को लेकर एडीएम का पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर ही केंद्र प्रभारियों और जिला प्रबंधक को जमकर फटकार लगाई और दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि केंद्र पर आने वाले किसी भी किसान को खाली हाथ वापस न किया जाए।एडीएम ने स्पष्ट कहा कि हर हाल में किसानों का गेहूं तौला जाए, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। यदि शिकायत मिली तो सीधे कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों पर पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं की भी हकीकत परखी।एडीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि किसानों को उनकी उपज का पूरा मूल्य मिले, इसमें किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीद प्रक्रिया को तेज करें और पारदर्शिता सुनिश्चित करें।

## आयकर विभाग में सुपरिटेंडेंट पद पर चयनित हुए मुरादाबाद के श्रेष्ठ चौधरी

**मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मुरादाबाद के सिविल लाइंस में प्रकाश एंक्लेव निवासी छात्र श्रेष्ठ चौधरी ने एसएससी सीजीएल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आयकर विभाग में सुपरिटेंडेंट पद पर चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है।उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में ऑल इंडिया 6500 रैंक हासिल की। श्रेष्ठ चौधरी के पिता विपिंद्र कुमार और माता ज्योति सिंह बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं और वर्तमान में कम्पोजिट विद्यालय मनकुआ मकसूदपुर, डिलारी में सेवाएं दे रहे हैं। श्रेष्ठ ने प्रारम्भिक शिक्षा डीपीएस मुरादाबाद से प्राप्त की और नोएडा से बीटेक किया।

टिकट के दावेदारों के लिए अखिलेश का एक्शन प्लान,जातिगत समीकरण पर खास फोकस

# मिशन 2027: सपा की रणनीति, जमीनी सक्रियता होगी टिकट का पैमाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । समाजवादी पार्टी ने 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अभी से रणनीति बनानी शुरू कर दी है।पार्टी ने इस बार टिकट के दावेदारों के लिए साफ संदेश दिया है कि केवल बैनर-पोस्टर से का म नहीं चलेगा,बल्कि जमीनी सक्रियता टिकट का पैमाना होगी।पूर्वी यूपी में मुस्लिम और यादव वोट बैंक के साथ ही सपा ने अन्य पिछड़ा व दलित वो टों पर भी निगाहें टिका दी हैं। जातिगत जनगणना के नतीजों को देखते हुए जाति-आधारित टिकट वितरण की योजना भी बनाई जा रही है।सपा सुप्री मो अखिलेश यादव ने पार्टी कैडर को चेतावनी दी है कि 2027 को लड़ई बेहद कठिन होने वाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की रणनीति का मुकाब ला करने के लिए माइको लेवल पर काम करना होगा और विरोधियों की चालों को सतर्कता से का टना होगा।सपा ने तय किया है कि विधानसभा टि कट उन्हीं को मिलेगा जी लगातार सक्रिय रहें। 20 24 के लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव का पी डीए फार्मूला बड़ा हिट रहा।टिकट वितरण से लेक र चुनावी प्रचार तक, सपा ने इस समीकरण परपूरी ताकत झोंकी।नतीजा यह हुआ कि सपा 37 सीटों तक पहुंच गयी,जो पार्टी के लिए बड़ी राजनी तिक छलांग थी।हालांकि, सूबे में हुए उपचुनाव में पह फार्मूला पूरी तरह कामयाब नहीं हो पाया और पार्टी को सिर्फ दो सीटों से ही संतोष करना पड़ा। विश्लेषकों का मानना है कि लोकसभा चुनाव में विपक्षी एकजुटता और पीडीए समीकरण ने काम किया,लेकिन उपचुनाव में भाजपा का लोकल लेव ल मैनेजमेंट भारी पड़ा।अगले विधानसभा चुनाव में अभी एक साल का समय है, लेकिन टिकट का चाह रखने वाले नेता अभी से मैदान में उत्तर गए हैं और खुद को सबसे मजबूत दावेदार बताने में जुटे हैं।वर्ष 2022 में सपा ने टिकट का ऐलान ऐन वक्त पर किया था,लेकिन इस बार पार्टी की रणनीति अ लग है।आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर टि कट समय से पहले तय किए जाएंगे,जिससे प्रत्या शियों को प्रचार का पूरा वक्त मिलेगा और कार्यक र्ता ऊहापोह से बच सकें गे।वहीं राजनीतिक विश्ले षकों का मानना है कि अगर सपा समय पर उम्मी दवार तय कर लेती है और पीडीए बोट बैंक को ल गातार सक्रिय रखती है, तो 2027 में पूर्वी यूपी ही नहीं, पूरे प्रदेश में उसका प्रदर्शन बेहतर हो सकता है।

### जातिगत गणित पर पैनी नजर

केंद्र सरकार के जातिगत जनगणना कराने के फै सले के बाद सपा अपने टिकट वितरण में इसका सीधा इस्तेमाल करने की तैयारी कर रही है।पार्टी सूत्रों के मुताबिक, 2027 में उम्मीदवार तय करते वक्त उनकी जाति की जनसंख्या और स्थानीय प्र भाव का विशेष ध्यान रखा जाएगा।पूर्वी उत्तर प्रदे श में मुस्लिम यादव वोट बैंक को एकजुट करने के साथ-साथ सपा अब दलित और अन्य पिछड़ा वो टों में भी रॉथ लगाने की कोशिश में है।यही वजह है कि पार्टी के कार्यक्रमों में इन वर्गों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही ब्राह्मण वोटर पर भी समाजवादी पार्टी की नजर है।

### जातीय समीकरण व विपक्षी एकजुटता देगी बीजेपी को टक्कर

राजनीतिक दृष्टि से देखे तो 2027 समाजवादी पार्टी के लिए चुनौती और अवसर दोनों लेकर आएगा।चुनौती इसलिए कि भाजपा की संगठना त्मक पकड़ और चुनावी मशीनरी बेहद मजबूत है। उपचुनाव में सपा को यही मात मिली।इसके अला वा स्थानीय स्तर पर भाजपा के माइक्रो मैनेजमेंट को तोड़ना,जातिगत ध्रुवीकरण से बचना, बहुसंख्य क वोटों में सेंध लगाना और कांग्रेस गठबंधन में सी ट बंटवारे को लेकर असंतोष से बचना समाजवादी पार्टी के सामने मुख्य बाधाएं हैअवसर इसलिए कि लोकसभा में पीडीए फार्मूले से मिली सफलता ने यह साबित कर दिया है कि यदि जातीय समीकर ण और विपक्षी एकजुटता बनी रही,तो भाजपा को कड़ी टक्कर दी जा सकती है।

### गोंडा की सातों सीटों पर दावेदारों की भीड़

जिले की सदर विधानसभा सीट के साथ ही करनै लगंज,कटरा बाजार,तरबगंज, मेहनौन, मनकापुर सुरक्षित व गौरा विधानसभा सीटों पर टिकट के दावेदारों की लम्बी फ़ेहरिस्त है।हालांकि,सपा सुप्री मो ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि क्षेत्र में जमी नी सक्रियता ही टिकट दिलाएगी।इसमें कोई सि फारिश काम नहीं आएगी।इसके अलावा जातीय समीकरण का भी खास ख्याल रखा जाएगा।जिले के उन लोगों की कुंडली तैयार की जा रही है जो लगातार क्षेत्र में जमीनी स्तर पर सक्रिय रहे हैं।

## मिशन शक्ति कार्यशाला में छात्राओं को आत्मरक्षा व साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। राजकीय महाविद्यालय लखैया कला में शुक्रवार को मिशन शक्ति फ़ेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत आत्मरक्षा एवं साइबर सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला पुलिस थाना प्रभारी अपर्णा वर्मा मौजूद रहीं, जिनका महाविद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अपर्णा वर्मा ने छात्राओं एवं उपस्थित महिलाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न उपायों के साथ-साथ साइबर सुरक्षा से जुड़े अहम पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर महिलाएं शासन-प्रशासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों पर शिकायत दर्ज कर सकती हैं और सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त होना जरूरी है। इसके लिए जागरूकता बढ़ाने के साथ समाज की अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करना आवश्यक है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं के अलावा क्षेत्र की अन्य महिलाएं भी उपस्थित रहीं। इस दौरान पुलिस विभाग के अन्य अधिकारियों ने भी महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।

## जयपुरिया स्कूल नानपारा का शानदार परिणाम, कक्षा 10 में शत-प्रतिशत सफलता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, नानपारा ने इस वर्ष सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर एक नई उपलब्धि दर्ज की है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के सफल होने से न केवल संस्थान में उत्साह का माहौल है, बल्कि पूरे क्षेत्र में भी इसे सराहा जा रहा है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन में विद्यालय की छात्रा वंशिका कुशवाहा ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं नैतिक शर्मा ने 93 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि अभिनव श्रीवास्तव ने 90.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर तीसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अनुशासन, मेहनत और लगन के बल पर शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए। बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह परिणाम विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था, शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन और अनुकूल वातावरण का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बेपटरी हुई मनरेगा योजना तेंदुवा मोहनी,भोरहा में चल रहा फर्जी मस्टर रोल का खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले के मुजेहना ब्लॉक में जिम्मेदारों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल का खेल जारी है। सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि फ़ेस रिडिग की फोटो अलग-अलग दिन और भिन्न-भिन्न कार्यों पर अपलोड की जा रही है।धर्मेंई ग्राम पंचायत के लोगो के नाम न छपने की शर्त पर बताया की यहाँ पर दो महीने प हले इस तालाब पर कार्य हुआ था तब से यहां को ई कर नहीं हो रहा है,रोजगार सेवक सिर्फ फ़ेस से

फोटो लेते और फिर चले जाते है यहाँ के रोजगार सेवक मनरेगा में हो रहे फर्जीवाड़ा के मास्टरमाइंड बताए जाते हैं,यही नहीं मुजेहना ब्लॉक की ग्राम पं चायतो में इतना बड़ा खेला होने के बाद भी जिम्मे दार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं और प्रधान व अन्य जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी मनरेगा यो जना का भट्ठा बैठाने में लगे हुए हैं।केंद्र व प्रदेश स रकार मनरेगा योजना में पारदर्शिता के लिए तमाम कायदे-कानून बना रखी है,जिससे श्रमिकों को गां व में ही काम मिल सके,परन्तु जिले के मुजेहना विकास खंड की ग्राम पंचायत तेंदुआ,मोहनी,सि सई भीखमपुर,भोराहा व छजवां के जिम्मेदार इस योजना में तमाम तरह के हथकंडे अपनाकर शास नादेश की धज्जियां उड़ाने से नहीं चूक रहे हैं।इन ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों में चल रहे मस्टररो ल में धरातल पर एक भी मज दूर कार्य करते नहीं दिखाई दिए है,इतना ही नहीं,हद तो यह है कि फ़ेस रिडिंग से बार-बार कई मस्टर रोल में अपलोड कि या गया है।फर्जी मस्टर रोल के जरिए न सिर्फ सर कारी धन को चूना लगाया जा रहा है,बल्कि सरका र की मंशा पर पा नी फ़ेरने का भी काम किया जा रहा है।वहीं ग्रामीणों की मानें तो गांव में कराए जा रहे कार्यों पर कुछ मनरेगा मजदूर ही कार्य करते हैं बाकी मजदूर कागजों में दिखाई देते हैं।ग्रामीणों के अनुसार, प्र धान द्वारा अपने स्वार्थ के लिए सैकड़ों की संख्या में मनरेगा योजना की लिस्ट में अपने चहेतों का नाम पहले से ही डलवा दिया गया है और उनके नाम पर भुगतान भी होता रहा है। ग्रा मीणों का क हना है कि अगर जिले के सम्बन्धित उच्चाधिकारी मनरेगा योजना के कार्यों का औचक निरीक्षण करें तो जमीनी सच्चाई खुद-ब-खुद साम ने आ जाएगी। यही नहीं सूत्रों के द्वारा के बताया जा रहा है कि तेंदुआ मोहनी ग्राम पंचायत के जि म्मेदार अधिकारी इन मामलों को संज्ञान में लेकर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें तो सरकार के क रोड़ों रुपए गबन होने से बच जाएं गे और शायद ही मुजेहना ब्लॉक सीबीआई जांच की जद में आने से बच जाएगा ईमानदारी पूर्वक जांच हुई तो तमा म जिम्मेदारों की गर्दनें फंस सक ती हैं,वही वीडियो मुजेहना से वार्ता के पश्चात कहा गया कि जांच क राई जा रही है।दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कार्र वाई सुनिश्चित की जाएगी।मुजेहना ब्लॉक में व्या प्त यह भ्रष्टाचार न केवल शासन की योजनाओं को पंगु बना रहा है,बल्कि केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के संसदीय क्षेत्र को बदनाम कर रहे हैं,वही ब्लॉक पर बैठे जिम्मेदार अधिकारी भी ग्रामीण विकास की नींव को भी खोखला कर रहे है।वही ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को कहना है कि ज़रूरत है एक नि ष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच की,ताकि तेंदुआ मोह नी ग्राम पंचायत का मास्टरमाइंड प्रधानव रोजगार सेवक फर्जीवाड़ा करने में माहिर को सज़ा मिले और ग्रामीण जनता को उनका हक मिल सके।

**ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत तेंदुआ मोहनी, भोरहा सिसई भीखमपुर,और छजवां में मची है लूट**

## रास्ते के विवाद के विवाद में दिनदहाड़े युवक की हसिए से हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र में रास्ते के विवाद को लेकर शुक्रवार को एक युवक की धार दार हथियार से हत्या कर दी गई। घटना में आरोपी भी घायल हो गया।पुलिस के अनुसार कटरा बाजा र थाना क्षेत्र के बमडेरा गांव में अन्नू और उसके प ड़ोसी रामश्रृंगार के बीच रास्ते के विवाद को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही थी।शुक्रवार को मामू ली कहासुनी के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए।इसी दौरान विवाद बढ़ने पर रामश्रृंगार ने आवे श में आकर पीपल के पेड़ के नीचे बैठे अन्नू (40) के गले पर हंसिये से कई वार कर दिए।गंभीर चोट लगने से अन्नू की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

### इससे पहले भी हो चुका था विवाद

परिजनों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पहले से ही तनाव चल रहा था।राम सिंगार के सेफ्टी टैंक का पानी अन्नू के घर की ओर बहता था,जिसका वह विरोध करते थे। इसको लेकर कई बार विवाद और झगड़ा भी हो चुका था।हालांकि बाद में पानी रोकने के बाद मामला शांत हो गया था,लेकिन म नमुटाव बना रहा।यह मामला थाने तक नहीं पहुंचा था।बताया जाता है कि स्थानीय लोगों ने मामले में पंचायत कर सुलह करा दिया था।अन्नू चौबे की ह त्या के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।प त्नी शिवकुमारी बार-बार बेसुध हो जा रही थी,चांद नी,खुशबू,रवि व अंकित चौबे बिलख रहे थे।घटना की सूचना के बाद आसपास कई गांवों के लोग मौ के पर पहुंच गए।वही पुलिस के अनुसार झड़प के दौरान आरोपी रामश्रृंगार भी घायल हो गया।

## केंद्रीय विद्यालय में छात्राओं का जलवा हाईस्कूल रिजल्ट में टॉप थ्री पर कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता


TASMIYA HANEEF AAYAT SHAHID VAISHNAVI VERMA

नानपारा, बहराइच। एसएसबी 59वीं बटालियन परिसर स्थित केंद्रीय विद्यालय का सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। इस वर्ष के परिणाम में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप थ्री स्थानों पर अपना कब्जा जमाया। विद्यालय की तस्मियां हनीफ और वैष्णवी वर्मा ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आयात शाहिद ने 96 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान हासिल किया। परिणाम की खास बात यह रही कि विद्यालय का कुल परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें 32 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। इनमें से 25 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल रहा। अभिभावकों, प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आगे भी इसी तरह बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### फुटपाथ के अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर



गोंडा । जिले के फुटपाथों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए शुक्रवार को सभी नगर पालिका व नगर पंचायतों में अतिक्रमण पर प्रशासन का बुल डोजर चला।इस दौरान विरोध और नोकझोंक के बीच गोंडा बहराइच रोड पर अतिक्रमण को हटाए गए।ईओ नगर पालिका गोंडा, सीओ ट्रैफिक सीओ के नगर व नगर कोतवाल के साथ नगर पालिका परिषद के कर्मचारी बुलडोजर लेकर बहराइच रोड पर पहुंचे।गुरु नानक चौराहे से लेकर बहराइच रोड आनंद समोसा तक अभियान चलाया गया।सड़क के किनारे बने नाला का सीमांकन किया गया था। अभियान की खबर पाकर अधिकांश अतिक्रमण करने वाले पहले ही सतर्क हो गए थे।टीम के पहुंचते ही अधिकांश व्यापारी स्वयं अतिक्रमण हटाने में लग गए। कुछ व्यापारी टीम के पहुंचने के बाद भी टिन शेड खोलने में जुटे थे।सड़क के किनारे ब ने भट्ठी तोड़ने के लिए नपा कर्मियों को बुलडोजर मशीन का प्रयोग करना पड़ा।कई स्थानों पर नाली पर लगी व्यापारियों के दुकानों की सीढ़ियों के ह टाने के दौरान कई व्यापारियों से नोकझोंक भी हुई इसके अलावा विद्युत पोल पर लगा होर्डिग पोस्टर भी हटवाया गया।अभियान हटाने गई जेसीबी ने कई दुकानों के टीनशेड भी तोड़ दिए। यातायात प्रभारी जगदंबा गुप्ता सहित दर्जनों पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### होमगार्ड भर्ती परीक्षा केन्द्रों के लिए नामित किये गये स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को प्रति दिन 02 पालियों में आयोजित होने वाली उ.प्र. होगार्डस के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। प्रथम पाली अन्तर्गत पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 03:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक लिखित परीक्षा सम्पन्न होगी। आर्य कन्या इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. महसी व एसडीएम नानपारा, आजाद इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. तजवापुर व एसडीएम एसडीएम मिहींपुरवा(मोतीपुर), राजकीय बालिका इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. जरवल व एसडीएम न्यायिक नानपारा, जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर के लिए बी.डी.ओ. कैसरगंज व एसडीएम महसी, सरस्वती इण्टर कालेज रिसिया के लिए बी.डी.ओ. रिसिया व नगर मजिस्ट्रेट, महाराज सिंह इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. चित्तौरा व एसडीएम न्यायिक तहसील सदर, चौधरी सियाराम इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. फखरपुर व एसडीएम कैसरगंज, तारा इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. विषेष्वरगंज व एसडीएम कैसरगंज तथा वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज के लिए बी.डी.ओ. पयागपुर व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर को क्रमशः स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

### 23 अप्रैल को ई-लाटरी के माध्यम से 06 आबकारी दुकानों का होगा व्यवस्थापन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि जनपद बहराइच में वर्ष 2026-27 हेतु फुटकर आबकारी दुकानों के ई-नवीनीकरण/ई-लाटरी के तृतीय चरण के पश्चात अवशेष तथा नवसृजित देशी शराब की 02, एवं भॉग की 04 कुल 06 दुकानों के व्यवस्थापन हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 23 अप्रैल 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में अर्ह आवेदनों का ई-लाटरी के माध्यम से चयन किया जायेगा।

## कम्पोजिट विद्यालय के बच्चों ने निकाली नामांकन जागरूकता रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता




तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत खानापुर चपरा स्थित कम्पोजिट विद्यालय में नवीन शैक्षिक सत्र में नामांकन एवं शिक्षा जागरूकता हेतु विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ0 जया त्रिपाठी ने हरी झण्डी दिखा कर रैली का शुभारम्भ किया।गीत एवं नारों के साथ रैली में प्रतिभाग कर रहे बच्चों ने खानापुर चपरा ग्राम सभा में पथ संचलन किया।प्रधानाध्यापिका डॉ0 जया त्रिपाठी ने बताया कि माननीय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर भव्य रैली निकाली गई जिसमे बच्चों एवं शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर सहभागिता की। कम्पोजिट विद्यालय खानापुर की प्रधानाध्यापिका डॉ0 त्रिपाठी ने बताया कि रैली के माध्यम से नवीन प्रवेश हेतु बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक किया गया साथ ही अध्ययन रत बच्चों को नित्य विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही सरकार द्वारा बच्चों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं से भी अवगत कराया गया। रैली में विद्यालय के बच्चों के साथ ही शिक्षकगण मौजूद रहे।

### बकरा चोरी के आरोपी युवक को धरदबोचा

शुकुल बाजार अमेठी । थाना बाजार शुकुल क्षेत्र के गांव मकदूमपुर से बीते दिनों बकरा चोरी के मामले में पुलिस ने वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से चोरी के बकरे की बिक्री का तीन हजार दो सौ सत्तर रुपया बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बाजार शुकुल पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चोरी के मामले में वांछित अतीक पुत्र गफ्फार निवासी लालगंज मजरे मकदूमपुर कला थाना बाजार शुकुल जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से तीन हजार दो सौ सत्तर रुपये बरामद हुये।

# बजरंग दल-विहिप ने धर्मांतरण पर सख्त कानून की मांग की, राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने अवैध धर्मांतरण और तथाकथित लव जिहाद की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से राष्ट्रव्यापी कठोर कानून बनाने की मांग की है। बजरंग दल के प्रांत संयोजक सुशील राष्ट्रवादी जी ने कहा कि हाल ही में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) नासिक से जुड़े मामले के सामने आने के बाद यह मुद्दा गंभीर हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की गतिविधियां केवल एक कंपनी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि टेक महिंद्रा जैसी अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक भी फैली हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि पढ़े-लिखे युवाओं के माध्यम से धर्मांतरण के प्रयासों की खबरें चिंताजनक हैं और इसकी व्यापक जांच होनी चाहिए। विहिप ने उन महिला पुलिसकर्मियों की सराहना की, जिन्होंने कथित रूप से मामले का खुलासा करने में भूमिका निभाई। विहिप नेताओं ने दावा किया कि इस प्रकार की घटनाएं देश की सामाजिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में बने सख्त कानूनों से ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगा है, इसलिए पूरे देश में एक समान और प्रभावी कानून लागू किया जाना चाहिए। संगठन ने यह भी मांग की कि मामले की जांच राष्ट्रीय स्तर पर की जाए और आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) जैसी एजेंसियों को शामिल किया जाए। इस संबंध में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से सौंपा। इस अवसर पर बजरंग दल प्रांत संयोजक सुशील राष्ट्रवादी, विभाग संयोजक गौरव पांडेय, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर जिला संयोजक प्रांजल सिंह, जिला सहसंयोजक यशदीप ठठेर, मोतिगरपुर प्रखंड संयोजक अनमोल अग्रहरि, जयसिंहपुर प्रखंड संयोजक अमन जायसवाल, गिरीश मिश्रा, सत्यम अग्रहरि, सूरज अग्रहरि, रमेश मोदनवाल, विहिप प्रांत कार्यकारिणी सदस्य राम मनोहर एवं रामेश्वर सिंह, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विहिप और बजरंग दल ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित में अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कठोर कानून बनाने की दिशा में कदम उठाएं।

# महिला शिक्षकों ने जनगणना ड्यूटी को लेकर उठाई आवाज, बीएसए को सौंपा ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष डॉ. गायत्री सिंह के नेतृत्व में महिला शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता से मिला और जनगणना कार्य में शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने के संबंध में एक मांग पत्र सौंपा महिला शिक्षकों ने अपनी प्रमुख मांगों को रखते हुए कहा कि अत्यधिक गर्मी होने के कारण बच्चों के विद्यालय के समय में परिवर्तन किया जाए गंभीर रूप से बीमार शिक्षिकाओं को जनगणना ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। इसके साथ ही गर्भवती शिक्षिकाओं को भी इस कार्य से दूर रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मांग की जनगणना कार्य में लगाए गए शिक्षकों के लिए आवागमन हेतु उचित साधन उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही उन्हें उनके कार्य के अनुरूप उचित मानदेय दिया जाए और ड्यूटी पूर्ण होने के बाद नियमानुसार अवकाश भी प्रदान किया जाए।

# ब्लॉक सभागार में भाजपा ने बाबा साहेब सम्मान अभियान 2026 संगोष्ठी का किया भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर।ब्लॉक सभागार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान 2026 के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में एम. अरोड़ा पूर्व महानगर अध्यक्ष बरेली की गरिमामयी उपस्थिति रही कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया इसके पश्चात अनुसूचित जाति समाज से जुड़े सक्रिय एवं प्रबुद्ध जनों को मंच पर आमंत्रित कर शॉल ओढ़ाकर एवं बाबा साहेब का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया इस दौरान सम्मानित लोगों में विशेष उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्ष और देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि बाबा साहेब ने संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में भारत को एक ऐसा प्रगतिशील संविधान दिया, जो सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों की गारंटी प्रदान करता है वक्ताओं ने बाबा साहेब के प्रेरणादायक संदेश शिक्षित बनो, संगठित बनो और संघर्ष करो को आज के समय में भी अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए समाज के सभी वर्गों से इसे अपनाने का आह्वान किया साथ ही कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जिससे समाज में व्याप्त भेदभाव और असमानता को समाप्त किया जा सकता है इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला महामंत्री महादेव गाईन, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, मंडल अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी, मनोज वर्मा, एडवोकेट हरीराम गौतम, सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोज पासवान, मंडल प्रभारी हंसराम राठौर, अमन वाल्मीकि, काशीराम सरोज, सेवानिवृत्त शिक्षक छेदा लाल शर्मा, राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित दुजाराम, रामप्रसाद सरोज, आचार्य धर्म प्रकाश बौद्ध सहित अनेक गणमान्य लोग, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।

# दो शटर के बीच फलता-फूलता चमत्कारी अस्पताल सिस्टम की आंखों में धूल या संरक्षण का खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। शहर में स्वास्थ्य व्यवस्था का एक अनोखा नमूना इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। दो शटरों के बीच संचालित हो रहा एक तथाकथित अस्पताल न सिर्फ मरीजों का इलाज कर रहा है बल्कि नियम-कानूनों को भी आईसीयू में भर्ती कर चुका है। बताया जा रहा है कि इस अस्पताल में डॉ. मो. नदीम खान और डॉ. अबसार अहमद का नाम तो बड़े गर्व से लिया जाता है जबकि दोनों ही चिकित्सकों ने यहां अपनी सेवाएं देने से साफ इनकार कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि जब डॉक्टर ही नहीं हैं तो इलाज कौन कर रहा है या फिर इलाज के नाम पर कुछ और ही चल रहा है। उधर डॉ. बुशरा अंजुम को स्त्री रोग विशेषज्ञ बताया जाता है लेकिन उनकी डिग्री किस अलमारी में बंद है या किस फाइल में दब गई है इसका कोई स्पष्ट रिकॉर्ड नजर नहीं आता। शायद यह भी गोपनीय श्रेणी में आता हो। इस पूरे खेल के केंद्र में हैं डॉक्टर हैदर जो खुद को डॉक्टर लिखने वाले हैदर साहब। जिनका अतीत जिला अस्पताल में आउटसोर्सिंग के जरिए पुरुष स्टाफ नर्स के रूप में कुछ समय बिताने का रहा है। आरोपों की फ़ेहरिस्त इतनी लंबी बताई जाती है कि अंततः उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। लेकिन जनाब का हौसला देखिए अब खुद ही अस्पताल चला रहे हैं। सबसे दिलचस्प पहलू है उनकी डिग्री बीईएमएस जिसे एसीएमओ/नोडल अधिकारी डॉ. जे.सी. सरोज द्वारा फर्जी बताया जा चुका है। इसके बावजूद हैदर साहब का डॉक्टरी आत्मविश्वास जरा भी कम नहीं हुआ।

अब असली सवाल यही है कि आखिर यह सब कैसे चल रहा है? क्या यह सिर्फ प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा खेल है या फिर ऊपर तक इसकी जानकारी होने के बावजूद आंखें मूंदी जा रही हैं। चर्चा है कि बिना किसी संरक्षण के इस तरह का संचालन संभव ही नहीं। कहीं ऐसा तो नहीं कि स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी ही इस अस्पताल की सबसे बड़ी दवा बन गई है। फिलहाल सब सोचने पर मजबूर है कि इलाज कराने जाएं या सिस्टम के इस चमत्कार को देखने। क्योंकि यहां बीमारी से ज्यादा गंभीर स्थिति नियमों और जिम्मेदारियों की नजर आ रही है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को भी रूटीन जांच में डालकर ठंडे बस्ते में भेजते हैं या फिर कभी इन दो शटरों के बीच छिपे सच पर भी ताला टूटेगा।

## कोर्ट के आदेश पर ठगी का मुकदमा दर्ज,नौकरी का झांसा देकर बेरोजगार से हड़पे 2 लाख रुपये

पूरनपुर।नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है सीजेएम कोर्ट पीलीभीत के आदेश पर थाना पूरनपुर में मुकदमा दर्ज किया गया है आरोप है कि बेरोजगार युवक को नौकरी का सपना दिखाकर उससे 2 लाख रुपये ठग लिए गए मामले के अनुसार, प्रार्थी जुनैद उल हसन खान आयु लगभग 41 वर्ष निवासी मोहल्ला चौक थाना पूरनपुर ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि करीब 6 वर्ष पूर्व उसकी मुलाकात दिनेश सिंह से ग्राम जटपुरा में हुई थी दिनेश सिंह ने उसे भरोसा दिलाया कि वह उसकी नौकरी लगवा सकता है और इसके लिए 2 लाख रुपये की मांग की साथ ही 27 हजार रुपये मासिक वेतन का लालच भी दिया गया बताया गया कि अप्रैल 2025 में दिनेश सिंह ने फोन कर प्रार्थी को लखनऊ बुलाया, जहां उसकी मुलाकात संदीप सिंह से कराई गई और फिर उसे एक कथित कंपनी के मालिक करन सिंह से मिलवाया गया आरोप है ।

# अधिवक्ता परिषद अवध इकाई ने समरसता दिवस के रूप मे मनाया डा. अम्बेडकर जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। अधिवक्ता परिषद अवध इकाई सुल्तानपुर द्वारा दीवानी न्यायालय मे स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद हाल मे डॉ भीम राव रामजी अम्बेडकर के 135वें जन्मदिन को समरसता दिवस के रूप मे मनाया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में मुक्ता त्यागी जी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुल्तानपुर उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुवात भारत माता एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिश्चन्द्र दुबे एडवोकेट अध्यक्ष अधिवक्ता परिषद अवध इकाई सुल्तानपुर तथा संचालन महामंत्री सर्वेश कुमार मिश्रा ने की. कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता महेन्दर शर्मा एडवोकेट, अनिल शुक्ला एडवोकेट, नागेंदर सिंह एडवोकेट, आदि ने सम्बोधित किया. जिसमे डॉ अम्बेडकर के द्वारा बताए गए सिद्धांतो एवं संविधान में प्रदत्त कानूनो पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे मुख्य वक्ता अतिथि द्वारा कहा गया कि हम सब को संविधान में दिये कानूनो का पालन करते हुवे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए. अंत में अध्यक्ष महोदय द्वारा आये हुये अतिथि एवं अधिवक्ता बन्धुओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

## गांधी प्रेक्षा गृह में भाजपा का नारी शक्ति वंदन सम्मेलन हुआ संपन्न



पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के गांधी प्रेक्षा गृह में भारतीय जनता पार्टी द्वारा नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा की सक्रिय भागीदारी रही और बड़ी संख्या में महिलाओं व कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी गुलशन आनंद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने मंच से अपने विचार साझा किए। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा और सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया उन्होंने कहा कि आज की महिला हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है और समाज व देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्पा पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है और उन्हें हर परिस्थिति में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए वहीं अन्य अतिथियों ने भी नारी शक्ति वंदन अधिनियम और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी साझा की ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं, जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही है।

## सभागार में 78 आंगनवाड़ी सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र फिर भी पूरनपुर देहात के कई वार्ड अभी भी खाली

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधानसभा क्षेत्र की आंगनवाड़ी सहायिकाओं की चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार को ब्लॉक सभागार में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने 78 आंगनवाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि यह नियुक्ति रोजगार के साथ-साथ समाज सेवा का महत्वपूर्ण दायित्व भी है और सभी सहायिकाएं बच्चों व महिलाओं के उत्थान में योगदान दें।हालांकि शुक्रवार सुबह आठ बजे इस नियुक्ति को लेकर सवाल भी खड़े हो गए। पूरनपुर देहात के 15 वार्डों में कई स्थानों पर अभी भी आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ती की तैनाती नहीं हुई है। वार्ड नंबर 5, 6, 7 सहित कई वार्ड खाली होने से गर्भवती महिलाओं व बच्चों के टीकाकरण को लेकर जानकारी व लाभ नही मिल पा रहा है।

## किराया न मिलने पर चालक ने सीमेंट के फ्रेम ढाबे पर उतरवाए पुलिस ने तहरीर लेने से किया इनकार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमरिया तालुके महाराजपुर निवासी मोहम्मद अली ने 17 अप्रैल शुक्रवार दोपहर तीन बजे बताया ट्रांसपोर्टर पर किराया न देने का आरोप लगाया है। मोहम्मद अली ने बताया कि उन्होंने 13 अप्रैल को अपने 14 चक्का ट्रक संख्या यूपी 26 एटी 7786 में फरीदाबाद हरियाणा से काठमांडू नेपाल ले जाने के लिए सीमेंट के फ्रेम मारुति इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट महाराजगंज से लोड किए थे। ट्रांसपोर्ट स्वामी द्वारा गाड़ी का भाड़ा एक लाख 30 हजार रुपये तय किया गया था।आरोप है कि गाड़ी पूरनपुर पहुंचने पर चालक ने ट्रांसपोर्टर से किराया मांगा, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। चालक को आशंका हुई कि सामान पहुंचाने के बाद किराया नहीं मिलेगा। इस पर चालक ने कई बार संपर्क किया, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद पीड़ित चालक पूरनपुर कोतवाली पहुंचा और पुलिस से शिकायत की। आरोप है कि पुलिस ने मामला उनके क्षेत्र का न होने की बात कहकर तहरीर लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद चालक ने बीर जी ढाबा के पास सीमेंट के फ्रेम सुरक्षित उतरवा दिए और ट्रांसपोर्टर से सामान ले जाने के साथ किराया देने की मांग की है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर आज तहसील गौरीगंज में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिष्ठित महिलाओं ने प्रतिभाग किया और अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में महिलाओं ने मीडिया से मुखातिब होते हुये इस अधिनियम को देश में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं परिवर्तनकारी कदम बताया। गौरीगंज की उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से राजनीति में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही है, जिसे संतुलित करने के लिए यह अधिनियम अत्यंत आवश्यक था। यह कानून महिलाओं को लोकसभा, राज्यसभा एवं विधानसभाओं में तैंतीस प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त बनायेगा। बाल कल्याण समिति की सदस्य नीरज पाण्डेय एवं रीता सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि यह अधिनियम केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में महिलाओं के प्रति सोच और दृष्टिकोण को भी सकारात्मक रूप से परिवर्तित करेगा। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता मिलेगी और वे आत्मविश्वास के साथ समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी। चाइल्ड हेल्पलाइन की कोऑर्डिनेटर रुचि सिंह ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से नीति निर्माण में संवेदनशीलता आयेगी जिससे महिलाओं और बच्चों से जुड़े मुद्दों को बेहतर ढंग से समझा और हल किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम भविष्य में एक सशक्त एवं समावेशी समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। अधिवक्ता मीनाक्षी मिश्रा एवं मालती जायसवाल ने अधिनियम के कानूनी पक्ष पर प्रकाश डालते हुये कहा कि यह कानून महिलाओं को संवैधानिक अधिकारों के तहत मजबूत आधार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को न्याय और समानता के अधिकारों को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने का अवसर मिलेगा। मीनाक्षी मिश्रा ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में आगे आती हैं तो वह किसी भी समस्या का समाधान भावनात्मक रूप से करती हैं हमारे देश में जितना महिला नेतृत्व बढ़ेगा उतना ही हमारा देश विकसित होगा। महिला ही नींव बनाती है कि हमारा भविष्य कैसा होगा हमारे देश का भविष्य कैसा होगा, जितना महिलाएं आगे आएंगी उतना ही हमारा देश तरक्की करेगा। इस अधिनियम में सभी वर्गों की महिलाओं को समान अवसर मिलेगा। प्रधानाचार्य फर्स्ट स्टेप स्कूल अमेठी सुरभि मिश्रा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का प्रभाव केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में भी सकारात्मक परिवर्तन लायेगा। इससे बालिकाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे अपने भविष्य को लेकर अधिक जागरूक और आत्मनिर्भर बनेंगी। महिला चिकित्सक डॉ. काजल ने कहा कि इस अधिनियम से महिलाओं को समाज में सम्मान और पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं निर्णय लेने वाले पदों पर पहुंचेंगी, तो स्वास्थ्य, पोषण और महिला कल्याण से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता मिलेगी, जिससे समाज का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का महत्व केवल तैंतीस प्रतिशत आरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय समाज में लैंगिक समानता की दिशा में एक सशक्त संदेश भी देता है। यह महिलाओं को राजनीतिक नेतृत्व में आगे आने के लिए प्रेरित करेगा और शासन व्यवस्था में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा। महिलाओं ने यह भी कहा कि इस अधिनियम के लागू होने से पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे समाज के सभी वर्गों की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझा जा सकेगा और नीतियां अधिक समावेशी एवं प्रभावी बनेंगी। अंत में सभी वक्ताओं ने इस अधिनियम का स्वागत करते हुए इसे महिलाओं के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया और कहा कि इससे देश में महिला सशक्तिकरण को नई गति मिलेगी।

# लखनऊ पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल का शानदार प्रदर्शन, 12 छात्रों ने 90% से ऊपर अंक हासिल किए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। बाराबंकी में शिक्षा के क्षेत्र से एक शानदार और प्रेरणादायक खबर सामने आई है। अयोध्या रोड, बडेल स्थित लखनऊ पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम ने खुशियों का माहौल बना दिया है। स्कूल परिसर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की खुशी से सराबोर नजर आया।

इस वर्ष कुल 42 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 12 छात्रों ने 90% से अधिक अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं 27 विद्यार्थियों ने 85% से ऊपर अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत का लोहा मनवाया। 38 छात्रों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि शेष 4 छात्रों ने भी 70% से अधिक अंक लाकर विद्यालय की श्रेष्ठ परंपरा को कायम रखा।



इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर स्कूल के डायरेक्टर शिवम चौधरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त फल है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्कूल की प्रिंसिपल शालिनी तिवारी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि अनुशासन, लगन और लक्ष्य के प्रति निष्ठा ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्रों से निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ते रहने का आह्वान किया।

यदि पूरे परीक्षा परिणाम का विश्लेषण किया जाए तो यह कहना गलत नहीं होगा कि लखनऊ पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल का प्रदर्शन बाराबंकी जिले में सर्वश्रेष्ठ रहा है।

विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों के मनोबल को बढ़ाने के लिए एक सराहनीय पहल भी की है। पिछले दो वर्षों से स्कूल में 95% से अधिक अंक पाने वाले छात्रों को फीस में 50% की स्कॉलरशिप और 90% से 95% तक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 25% की फीस छूट दी जा रही है।

इस शानदार परिणाम ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि समर्पण, सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# रेलवे क्रॉसिंग संजय सेतु का एसपी ने किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। थाना क्षेत्र की चौकाघाट रेलवे क्रासिंग व संजय सेतु घाघरा घाट पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।इस दौरान अधीक्षक के साथ अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।सभी अधिकारियों ने चेक पोस्ट व पीपा पुल का निरीक्षण किया।साथ ही निर्देश दिया कि पुल से छोटे वाहनों का ही आवागमन हो बड़े वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित है।संजय सेतु की मरम्मत के कारण यहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है जिससे राजमार्ग 927 पर निगरानी रखी जा रही है।पीपा पुल के दोनो ओर अधिकारियों व पुलिस टीम की सक्रियता से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर यात्रियों में भरोसा बढ़ा है।

# साकेंद्र ने किया अन्नपूर्णा भवन जनता को समर्पित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों के लिए शुक्रवार का दिन खास रहा। ग्राम पंचायत अखईपुर और महोलिया में मनरेगा योजना के तहत बने अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने फीता काटकर किया।

अखईपुर में करीब साढ़े नौ लाख रुपये और महोलिया में लगभग दस लाख रुपये की लागत से निर्मित इन भवनों से ग्रामीणों को अब राशन वितरण में बड़ी सहूलियत मिलेगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि अन्नपूर्णा भवन के शुरू होने से राशन वितरण की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित होगी। अब कोटेदार इसी भवन से राशन का वितरण करेंगे, जिससे ग्रामीणों को भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है और शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क व अन्य मूलभूत सुविधाओं को गांवों तक पहुंचाने का काम तेजी से किया जा रहा है।



अन्नपूर्णा भवनों को भविष्य में बहुउद्देश्यीय केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार वर्मा, विशाल सिंह,नितिन मौर्य,सत्येंद्र सिंह,ग्राम प्रधान,ग्राम पंचायत सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अंबेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। रामनगर के के पी पैलेस में अंबेडकर सम्मान अभियान 2026 के तहत शुक्रवार को संगोष्ठी आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत व भाजपा नेता शरद कुमार अवस्थी शामिल हुए।कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों सामाजिक समरसता समानता और संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए जागरूकता का संदेश दिया।इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# जमीन विवाद में थानाध्यक्ष हलियापुर पर महिला की पिटाई करने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जनपद के हलियापुर थाना क्षेत्र में जमीन को लेकर हुए विवाद में एक महिला के साथ पुलिस द्वारा मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक चारू निगम से शिकायत कर न्याय की मांग की है। मामला हलियापुर थाना क्षेत्र के ग्राम डेहरियावा का है, जहां दो पक्षों के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। गांव निवासी पूजा पत्नी बदलू के अनुसार, बीते 12 अप्रैल को उसके पट्टीदार रोघई अपने पुत्र राहुल के साथ उसके ससुर राम निहोर पर हमला करने के इरादे से दौड़े। बीच-बचाव करने पहुंची पूजा के साथ भी राहुल द्वारा मारपीट की गई। आरोप है कि घटना के बाद विपक्षी पक्ष ने डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद शाम करीब 5 बजे हलियापुर पुलिस गांव पहुंची। पुलिस पूजा और विपक्षी पक्ष की एक लड़की को थाने ले गई, जबकि मारपीट में शामिल अन्य आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई



नहीं की गई। पीड़िता का आरोप है कि थाने ले जाकर महिला थानाध्यक्ष ने उसके साथ डंडे और पट्टे से मारपीट की तथा जातिसूचक अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पीड़िता दर्द से कराहती रही बावजूद उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। जबकि थानाध्यक्ष विपक्षी को एक भी गाली तक नही दिया। पीड़िता का कहना है कि न्याय दिलाने के बजाय पुलिस ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया। उसने आशंका जताई है कि उसे झूठे मुकदमे में फंसाया जा सकता है और भविष्य में दोबारा प्रताड़ित किया जा सकता है। इस संबंध में पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कराकर विधिक कार्रवाई करने व न्याय दिलाने की मांग की है।

## जैदपुर में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत जागरूकता अभियान

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 2026 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और निबंध प्रतियोगिता कराकर उन्हें सम्मानित किया गया। पुलिस प्रशासन ने हेलमेट, सीट बेल्ट और सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व पर जोर दिया।

## गेहूं क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण, किसानों की समस्याएं सुनी गईं

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। एसडीएम अनिल कुमार सरोज और तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने बदोसराय गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने खरीद प्रक्रिया की समीक्षा कर पारदर्शिता बनाए रखने और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न होने के निर्देश दिए।

## फर्जी दस्तावेज से मृतक की जमीन हड़पने का मामला उजागर

सूरतगंज बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में जालसाजों ने फर्जी दस्तावेज बनाकर मृतक की जमीन हड़प ली। पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

निंदूरा (बाराबंकी) कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर थाना क्षेत्र में विवाहिता को दहेज में नकदी व बाइक न देने पर ससुराल से निकाल दिया गया। पीड़िता की तहरीर पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला चरण संपन्न

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय इंटर कॉलेज में जनगणना 2026 के तहत प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इसमें मोबाइल ऐप के उपयोग और डेटा संग्रहण की जानकारी दी गई।

## ग्राम चौपाल में पांच शिकायतें, दो का मौके पर निस्तारण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदोसराय और मीरापुर में आयोजित ग्राम चौपाल में पांच शिकायतें मिलीं, जिनमें से दो का मौके पर समाधान किया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

## तथ्य छिपाकर नौकरी करने वाले एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ अखिलेश वर्मा निलंबित

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर पीजी कॉलेज में हिंदी विभाग के प्रभारी एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. अखिलेश कुमार वर्मा को गंभीर अपराध अपहरण के एक मामले जांच रिपोर्ट में दोष सिद्ध होने पर प्रबंध समिति ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, डॉ. वर्मा पर आरोप था कि उन्होंने अपने विरुद्ध दर्ज आपराधिक अभियोग की जानकारी छिपाकर न केवल नौकरी हासिल की, बल्कि पदोन्नति भी प्राप्त कर ली। इस मामले में श्री विजय ग्राम उर्दी जनपद गोण्डा और राजेन्द्र ग्राम भमरवा जनपद हरदोई द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी।मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने 2 सितंबर 2025 को तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। समिति ने विस्तृत जांच के बाद अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि डॉ. वर्मा ने अपने विरुद्ध दर्ज मुकदमों की जानकारी छिपाते हुए सेवा ग्रहण की और पदोन्नति प्राप्त की, जो कि नियमों का गंभीर उल्लंघन है।जांच रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी / प्रबंध समिति अध्यक्ष शशांक त्रिपाठी के अनुमोदन दिनांक 10 अप्रैल 2026 के बाद डॉ. वर्मा को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए तत्काल निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उन्हें जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, बाराबंकी से संबद्ध कर दिया गया है।इस पूरे प्रकरण की विस्तृत विभागीय जांच के लिए डिप्टी कलेक्टर विवेक शील यादव को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। बताते चले कि श्री वर्मा के ऊपर नौकरी से पूर्व अपहरण का मुकदमा दर्ज था और कोर्ट ने उन्हें भगोड़ा भी घोषित किया था। तथ्यों को छुपाकर एवं कोर्ट से अग्रिम जमानत कराकर श्री वर्मा रामनगर पीजी कॉलेज हिंदी विभाग में कई वर्षों से नौकरी कर रहे थे।

## सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। खेत के लिए दवा लेने जा रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गई। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## माइक्रोफाइलेरिया उन्मूलन को लेकर विशेष जांच शिविर आयोजित

फतेहपुर बाराबंकी। वटिया गांव में स्वास्थ्य विभाग ने माइक्रोफाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत जांच शिविर लगाया। 185 लोगों की जांच कर उन्हें रोग से बचाव और जागरूकता की जानकारी दी गई।

# महिला सशक्तिकरण को लेकर पुलिस विभाग ने किया भव्य सम्मेलन का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम (फ़ेज-5) के द्वितीय चरण के अंतर्गत आज एक भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस विभाग की ओर से पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने की, जबकि आयोजन का संयोजन अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह द्वारा किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता कर महिला सशक्तिकरण के संकल्प को दोहराया। सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चारू निगम द्वारा सभी वक्ताओं




को पौध भेंट कर सम्मानित किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सम्मान की एक सकारात्मक पहल भी रही। कार्यक्रम में विभिन्न व्यापारी एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इनमें प्रदेश संगठन मंत्री अनूप श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष रमेश अग्रहरि (लंभुआ), महामंत्री नियाज राइन (धनपतगंज), अध्यक्ष मनोरमा जायसवाल (अहिमाने), महामंत्री दिनेश अग्रहरि (जयसिंहपुर) एवं वरिष्ठ व्यापारी रवीन्द्र मोदनवाल सहित अन्य पदाधिकारी व उद्यमी शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन नारी शक्ति वंदन, अभिनंदन के संदेश के साथ हुआ, जिसमें महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता दोहराई गई।

## छात्र के सर्वांगीण विकास किए बालक और बालिकाओं का एकमात्र कॉलेज एपी इंटर कॉलेज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के रामलीला मैदान के पास स्थित आर्य पाठशाला इंटर कॉलेज में वाणिज्य वर्ग कला वर्ग विज्ञान वर्ग हेतु प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। प्रवेश के लिए प्रवेश फॉर्म कॉलेज में स्थित कार्यालय से प्रातः 9:00 से प्राप्त कर सकते हैं। कॉलेज में वाणिज्य वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष छूट का प्रावधान प्रबंधक द्वारा किया गया है।कक्षा 9 से कक्षा 12 तक स्मार्ट क्लासेस की सुविधा भी कॉलेज में उपलब्ध कराई जा रही है। कला वर्ग में सिलाई एवं वाणिज्य वर्ग में गणित एवं प्रारंभिक शाखियकी का विकल्प छात्र छात्राएं चुन सकते हैं कॉलेज में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शिक्षण कार्य एवं परीक्षा की व्यवस्था लागू है। समय-समय पर बच्चों के लिए प्रेरणादायक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होता रहता है। आर्य पाठशाला इंटर कॉलेज के प्रबंधक ठाकुर निरंजन सिंह लगातार कॉलेज की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए समय-समय पर भ्रमण करते रहते हैं।किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न होती है। तो प्रबंधक द्वारा उस समस्या का तत्काल समाधान किया जाता है।

## जजों के ट्रांसफर से प्रभावित मजिस्ट्रेट अदालतों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हाईकोर्ट के निर्देशन में हुए जजों के वार्षिक ट्रांसफर के मद्देनजर एवं जिला जज सुनील कुमार के निर्देशन में कई जजों के कार्यक्षेत्र में बड़ा बदलाव हुआ है। हाईकोर्ट के निर्देशन में स्थानांतरित होकर आए सेशन जजों को उनकी नई तैनाती बुधवार को ही सौंप दी गई। वहीं जिला जज सुनील कुमार व सीजेएम नवनीत सिंह के निर्देशन में मजिस्ट्रेट अदालतों के कार्यक्षेत्र में बृहस्पतिवार को बदलाव किया गया है। जिसके क्रम में स्थानांतरित होकर आई न्यायिक अधिकारी तुबा फातिमा को अपर सिविल जज-जूनियर डिवीजन कोर्ट नम्बर-26 का प्रभार सौंपा गया है,जिन्हें रिक्त हुई एसीजेएम कोर्ट नम्बर-20 से कूरेभार थाना हटाकर सुनवाई का क्षेत्राधिकार सौंपा गया है। वहीं एसीजेएम कोर्ट नम्बर-20 पर तैनात रही न्यायिक अधिकारी भव्या श्रीवास्तव को स्थानांतरित हुई अनुजया कृष्णा के स्थान पर सिविल जज-सीनियर डिवीजन (फास्ट ट्रैक कोर्ट) की जिम्मेदारी मिली है,जिन्हें रिक्त हुई कोर्ट नम्बर-20 से थाना अमेठी,बल्दीराय हटाकर सुनवाई का क्षेत्राधिकार सौंपा गया है,साथ ही उन्हें एसीजेएम कोर्ट नम्बर -19 से हटे हलियापुर थाने से सम्बंधित मामलों के सुनवाई की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।





# संघर्षरत दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपना दबदबा बरकरार रखने उतरेगा आरसीबी

एजेंसी




बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में एक ऐसी टीम है जिसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ यहां होने वाले मैच में भी अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी। आरसीबी की टीम में अभी तक सारा ध्यान विराट कोहली पर केंद्रित रहा है और इस दिग्गज बल्लेबाज ने भी अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया है। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए हैं और ऑरेंज कैप उनके पास है। लेकिन कोहली भी यह स्वीकार करेंगे कि आरसीबी की बल्लेबाजी अब पूरी तरह से उन पर निर्भर नहीं है। कप्तान रजत पाटीदार, देवदत्त पडिक्कल, फिल साल्ट और टिम डेविड ने इस सत्र में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से विशेष छाप छोड़ी है और वे दिल्ली के खिलाफ इसे जारी रखना चाहेंगे। पाटीदार ने छक्के जड़ने की अपनी काबिलियत का शानदार नमूना पेश किया है। वह पांच मैच में 21 छक्के लगाकर शीर्ष पर काबिज हैं। अन्य बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोहली को अपना नैसर्गिक खेल खेलने की छूट मिली है। इसके विपरीत दिल्ली के बल्लेबाज अभी तक जूझते रहे हैं और वह सामूहिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। दिल्ली के पास केएल राहुल, पथुम निसांका, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर और नीतीश राणा जैसे कुछ अनुभवी बल्लेबाज हैं, लेकिन उनमें से कोई भी अब तक लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। दिल्ली अभी चार अंकों के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर है। युवा बल्लेबाज समीर रिजवी ने ही कुछ हद तक जुझारूपन दिखाया है। उन्होंने दो अर्धशतक बनाए हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में भी निरंतरता का अभाव है। दिल्ली ने अभी तक मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत हासिल की है और यह दोनों टीम भी उसी की तरह संघर्ष कर रही है। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने इस सत्र में अभी तक निराशाजनक प्रदर्शन किया है। उन्होंने चार मैचों में सिर्फ तीन विकेट लिए हैं और उतने ही रन बनाए हैं। दिल्ली की गेंदबाजी में भी निरंतरता का अभाव स्पष्ट नजर आ रहा है। बाएं हाथ की कलाई की स्पिनर कुलदीप यादव पूरी तरह से लय से बाहर नजर आ रहे हैं। उन्होंने प्रति ओवर लगभग 10 रन लुटाते हुए सिर्फ तीन विकेट लिए हैं, जबकि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और टी नटराजन भी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। आरसीबी के मजबूत बल्लेबाजी क्रम को रोकना दिल्ली के गेंदबाजों के लिए कड़ी चुनौती होगी। दूसरी तरफ आरसीबी की गेंदबाजी भी काफी मजबूत नजर आ रही है।

# कनाडा और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप का मैच आईसीसी एसीयू की जांच के दायरे में

एजेंसी




नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) क्रिकेट कनाडा के खिलाफ अपने भ्रष्टाचार रोधी संहिता के कथित उल्लंघन की जांच कर रहा है, जिसमें टी20 विश्व कप में 17 फरवरी को चेन्नई में खेला गया मैच भी शामिल है जिसमें उसकी टीम को हार का सामना करना पड़ा था। एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। चेपॉक में खेले गए उस मैच में कनाडा आठ विकेट से हार गया था। हाल ही में प्रसारित एक डॉक्यूमेंट्री में भ्रष्टाचार के आरोपों को उजागर किए जाने के बाद आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी इकाई (एसीयू) इसकी गहन जांच कर रही है। कनाडा ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 173 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य केवल 15.1 ओवर में हासिल कर लिया। ग्लेन फिलिप्स (39 गेंदों पर नाबाद 59 रन) और रचिन रविंद्र (36 गेंदों पर नाबाद 76 रन) ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को जीत दिलाई। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार एसीयू क्रिकेट कनाडा से जुड़े आरोपों की जांच कर रहा है। इसमें ''दो सक्रिय जांच शामिल हैं जिनमें क्रिकेट कनाडा पर अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के आरोप शामिल हैं। ये आरोप 43 मिनट की डॉक्यूमेंट्री से सामने आए हैं जिसका शीर्षक 'करप्शन, क्राइम एंड क्रिकेट' है। यह डॉक्यूमेंट्री कनाडा के खोजी कार्यक्रम 'द फिफ्थ एस्टेट' ने किया था और जिसे सीबीसी ने शुक्रवार को प्रसारित किया था। यह डॉक्यूमेंट्री कनाडा क्रिकेट में भ्रष्टाचार और शासन संबंधी मुद्दों के बारे में व्यापक दावे करती है। डॉक्यूमेंट्री के अनुसार, न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप मैच की बारीकी से जांच की जा रही है, खासकर कनाडा के कप्तान दिलप्रीत बाजवा द्वारा किए गए पांचवें ओवर की। ऑलराउंडर बाजवा को टूर्नामेंट से तीन सप्ताह पहले ही कप्तान नियुक्त किया गया था। यह ऑफ स्पिनर तब गेंदबाजी करने के लिए आया था जब न्यूजीलैंड का स्कोर दो विकेट पर 35 रन था। उन्होंने ओवर की शुरुआत नोबॉल से की, उसके बाद लेग साइड में वाइड गेंद फेंकी और कुल 15 रन लुटाए।

# संक्षिप्त समाचार

## 'बेसिक्स' पर काम करने से मिली अर्शदीप सिंह को सफलताः बहुतुले

**मुंबई।** भारत और पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने आईपीएल के वर्तमान सत्र में शुरू में जूझने के बाद मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया तथा उनकी टीम के सहायक कोच साईराज बहुतुले ने कहा कि 'बेसिक्स' (बुनियादी चीजों) पर काम करने से उन्हें अपनी फॉर्म वापस पाने में मदद मिली है। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में अर्शदीप ने रयान रिकेल्टन (02) और सूर्यकुमार यादव (00) को लगातार गेंदों पर आउट किया। बाद में उन्होंने शेरफ़ेन रदरफोर्ड (01) को भी पवेलियन भेजा और कुल 22 रन देकर तीन विकेट लिए। बहुतुले ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''अर्शदीप ने पहले दो मैच में अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन पिचों की प्रकृति के कारण गेंदबाजी में विविधता लाना जरूरी होता है और कभी-कभी ऐसा होता है कि आप अपनी मुख्य गेंद फेंकना भूल जाते हैं। उन्होंने कहा, ''लेकिन वह अपनी खेल की बारीकियों को समझते हैं। उन्होंने पिछले कुछ दिनों में अपने 'बेसिक्स' पर काम किया। उन्होंने जमकर अभ्यास किया। उन्हें केवल उसी पर ध्यान देने की जरूरत थी जिसमें वह सबसे अच्छा करते हैं। पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने कहा, ''उनकी सोच बिल्कुल स्पष्ट थी। उन्होंने यह समझा कि उनके लिए क्या अच्छा है और उनका मजबूत पक्ष क्या है। उन्होंने ठीक ऐसा ही किया। बहुतुले ने प्रभसिमरन सिंह के दृष्टिकोण में आए बदलाव के लिए मुख्य कोच रिकी पोंटिंग को श्रेय दिया, जो 39 गेंदों में 80 रन (11 चौके, दो छक्के) बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने कहा, ''इसका बहुत कुछ श्रेय ड्रेसिंग रूम में रिकी की मौजूदगी को भी जाता है। वह खुद इतने सकारात्मक हैं कि सभी बल्लेबाज उनसे प्रेरणा लेते हैं।

## चोटरानी हैम्बर्ग स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में

**हैम्बर्ग।** विश्व में 47वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी वीर चोटरानी ने हैम्बर्ग ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में जर्मनी के आठवीं वरीयता प्राप्त राफ़ेल कांद्रा को 11-8, 11-7, 11-7 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारत के अन्य खिलाड़ियों में पांचवीं वरीयता प्राप्त अभय सिंह, सातवीं वरीयता प्राप्त रमित टंडन और पूर्व महिला विश्व नंबर 10 जोशना चिनप्पा इस पीएसए कांस्य स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दौर में बाहर हो गए। अभय को इंग्लैंड के सैम टॉड से 9-11, 11-7, 4-11, 2-11 से और टंडन को हंगरी के बालाज़ फ़ार्कस से 10-12, 11-4, 5-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। जोशना को न्यूजीलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त जोएल किंग ने 11-9, 11-7, 9-11, 11-4 से हराया।

## अफगानिस्तान के डोपिंग प्रयासों पर 'राजनीति और उदासीनता' का साया

**नयी दिल्ली।** अफगानिस्तान का डोपिंगरोधी कार्यक्रम उसके खेल की तरह ही तालिबान सरकार के दौरान बुरी तरह से प्रभावित हुआ है और इसकी बानगी यह है कि तीन साल एक भी परीक्षण नहीं हुआ और पिछले साल केवल चार परीक्षण ही किए जा सके। आलम यह है कि अफगानिस्तान के डोपिंग रोधी कार्यक्रम के निर्वासित अध्यक्ष डॉ. अब्दुल रहमान हमीद यह स्वीकार करने में संकोच नहीं करते कि फिलहाल 'कोई उम्मीद नहीं है'। खेल से जुड़ी चोटों के विशेषज्ञ हमीद अफगानिस्तान की डोपिंग रोधी समिति के अध्यक्ष थे जो अफगानिस्तान की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (एनओसी) के अंतर्गत काम करती है। हमीद ने पीटीआई से कहा, ''हमें एक ऐसी डोपिंग रोधी एजेंसी की जरूरत है जो स्वायत्त रूप से कार्य कर सके, क्योंकि एनओसी के तहत काम करने से हमारे पास कार्यक्षेत्र को व्यापक बनाने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं होंगे। वर्तमान में अफगानिस्तान में डोपिंग नियंत्रण अधिकारी (डीसीओ) भी नहीं हैं जो नमूना संग्रह करने जैसे बुनियादी काम भी कर सके। उन्होंने कहा, ''पहले दो डीसीओ थे। दोनों विश्वविद्यालय के लेक्चरर थे, लेकिन उन्हें भागना पड़ा। अब कोई डीसीओ नहीं है। डोपिंग रोधी अभियानों में डीसीओ महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनकी जिम्मेदारियों में न केवल नमूनों का संग्रह (प्रतियोगिता के दौरान और उसके बाहर दोनों जगह) शामिल है, बल्कि उन्हें विश्व डोपिंग रोधी संस्था (वाडा) से मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं तक सुरक्षित रूप से पहुंचाना भी शामिल है। हमीद ने कहा, ''अफगानिस्तान में 2021 से कोई परीक्षण नहीं हो रहे थे। हमने ईरान की मदद से पिछले साल चार परीक्षण किए। लेकिन अब कोई उम्मीद नहीं है। यह बेहद मुश्किल है।

## क्रिसिल का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 46 प्रतिशत बढ़कर 233 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल का 2026 की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 45.9 प्रतिशत बढ़कर 233.3 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 159.8 करोड़ रुपये था। कंपनी की एकीकृत कुल आय भी वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 29.6 प्रतिशत बढ़कर 1,093.7 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 843.8 करोड़ रुपये थी। क्रिसिल का वित्त वर्ष एक जनवरी से 31 दिसंबर (कैलेंडर वर्ष) तक चलता है। क्रिसिल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमीश मेहता ने कहा कि इस अवधि में कारोबार में वृद्धि ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण और विशिष्ट, विशेषज्ञता-आधारित समाधानों के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि वैश्विक परिस्थितियां यह दर्शाती हैं कि जटिल हालात में ग्राहकों के लिए क्रिसिल की विश्लेषणात्मक और जोखिम समाधान सेवाओं की कितनी अहम भूमिका है। क्रिसिल ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि और मजबूती उसके कारोबार के लिए अवसर प्रदान करती रहेगी। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 7.6 प्रतिशत से कम है। हालांकि इसमें और गिरावट का जोखिम भी बताया गया है। क्रिसिल ने प्रति शेयर नौ रुपये के अंतरिम लाभांश की भी घोषणा की है।

## रेवंत रेड्डी ने केंद्र से 30 लाख टन उसना चावल की खरीद का अनुरोध किया

**नयी दिल्ली।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी से मुलाकात कर रबी मौसम में राज्य से 30 लाख टन उसना चावल की खरीद, 1,468.94 करोड़ रुपये के बकाया भुगतान और पोषक तत्वों से युक्त चावल (एफआरके) की आपूर्ति तत्काल बहाल करने की मांग की। राज्य सरकार की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, रेड्डी ने कहा कि 2026 के रबी सत्र में तेलंगाना में लगभग 90 लाख टन धान उत्पादन का अनुमान है और यह उसना चावल की कुटाई के लिए उपयुक्त है। उन्होंने देश में बढ़ती मांग को देखते हुए इसकी आपूर्ति की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने जोशी के साथ मुलाकात में कहा, ़तेलंगाना यासंगी फसल से 30 लाख टन उसना चावल (पांच प्रतिशत टूटे दाने) और पांच लाख टन कच्चा चावल (10 प्रतिशत टूटे दाने) की आपूर्ति के लिए तैयार है। तेलंगाना सरकार के बयान के मुताबिक, जोशी ने इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। रेड्डी ने 2014-15 खरीफ सत्र से संबंधित अतिरिक्त शुल्क की खरीद के 1,468.94 करोड़ रुपये के बकाया का जल्द भुगतान करने का भी आग्रह किया।

# तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने एक दूसरे का सामना करेंगे सनराइजर्स और सीएसके

एजेंसी




हैदराबाद। प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे होनहार तेज गेंदबाजों को मैदान में उतारने के बाद संतुलित नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में नए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी। अनुभवी गेंदबाज हर्षल पटेल और जयदेव उनादकट की जगह टीम में शामिल किए गए इस युवा जोड़ी ने आते ही शानदार प्रदर्शन किया और पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स का स्कोर पहले तीन ओवरों के अंदर ही पांच विकेट पर नौ रन कर दिया। इससे रॉयल्स को इस सत्र की पहली हार का सामना करना पड़ा। विदर्भ के 24 वर्षीय तेज गेंदबाज हिंगे ने शुरू में वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रिटोरियस जैसे बल्लेबाजों को आउट किया। उन्होंने चार ओवर में 34 रन देकर चार विकेट लिए। बिहार के रहने वाले 21 वर्षीय हुसैन ने भी अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बीच के ओवरों में अपनी विविधता पूर्ण गेंदबाजी से प्रभावित किया और चार विकेट लिए जिससे राजस्थान 216 रन का पीछा करते हुए 159 रन पर आउट हो गया। इन दोनों युवा गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिली है। इससे उस टीम को बेहतर संतुलन मिला है जो अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर थी। हिंगे और हुसैन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखकर सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर और दबाव बनाने की कोशिश करेंगे, जो इस सत्र में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। अब तक पांच मैच में उनका उच्चतम स्कोर 28 रन है। संजू सैमसन के टी20 विश्व कप वाली फॉर्म में वापसी करने से सीएसके को कुछ राहत मिली है। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद शतक जड़ा और उसके बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत में 48 रन बनाए। गायकवाड़ के फॉर्म में न होने के कारण सीएसके उन्हें मध्यक्रम में भेजने और युवा आयुष म्हात्रे को पारी के शुरुआत करने के लिए भेजने पर विचार कर सकता है। आयुष ने अपनी पिछली चार पारियों में दो अर्धशतक लगाकर प्रभावित किया है। पांच बार की चैंपियन सीएसके की टीम ने लगातार दो मैच जीतकर अच्छी वापसी की है। उसकी तरफ से अभी तक महेंद्र सिंह धोनी ने कोई मैच नहीं खेला है लेकिन उनके अगले मैच तक फिट होने की संभावना है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद केकेआर के खिलाफ मैच के दौरान जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं जो सीएसके के लिए करारा झटका है।

# जोबर्ग ओपन में प्रणवी भारतीय खिलाड़ियों में सबसे आगे

एजेंसी

जोहानिसबर्ग। भारत की महिला गोल्फर प्रणवी उर्स ने लेडीज यूरोपियन टूर के जोबर्ग लेडीज ओपन के पहले दौर में बिना बोगी के तीन अंडर 70 का स्कोर बनाया। प्रणवी इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पांच भारतीय खिलाड़ियों में कट बनाने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में हैं। वह पार-73 वाले रैंडपार्क गोल्फ क्लब में पहले दौर के बाद संयुक्त 21वें स्थान पर हैं। त्वेसा मलिक और दीक्षा डागर ने पहले दौर में एक अंडर 72 का स्कोर बनाया और वे संयुक्त 54वें स्थान पर हैं। अवनी प्रशांत ने दो ओवर 75 का स्कोर बनाया। हिताशी बख्शी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। उन्होंने चार ओवर 77 का स्कोर बनाया और उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। फ्रांस की अगाथे लैस्ने, अमेरिका की ब्रियाना नवारोसा और फ्रांस की एरियन क्लॉट्ज़ ने सात अंडर 66 का स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की है।

# हमारा गेंदबाजी आक्रमण एक इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा हैः जयवर्धने

एजेंसी



मुंबई। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने अब तक पांच मैच में एक भी विकेट नहीं ले पाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का समर्थन किया, लेकिन स्वीकार किया कि उनका गेंदबाजी आक्रमण एक इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है। बुमराह ने चार ओवरों में 41 रन लुटाए और अन्य गेंदबाज भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे पंजाब किंग्स ने गुरुवार को यहां आईपीएल के मैच में 196 रन का लक्ष्य 21 गेंद और सात विकेट शेष रहते हुए हासिल कर लिया। जयवर्धने ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''बुमराह अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। बस पावरप्ले में हम विरोधी टीमों पर दबाव नहीं बना पा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''विपक्षी टीम जानती है कि बुमराह के खिलाफ ज्यादा जोखिम लेने की जरूरत नहीं है। हमने कुछ अलग-अलग तरीके आजमाए हैं। विरोधी टीम में ऐसे तरीके आजमा रही हैं, लेकिन वे अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। मैं किसी एक चीज पर उंगली नहीं उठा सकता और यह नहीं कह सकता कि उन्होंने विकेट नहीं लिया है। श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने खुलासा किया कि आईपीएल की शुरुआत में बुमराह मामूली रूप से चोटिल थे लेकिन अब वह पूरी तरह ठीक हो गए हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि शुरुआत में ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि विश्व कप के दौरान उन्हें हल्की चोट लग गई थी। पिछले कुछ मैचों में उनकी गति में सुधार हुआ है। हमने इन सभी बातों को ध्यान रखा है, इसलिए वह काफी सहज महसूस कर रहे हैं। कभी-कभी किस्मत का साथ भी जरूरी होता है। जयवर्धने ने हालांकि स्वीकार किया कि उनके गेंदबाज एक इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करके विरोधी टीमों पर दबाव नहीं बना पाए हैं। उन्होंने कहा, ''लेकिन एक (गेंदबाजी) इकाई के रूप में हम विभिन्न पिचों पर मिलकर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और यह कुछ ऐसा है जिस पर हमें काम करने की जरूरत है। मुख्य कोच ने कहा कि रोहित शर्मा की चोट गंभीर नहीं है और टीम प्रबंधन उन्हें ज्यादा दबाव में नहीं रखना चाहता क्योंकि टूर्नामेंट अभी शुरुआती दौर में है। जयवर्धने ने कहा, ''उन्होंने कल (बुधवार) से दौड़ना शुरू कर दिया है, बल्लेबाजी भी की है। हम हर दिन उनकी प्रगति का आकलन कर रहे हैं। उनकी चोट गंभीर नहीं है लेकिन साथ ही, हम जल्दबाजी नहीं करना चाहते और अभी सत्र की शुरुआत है।

# नेटफ्लिक्स के सह-संस्थापक और चेयरमैन रीड हेस्टिंग्स निदेशक मंडल से हटेंगे

एजेंसी



न्यूयॉर्क। ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स के सह-संस्थापक और चेयरमैन रीड हेस्टिंग्स इस साल जून में अपना कार्यकाल समाप्त होने पर कंपनी के निदेशक मंडल से हट जाएंगे। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि हेस्टिंग्स अब परोपकार कार्यों और अन्य गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने 1990 के दशक के अंत में अपने मित्र और सह-संस्थापक मार्क रैंडोल्फ से यह जिम्मेदारी संभालने के बाद 2023 तक 20 वर्षों से अधिक समय तक कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के रूप में कार्य किया। हेस्टिंग्स ने एक बयान में कहा, नेटफ्लिक्स में मेरा असल योगदान सिर्फ किसी एक निर्णय तक सीमित नहीं था। मैंने हमेशा ग्राहकों की खुशी को प्राथमिकता दी, अच्छी कार्य संस्कृति बनाने पर ध्यान दिया और ऐसी कंपनी बनाने की कोशिश की जो लोगों को पसंद आए और लंबे समय तक सफल रहे। कंपनी ने बृहस्पतिवार को अपने तिमाही के परिणाम जारी करने के साथ ही हेस्टिंग्स के पद छोड़ने की घोषणा की।

# ओम पावर ट्रांसमिशन के शेयर में छह प्रतिशत से अधिक की उछाल



एजेंसी

नयी दिल्ली। विद्युत अवसंरचना क्षेत्र की कंपनी ओम पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड के शेयर अपने 175 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले छह प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ शुक्रवार को सूचीबद्ध हुए। कंपनी का शेयर 175 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले एनएसई पर 186 रुपये पर खुला, जो करीब छह प्रतिशत अधिक की उछाल को दर्शाता है। बीएसई पर इसने 181.10 रुपये पर कारोबार करना शुरू किया और बाद में बढ़कर 190.15 रुपये तक पहुंच गया। सूचीबद्ध होने के बाद कंपनी का बाजार मूल्य 642.09 करोड़ रुपये रहा। ओम पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को सोमवार को बोली के अंतिम दिन 3.33 गुना अभिदान प्राप्त हुआ।

# सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना चांदी के भाव में मामूली गिरावट

एजेंसी




नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है। हालांकि आज के कारोबार में चांदी मामूली कमजोरी का शिकार हो गया है। शुरुआती कारोबार में सोना 200 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 220 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। दूसरी ओर, चांदी की कीमत में आज शुरुआती कारोबार के दौरान 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक की सांकेतिक गिरावट दर्ज की गई है। अंतरारष्ट्रीय बाजार में आज फिजिकल गोल्ड 0.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,809.16 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह चांदी भी आज 79.61 डॉलर प्रति औंस की कीमत पर बिक रहा है। घरेलू सर्राफा बाजार में कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,55,580 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,56,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,42,610 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,43,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आई कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,69,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,55,730 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,55,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,55,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,660 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,56,670 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,43,610 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,55,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,55,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# एटीएस ने नासिक टीसीएस कंपनी के कथित धर्मपरिवर्तन और यौन शोषण मामले में दो आरोपितों से शुरु की पूछताछ

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र एंटी टेरोरिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) की टीम ने शुक्रवार को नासिक टीसीएस कंपनी में हुए कथित धर्मपरिवर्तन और यौन शोषण मामले की जांच के लिए दो आरोपितों से पूछताछ शुरु कर दी है। इस मामले की मुख्य आरोपित निदा मोईन नाविद खान की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

इस घटना की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले की छानबीन महाराष्ट्र एटीएस ने आज से शुरु कर दी है। इसके चलते आज एटीएस की टीम ने इस मामले के आरोपित समी शेख और रजा मेमन को पूछताछ के लिए अपनी कस्टडी में लिया है। इन दोनों से एटीएस की टीम धर्म परिवर्तन, यौन शोषण के साथ टेरर फंडिंग के ऐंगल से भी पूछताछ कर रही है। हालांकि इस मामले की जानकारी आज देश की नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी की टीम और राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने भी लिया है। इस मामले में धर्मपरिवर्तन का मुद्दा आने से राज्य और देश की जांच एजेंसियां मामले की गहन छानबीन कर रही हैं।

इस मामले की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अब तक कुल ८ आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपित निदा मोईन नाविद खान



अभी तक फरार है। निदा खान को ढूंढने के आज एसआईटी और एटीएस की टीम ठाणे जिले के भिवंडी और मुंब्रा इलाके में कई जगहों में छापामार कार्रवाई की, लेकिन कहीं भी निदा खान का पता नहीं चल सका है। इस मामले में पुलिस ने निदा के पति मोईन खान से भी कड़ी पूछताछ की है, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग सका है। निदा खान के मोबाइल लोकेशन से जांच कर रही एसआईटी को पता चला है कि आज ही निदा मुंब्रा इलाके में तीन बार अपनी जगहें बदल चुकी हैं।

निदा खान के पति ने पूछताछ में बताया कि उनकी पत्नी फिलहाल गर्भवती है और उसने वकील बाबा सिद्दीकी के माध्यम से नासिक जिला अदालत में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन दिया है। इस आवेदन पर कल शनिवार को सुनवाई होगी। साथ ही टीसीएस कंपनी ने इस मामले में निदा खान को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी की ओर से कहा गया है कि फिलहाल कंपनी के अन्य कर्मचारियों को वर्क फ्रामहोम की अनुमति दी गई है, लेकिन निदा खान को इसकी भी अनुमति न देते हुए सीधे नौकरी से निकाल दिया गया है। फिलहाल इस मामले की हर ऐंगल से जांच जारी है।

# चुनाव आयोग ने तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में की 865 करोड़ की जब्ती

एजेंसी

नई दिल्ली । चुनाव आयोग की ओर से जारी सख्ती के चलते तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में होने जा रहे विधानसभा चुनावों से पहले अब तक कुल 865 करोड़ रुपये की नकदी एवं अवैध सामग्री की जब्ती की जा चुकी है।

दोनों राज्यों में 17 अप्रैल तक कुल मिलाकर 99 करोड़ रुपये नकद, 32 लाख लीटर 84 करोड़ रुपये की शराब, 174 करोड़ रुपये की ड्रग्स, 159 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं और 350 करोड़ रुपये की अन्य वस्तुएं जब्त की गई हैं।

चुनाव आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार मतदान को हिंसा, भय और लालच से मुक्त रखने के लिए कई उपाय किए गये हैं । इसके लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है और शिकायतों को त्वरित निपटान किया जा रहा है।

आयोग की ओर से 5011 फ्लाइंग स्क्वायड टीम तैनात की गई है। इसमें




पश्चिम बंगाल में 2,728 और तमिलनाडु में 2,283 शामिल हैं। इसके अलावा दोनों राज्यों में 5,363 निरीक्षण टीम तैनात की गई है।

आयोग के अनुसार 26 फरवरी को चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली के सक्रिय होने के बाद 17 अप्रैल तक पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में बड़ी मात्रा में नकदी, शराब, ड्रग्स, कीमती धातु तथा अन्य वस्तुओं की जब्ती की गई।

पश्चिम बंगाल में 21 करोड़ रुपये नकद, 31 लाख लीटर शराब (81 करोड़ रुपये मूल्य), 100 करोड़ रुपये की ड्रग्स, 54 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं तथा 172 करोड़ रुपये की अन्य वस्तुएं जब्त की गईं। कुल जब्ती 427 करोड़ रुपये रही।

वहीं तमिलनाडु में 78 करोड़ रुपये नकद, 97 हजार लीटर शराब (3 करोड़ रुपये मूल्य), 74 करोड़ रुपये की ड्रग्स, 105 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं तथा 178 करोड़ रुपये की अन्य वस्तुएं जब्त की गईं। कुल जब्ती 438 करोड़ रुपये रही।

# पेज एक का शेष

## महिला...

दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि यह केवल प्रधानमंत्री का नहीं, बल्कि देश की जनता का अपमान है। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री को चुनकर इस पद पर बैठाया है और इस तरह की भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने मांग की कि राहुल गांधी द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटाया जाए और उन्हें देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी इस मुद्दे पर हस्तक्षेप करते हुए कहा कि संसद की गरिमा बनाए रखना सभी सदस्यों की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो बातें सार्वजनिक मंचों पर कही जाती हैं, उन्हें उसी रूप में संसद में दोहराना उचित नहीं है।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी राहुल गांधी की भाषा पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के प्रति इस तरह की टिप्पणी करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ लोगों ने प्रधानमंत्री को चुना है और इस प्रकार की बयानबाजी लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है।

विवाद के दौरान राहुल गांधी ने अपने बयान का बचाव करते हुए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ मुद्दों पर सच्चाई सामने लाने की जरूरत है और सरकार देश की राजनीति को प्रभावित करने के लिए कदम उठा रही है।

हालांकि सत्ता पक्ष ने उनके तर्कों को खारिज करते हुए कहा कि इस तरह की भाषा और आरोप केवल राजनीतिक लाभ के लिए लगाए जा रहे हैं, जो सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं।

महिला आरक्षण से जुड़े 'नारीशक्ति वंदन अधिनियम' में संशोधन पर शुक्रवार को लोकसभा में शाम 4 बजे मतदान होना है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी सांसदों से इस ऐतिहासिक विधेयक के पक्ष में मतदान करने और इसे सर्वसम्मति से पारित करने की अपील की है।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देश की नारीशक्ति को सशक्त बनाने और उन्हें उनका अधिकार दिलाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सांसदों से आग्रह किया कि वे अपने घर की मां, बहन, बेटी और पत्नी का स्मरण करते हुए अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनें और महिलाओं को नए अवसरों से वंचित न करें।

मोदी ने विश्वास जताया कि यदि यह संशोधन सर्वसम्मति से पारित होता है, तो इससे देश की नारीशक्ति और लोकतंत्र दोनों मजबूत होंगे। उन्होंने कहा, आइए, हम मिलकर इतिहास रचें और देश की आधी आबादी को उसका हक दें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद में इस विधेयक पर व्यापक चर्चा हो चुकी है, जो देर रात तक चली। उन्होंने कहा कि चर्चा के दौरान सभी आशंकाओं और भ्रमों का तर्कसंगत समाधान किया गया है और सदस्यों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई है। महिला आरक्षण का मुद्दा पिछले चार दशकों से राजनीतिक बहस का विषय रहा है, लेकिन अब समय आ गया है कि महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए।

उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ इस विधेयक के पक्ष में मतदान करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद और सांसदों के फैसले पर है, इसलिए ऐसा कोई कदम न उठाया जाए जिससे उनकी भावनाएं आहत हों।

लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े तीन विधेयकों पर चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) की सदस्य डिंपल यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार महिला सशक्तीकरण के नाम पर 'खुद के सशक्तीकरण' का एजेंडा चला रही है। यादव ने कहा कि सपा महिला आरक्षण के भीतर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए अलग से कोटा निर्धारित करने की मांग पर कायम है।

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव ने सदन को याद दिलाया कि 2023 में जब 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पास हुआ था, तब पूरे विपक्ष ने एकजुट से इसका समर्थन किया था। उन्होंने सवाल किया कि सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में जनगणना की प्रक्रिया शुरू क्यों नहीं की? अगर 2024 में सरकार बनते ही जनगणना शुरू हो जाती तो आज हम परिसीमन की स्थिति में होते और 2029 तक आरक्षण लागू हो जाता, लेकिन सरकार की मंशा महिलाओं को सदन में लाने की नहीं, बल्कि इस प्रक्रिया को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करने की है।

डिंपल ने कहा कि सपा महिला आरक्षण के भीतर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए अलग से कोटा निर्धारित करने की मांग पर कायम है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव के शासनकाल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां पंचायती राज में अनुसूचित जाति (एससी)-अनुसूचित जनजाति (एसटी) के साथ-साथ ओबीसी और सामान्य वर्ग की महिलाओं को भी उचित प्रतिनिधित्व दिया गया था।

सपा सदस्य ने सरकार पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना जातिगत जनगणना के डेटा के परिसीमन करना केवल सत्ता बचाने की एक कवायद है। उन्होंने असम में चुनाव आयोग द्वारा किए गए परिसीमन का हवाला देते हुए प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा किया। उन्होंने सरकार की अन्य विफलताओं महिला सुरक्षा, अधूरी 'गारंटियां', अग्निवीर, शहादत और उत्तर प्रदेश की बदहाली जैसे मुद्दे को सदन के सामने रखा।

सांसद ने कहा कि यह सरकार केवल 'मुखौटों' के सहारे चल रही है। जनता अब इस 'भ्रम की राजनीति' को समझ चुकी है और 2029 के चुनावों में इसका जवाब देगी। उन्होंने मांग की कि जब तक समाज के हर वर्ग, विशेषकर पिछड़ी और अल्पसंख्यक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित नहीं होती तब तक यह बिल अधूरा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राज्यसभा के उपसभापति के रूप में हरिवंश के लगातार तीसरी बार निर्वाचित होने पर उन्हें बधाई दी और इसे सदन के गहरे विश्वास का प्रतीक बताया। राज्यसभा में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि हरिवंश का पुनर्निर्वाचन उनके अनुभव, संतुलित कार्यशैली और सभी को साथ लेकर चलने की क्षमता की स्वीकृति है। उन्होंने कहा कि उपसभापति के रूप में हरिवंश ने न केवल सदन की कार्यवाही का कुशल संचालन किया है, बल्कि अपने पूर्व अनुभवों से सदन को समृद्ध भी किया है, जिससे सदन का माहौल और अधिक परिपक्व हुआ है।

मोदी ने कहा, ल्लराज्यसभा के उपसभापति के रूप में लगातार तीसरी बार निर्वाचित होना अपने आप में इस सदन का आपके (हरिवंश) प्रति गहरा विश्वास दर्शाता है। साथ ही, बीते हुए कालखंड में आपके अनुभव से सदन को जो लाभ प्राप्त हुआ है, उसका भी यह प्रमाण है। सदन को साथ लेकर चलने का जो आपका प्रयास रहा है, उस पर सदन ने एक प्रकार से अपनी मोहर लगा दी है। यह वास्तव में आपके अनुभव और योगदान का सम्मान है।

प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि उनका नया कार्यकाल भी समर्पण, संतुलन और गरिमा के साथ आगे बढ़ेगा और सदन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि हरिवंश ने राज्यसभा सदस्य बनने के बाद अपना अधिकांश समय संसदीय कार्यों को समर्पित किया है और सभापति की अनुपस्थिति में वे कुशलतापूर्वक सदन का संचालन करते रहे हैं।

उन्होंने हरिवंश के सार्वजनिक जीवन और पत्रकारिता में योगदान की भी सराहना करते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली में स्पष्टता, विनम्रता और शालीनता का समन्वय दिखाई देता है। साथ ही उन्होंने विधानसभाओं और विधान परिषदों के अधिकारियों के प्रशिक्षण में उनके योगदान को भी महत्वपूर्ण बताया। मोदी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि 21वीं सदी के इस दूसरे क्वार्टर में इस सदन को बहुत करना है। देश को प्रगति के पथ पर ले जाने में और विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने में सदन के द्वारा बहुत कुछ होगा, ऐसा मुझे विश्वास है। इस कारण पीठाधीश सहित हम सबका दायित्व बहुत बड़ा होता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2018 से अब तक हरिवंश ने देशभर के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में 350 से अधिक कार्यक्रमों में भाग लिया है, जो युवाओं से उनके निरंतर संवाद को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हरिवंश ने मगध विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केंद्र स्थापित करने में सहयोग किया और सांसद निधि के उपयोग की एक मिसाल प्रस्तुत की। इसके अलावा, गंगा और घाघरा नदियों के बीच के क्षेत्रों में कटाव की समस्या के समाधान के लिए एक रिवर रिसर्च सेंटर की स्थापना को भी प्रधानमंत्री ने सराहा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती का भी उल्लेख करते हुए कहा कि हरिवंश का उनके साथ गहरा जुड़ाव रहा है और इसी दिन उनका तीसरी बार इस पद पर आसीन होना एक विशेष संयोग है।

। महिला आरक्षण से जुड़े तीन विधेयकों पर लोकसभा में जारी चर्चा के दौरान शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य निशिकांत दुबे ने कहा कि इस विधेयक के पारित नहीं होने से दक्षिण भारत के राज्यों का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर घट जाएगा।

झारखंड के गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत जनसंख्या के आधार पर परिसीमन कर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही गई है। सर्वसम्मति से पारित इस विधेयक के चलते महिलाओं को आरक्षण मिलेगा ही। इसे देने के लिए परिसीमन होगा और जनसंख्या के आधार पर सीटों का पुनर्निधारण होगा। ऐसे में कुछ राज्यों की सीटें बढ़ जाएंगी और कुछ की घट जाएंगी।

दुबे ने आरोप लगाया कि कंग्रेस आज ओबीसी के आरक्षण की बात कर रही है लेकिन सोनिया गांधी और स्वयं पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जातिगत जनगणना कराए जाने से इनकार कर दिया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एक बार फिर देश की माता-बहन और बेटियों का स्मरण करते उनसे आशीर्वाद बरसाने की कृपा की । प्रधानमंत्री ने एक्स पर साझा सुभाषितम् में कहा, ''हमारी नारी शक्ति एक सशक्त भारत की पहचान है। आज देश की माताएं, बहनें और बेटियां अपने अटूट संकल्प, निष्ठा और सेवा-भाव से हर क्षेत्र में भारतवर्ष का गौरव बढ़ा रही हैं।''

उन्होंने श्री दुर्गा सप्तशती के चतुर्थ अध्याय (शाकम्भरी स्तुति) के श्लोक ''देव्या यया ततमिदं जगदात्मशक्त्या निश्शेषदेवगणशक्ति समूहमूर्त्या।तामम्बिकामखिलदेवमहर्षिपूज्यां भक्त्या नताः स्म विदधातु शुभानि सा नः?'' का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी ही शक्ति से इस ब्रह्मांड की रचना की। वह समस्त देवताओं की शक्तियों के सामूहिक स्वरूप के रूप में अवतरित हुई हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, '' मां की आराधना सभी देवता और महान ऋषि समान रूप से करते हैं और उनके समक्ष हम श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं। वे देवी हम पर अपना मंगल आशीर्वाद बरसाएं।'' उल्लेखनीय है यह श्लोक देवी के सर्वव्यापी, शक्ति स्वरूपा रूप की स्तुति करता है। इसकी स्तुति से ज्ञान, बल और शक्ति प्रदान होती है।

राज्यसभा में शुक्रवार को हरिवंश लगातार तीसरी बार उपसभापति निर्वाचित हुए। विपक्ष की ओर से कोई उम्मीदवार नहीं उतारे जाने के कारण उनका निर्वाचन निर्विरोध हुआ। इसके साथ ही वह इस पद पर लगातार तीसरी बार आसीन होने वाले सदस्य बन गए हैं।

सदन की कार्यवाही की शुरुआत में नेता सदन जगत प्रकाश नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने उन्हें आसन तक पहुंचाया और उपसभापति की कुर्सी पर बैठाया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरिवंश को पुनः निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए उच्च सदन के संचालन में उनके अनुभव और योगदान की सराहना की। वहीं, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि वे सदन में सभी पक्षों को समान अवसर देंगे।

खरगे ने इस अवसर पर लोकसभा में उपाध्यक्ष का पद लंबे समय से रिक्त रहने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 से यह संवैधानिक पद खाली है, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उपसभापति के रूप में हरिवंश विपक्ष को पर्याप्त समय और सम्मान देंगे।

लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026, संघ राज्यक्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 और परिसीमन विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान गुरुवार को जनता दल यूनाइटेड के नेता और केंद्रीय पंचायतीराज मंत्री ललन सिंह ने सदन में बिलों के समर्थन में अपना पक्ष रखा।उन्होंने बिहार में पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं के 50 प्रतिशत आरक्षण का विरोध करने वाले लालू यादव की तरह हश्र से बचने के लिए समाजवादी पार्टी के प्रमुख को सावधान रहने की सलाह भी दी। संसद में अपने भाषण की शुरुआत उन्होंने बिहार की राजनीति के उदाहरण देते हुए कहा कि वर्ष 2005 में नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने के बाद 2006 में पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक फैसला लिया गया था। ललन सिंह ने दावा किया कि उस समय लालू प्रसाद यादव ने इस फैसले का विरोध किया था, जिसका राजनीतिक असर लंबे समय तक देखने को मिला। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश की राजनीति का जिक्र करते हुए अखिलेश यादव को भी इस मुद्दे पर सावधान रहने की सलाह दी। सदन में ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन ल्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासङ्क रहा है और महिला आरक्षण से जुड़े ये विधेयक इसी सोच के तहत लाए गए हैं। उनका कहना था कि देश की 50 प्रतिशत महिला आबादी को कानून निर्माण की प्रक्रिया में उचित भागीदारी देने के लिए यह कदम जरूरी है। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर पहले 33 प्रतिशत आरक्षण था, जिसे कई राज्यों में बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया गया है। अब संसद और विधानसभाओं में भी महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह पहल की जा रही है। उन्होंने वर्ष 2023 में पारित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार की मंशा पहले ही स्पष्ट थी और अब उसे लागू करने की दिशा में यह संशोधन विधेयक लाया गया है। परिसीमन विधेयक पर ललन सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य जनसंख्या के आधार पर लोकसभा और विधानसभा सीटों का पुनर्निर्धारण करना है। उनके अनुसार, सीटों की संख्या बढ़ने से महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करना और आसान हो जाएगा। उन्होंने इस प्रक्रिया पर उठ रहे सवालों को खारिज करते हुए कहा कि इसमें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

## महिला...

इन समुदायों को केवल नाम मात्र के लिए पहचान देती है, लेकिन उन्हें वास्तविक भागीदारी नहीं देती। परिसीमन के मुद्दे पर राहुल गांधी ने विशेष रूप से दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर राज्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार इन क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व को कम करने की दिशा में कार्य कर रही है, जो संघीय ढांचे के विपरीत है। विपक्ष किसी भी स्थिति में इसे स्वीकार नहीं करेगा और इस प्रयास को विफल किया जाएगा।

राहुल गांधी ने कहा कि यह एक सच्चाई है कि देश के इतिहास में अन्य पिछड़ा वर्ग, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं के साथ कठोर और अन्यायपूर्ण व्यवहार किया गया है और यह तथ्य सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो प्रयास किया जा रहा है, वह जातिगत जनगणना को दरकिनार करने का है ताकि प्रतिनिधित्व का प्रश्न टाल दिया जाए। सरकार इस विषय को आगे बढ़ाने के बजाय उसे टालने का प्रयास कर रही है, जिससे आने वाले वर्षों तक इन वर्गों को उनका अधिकार नहीं मिल सके।

राहुल गांधी ने कहा कि सत्ता संरचना में वंचित वर्गों की भागीदारी लगातार कम की जा रही है और यह एक गंभीर विषय है। कॉरपोरेट जगत, न्यायपालिका और अन्य प्रमुख संस्थानों में इन वर्गों की उपस्थिति नगण्य है और इस दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा रहा है। सरकार इन वर्गों को केवल पहचान के स्तर पर स्वीकार करती है, लेकिन उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल नहीं करती। उन्होंने कहा कि यह स्थिति बदलने की आवश्यकता है और इसके लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। विपक्ष इस विधेयक का विरोध करेगा और इसे पारित नहीं होने देगा। यह विधेयक महिलाओं के सशक्तिकरण के नाम पर लाया गया है, लेकिन इसका वास्तविक उद्देश्य कुछ और है, जिसे देश के सामने लाना जरूरी है।

## महिला ...

ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का उत्सव होता है, लेकिन इसे भय और उत्पीड़न का माध्यम बनाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव से पहले मतदाता सूचियों से लोगों के नाम हटाए गए और केंद्रीय एजेंसियों के जरिए विरोधियों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मुकाबला चुनाव मैदान में होना चाहिए, न कि दबाव बनाकर। ममता बनर्जी ने संकेत दिया कि इस मामले में वह कानूनी कदम भी उठाएंगी।

## देश में...

की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने पर केंद्रित हैं। राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखा जा रहा है। भारतीय मिशन और दूतावास चौबीसों घंटे हेल्पलाइन संचालित कर रहे हैं और जरूरतमंद नागरिकों की सहायता कर रहे हैं। समय-समय पर परामर्श जारी किए जा रहे हैं, जिनमें स्थानीय स्थिति, यात्रा, उड़ानों और वाणिज्य दूतावास सेवाओं से संबंधित जानकारी शामिल है। वहीं, पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने कहा कि जहाजरानी मंत्रालय, विदेश मंत्रालय के साथ समन्वय करते हुए समुद्री गतिविधियों और भारतीय नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है। क्षेत्र में सभी भारतीय समुद्री कर्मचारी सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में किसी भी भारतीय ध्वज वाले जहाज से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है। अब तक 2,400 से अधिक भारतीय समुद्री कर्मचारियों को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है, जिनमें से 30 को पिछले 24 घंटों में खाड़ी क्षेत्र से निकाला गया है। देश के सभी बंदरगाहों पर संचालन सामान्य बना हुआ है और कहीं भी भीड़भाड़ की स्थिति नहीं है।

## अवैध जमीन...

दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और केंद्र सरकार विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल नेताओं को परेशान करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

कुमार साहा किसी निर्वाचित पद पर नहीं हैं, लेकिन उन्हें तृणमूल कंग्रेस का प्रभावशाली संगठनकर्ता माना जाता है। व्यवसायी पृष्ठभूमि वाले साहा को कोलकाता में पार्टी के बड़े कार्यक्रमों में भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी संभालने वाला नेता माना जाता है।

वहीं, देवाशीष कुमार को उनके पारंपरिक रासबिहारी विधानसभा क्षेत्र से एक बार फिर तृणमूल कंग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है। जांच एजेंसियों का आरोप है कि इस गिरोह ने फर्जी और जाली दस्तावेज तैयार कर सार्वजनिक जमीन समेत कई भूखंडों पर अवैध कब्जा किया और बाद में उन जमीनों का व्यावसायिक उपयोग करते हुए बड़े रियल एस्टेट परियोजनाएं शुरू कीं।

इस मामले में एक अप्रैल को बेहाला क्षेत्र में कंपनी के एक अधिकारी के घर से एक करोड़ रुपये से अधिक नकद बरामद किया गया था। इसके अलावा कसबा इलाके में एक व्यवसायी के घर से बिना लाइसेंस के हथियार भी मिले थे।

जन...

अलग-अलग मामलों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित और हस्तगत किया। साथ ही निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में हर बार की तरह शुक्रवार को भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार धन उपलब्ध कराएगी। कुछ महिलाओं ने आवास की समस्या मुख्यमंत्री को बताई। इस पर योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार हर जरूरतमंद को प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास उपलब्ध कराने को संकल्पित हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी पात्र लोग पक्के आवास की सुविधा से वंचित हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाया जाए।

## लखनऊ अग्निकांड...

होने से रोकी। आस-पास के 30 से ज्यादा घरों को खाली करा कर लोगों की जान बचाई गई। आग लगने के बाद स्थिति पर काबू पाने के लिए फौरन दमकल विभाग, स्वास्थ्य कर्मियों, पुलिसकर्मियों, नगर निगम कर्मियों, नागरिक सुरक्षा सदस्यों की 400 से ज्यादा लोगों की टीम मौके पर पहुंच गई थी। इससे काफी संख्या में लोगों की जान बच पाई।

## ईरान...

तक 2,358 भारतीय नागरिकों की भारत की आगे की यात्रा के लिए आवाजाही की सुविधा प्रदान की है। इज़राइल का हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से प्रतिबंधित उड़ान संचालन के साथ खुला है। हम जॉर्डन और मिस्र के माध्यम से इज़राइल से भारतीय नागरिकों की यात्रा को भारत तक सुविधाजनक बनाने की कोशिश कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण कठिनाइयों का सामना कर रहे पड़ोसी देशों को पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति के बारे में एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत को अपने कई पड़ोसियों से अनुरोध प्राप्त हुए हैं, जो ऊर्जा संसाधन प्रदान करने के लिए कह रहे हैं। हम पहले से ही कई देशों को ऊर्जा संसाधन प्रदान कर रहे हैं। हालाँकि, यह हमारी अपनी जरूरतों और यहाँ हमारे संसाधनों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमने मार्च में बांग्लादेश को 22,000 मीट्रिक टन हाई-स्पीड डीजल प्रदान किया... श्रीलंका को, हमने पिछले महीने उन्हें 38,000 मीट्रिक टन पेट्रोलियम उत्पाद भेजे थे। एक सप्ताह पहले, हमारे विदेश मंत्री ने मॉरीशस का दौरा किया था। उस समय के दौरान, इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच चर्चा हुई और हम वर्तमान में मॉरीशस की ऊर्जा स्थिति में सुधार करने और इसे तेल और गैस प्रदान करने के लिए दोनों देशों के बीच सरकार से सरकार समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं।

जायसवाल ने कहा कि इसी तरह से नेपाल और भारत के बीच मौजूदा समझौते हैं, एक इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और नेपाल के बीच, जिसके तहत हम उन्हें पेट्रोलियम उत्पाद प्रदान करते हैं और ये उन्हें बिना किसी रुकावट के उनकी जरूरतों के अनुसार प्रदान किए जा रहे हैं। इसी तरह, भूटान के साथ, हमारे पास एक समझ और साझेदारी है। हम उन्हें ऊर्जा उत्पादों के संबंध में भी ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। मॉरीशस और सेशेल्स के बारे में, हमें उनसे कुछ अनुरोध प्राप्त हुए हैं और हम इस मामले पर उनके साथ लगातार बातचीत कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री धामी ने मौके पर पहुंचकर परखी सीएम हेल्पलाइन शिकायत, फुटपाथ का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज एक शिकायत की गंभीरता को देखते हुए समीक्षा बैठक से पहले स्वयं जाखन क्षेत्र का दौरा किया और मौके पर स्थिति की पड़ताल की।

शिकायत में राजपुर रोड पर विद्युत लाइन अंडरग्राउंड करने के बाद फुटपाथ को हुए नुकसान और मरम्मत में लापरवाही का आरोप लगाया गया था। देहरादून के जाखन निवासी विवेक मदान ने, राजपुर रोड पर विद्युत लाइन अंडरग्राउंड किए जाने के कारण फुटपाथ को हुए नुकसान की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई थी। मदान ने शिकायत में उल्लेख किया था कि जाखन में पहले सड़क किनारे फुटपाथ बनाया गया, बाद में यूपीसीएल ने इस फुटपाथ को खोदकर, अंडरग्राउंड लाइन



बिछा डाली। लेकिन इस दौरान मिट्टी का भरान ठीक से नहीं किया गया, जिस कारण फुटपाथ की टाइल्स बैठ गई हैं। शिकायतकर्ता विवेक मदान ने बताया था कि निर्माण कार्य के दौरान खोदे गए फुटपाथ की सही भरान न होने से टाइल्स धंस गई हैं, जिससे आमजन को असुविधा हो रही है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री को सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करनी थी, लेकिन सीएम ने समीक्षा बैठक से पहले शिकायत की पड़ताल करने सीधे जाखन का रुख किया। मुख्यमंत्री ने मौके पर पहुंचकर अपने मोबाइल से वीडियो कॉल के माध्यम से अधिकारियों को वास्तविक स्थिति दिखाई और कार्य में समन्वय की कमी पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि अंडरग्राउंड कार्य के बावजूद कई स्थानों पर ऊपर दिखाई दे रही विद्युत लाइनों को तत्काल दुरुस्त किया जाए, ताकि सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। सीएम धामी ने कहा कि विभागीय लापरवाही के कारण न केवल जनता को परेशानी होती है, बल्कि सरकारी संसाधनों की भी बर्बादी होती है।

# दिल्ली के उप महापौर ने अलीपुर वार्ड में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के उप महापौर जय भगवान यादव ने शुक्रवार को अलीपुर वार्ड में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया एवं सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उप महापौर ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सफाई व्यवस्था को सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आरोग्य मंदिर के परिसर में पड़े पत्तों को सही तरीके से निस्तारित किया जाए। यादव ने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आरोग्य मंदिर में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। जय भगवान यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार के साथ कार्य करते हुए दिल्ली नगर निगम राजधानी के नागरिकों को उत्कृष्ट सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद एवं ग्रामीण समिति के अध्यक्ष योगेश राणा और मनोनीत पार्षद एवं उत्तर पश्चिम जिलाअध्यक्ष दिल्ली विनोद सहरावत भी उपस्थित रहे।



# महरौली में हनीट्रैप गैंग का भंडाफोड़ महिला समेत तीन लुटेरे गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिणी जिले के महरौली इलाके में हनीट्रैप के जरिए लूटपाट करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए एक महिला समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन, नकदी और वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद किया है। दक्षिण जिले के पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने शुक्रवार को बताया कि मामला 14 अप्रैल को दर्ज एफआईआर संख्या 225/2026 से जुड़ा है। घटना 13 अप्रैल की है, जब बदरपुर-महरौली रोड पर गश्त कर रहे हेड कांस्टेबल राजू सैनी और कांस्टेबल संजय को डीडीए पार्क के मुख्य गेट के पास एक व्यक्ति बैद्यनाथ कामत मिला। उसने बताया कि एक युवती ने उसे इशारे से बुलाया और इंडियन पार्क, एमबी रोड की दीवार के पास ले गई, जहां पहले से मौजूद दो युवकों ने चाकू की नोक पर उससे मोबाइल, बैग और नकदी लूट ली। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपितों का पीछा किया और एक आरोपित राहुल (29) को दबोचा। आरोपित लाडो सराय का रहने वाला है। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया बटनदार चाकू और 750 रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ और तकनीकी निगरानी के आधार पर पुलिस ने बाकी दो आरोपित गुंगुन गांधी (22) और समीर (22) को 100 फीट रोड रेड लाइट के पास से गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि गुंगुन गांधी हनीट्रैप के लिए बतौर डिकॉय काम करती थी, जबकि उसके साथी वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने उसके पास से पीड़ित का रियलमी मोबाइल फोन बरामद किया, जबकि समीर के कब्जे से आधार कार्ड और डायरी मिली। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, मुख्य आरोपित राहुल पहले भी लूट, आर्म्स एक्ट और चोरी के छह मामलों में शामिल रह चुका है, जबकि अन्य दोनों आरोपितों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं मिला है।

# पंजाब में रेल रोको आंदोलन स्थगित, किसान संगठनों ने सरकार को दिए तीन दिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में किसान संगठनों ने आज होने वाले रेल रोको आंदोलन को फिलहाल स्थगित कर दिया है। पंजाब सरकार ने किसानों से तीन दिन का समय मांगा था। इसी को ध्यान में रखते हुए सभी संगठनों ने आज का रेल रोको कार्यक्रम स्थगित करने का फैसला लिया है। किसान नेता सर्वन सिंह पंधेर ने बताया कि यह फैसला विभिन्न किसान संगठनों की ओर से आयोजित एक वर्चुअल (जूम) बैठक के बाद सर्वसम्मति से लिया गया। पहले यह आंदोलन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक चलाया जाना था, जिसके तहत पूरे प्रदेश में रेल सेवाएं रोकने की तैयारी थी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कैबिनेट बैठक भी प्रस्तावित है, इसलिए सरकार को समाधान के लिए मौका देना जरूरी समझा गया। किसान नेताओं का कहना है कि पिछले 10 से 15 दिनों से राज्य की मंडियों में किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गेहूं की खरीद और लिफ्टिंग में देरी के कारण किसान अपनी



फसल लेकर मंडियों में बैठे हैं और उन्हें आर्थिक व मानसिक दिक्कतों से गुजरना पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार से गेहूं खरीद के नियमों में राहत दिलवाना था। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार ने इस मुद्दे पर देर से कार्रवाई की। उनका कहना है कि हरियाणा पहले ही केंद्र सरकार को पत्र लिख चुका था और राजस्थान ने भी 5 अप्रैल को किसानों की परेशानियों को लेकर अपनी बात रख दी थी। इसके विपरीत, पंजाब सरकार ने रेल रोको आंदोलन की घोषणा के बाद केंद्र को पत्र लिखा, जिससे समस्या और बढ़ी। किसानों के अनुसार यह स्थिति भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार और अरविंद केजरीवाल की नीतियों में देरी के कारण उत्पन्न हुई है। हालांकि अब केंद्र सरकार द्वारा नियमों में ढील दिए जाने की संभावना जताई जा रही है, जिससे उम्मीद है कि खरीद प्रक्रिया जल्द सुचारू हो जाएगी। किसान संगठनों ने बताया कि शनिवार को लुधियाना में संयुक्त किसान मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार और कुछ मीडिया माध्यमों द्वारा यह प्रचार किया जा रहा था कि रेल रोको आंदोलन से आम जनता को परेशानी होगी। इस पहलू को ध्यान में रखते हुए और जनता को असुविधा से बचाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। हालांकि उनका मानना है कि तीन घंटे के आंदोलन से बहुत बड़ा असर नहीं पड़ता, लेकिन सरकार उनके आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश कर रही थी। किसान नेताओं ने प्रदेश के किसानों और मजदूरों से अपील की है कि वे सतर्क और तैयार रहें। जहां भी मंडियों में खरीद से संबंधित समस्याएं सामने आ रही हैं, वहां स्थानीय स्तर पर एकजुट होकर कार्रवाई की जा सकती है। किसान संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे अपना आंदोलन और तेज करेंगे।

## अवैध हथियार गिरोह का किया भंडाफोड़, एक आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले एक सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से दो पिस्टल, एक देशी कट्टा, 23 जिंदा कारतूस और 11 खोखे बरामद किए हैं। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान भोला नाथ नगर, शाहदरा निवासीअबू तालिब (27) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपित दिल्ली-एनसीआर में उभरते गैंग का हिस्सा था और बदला लेने के इरादे से हथियार इकट्ठा कर रहा था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार क्राइम ब्रांच की ईआर-1 टीम को लगातार इनपुट मिल रहे थे कि इलाके में जबरन वसूली और कॉन्ट्रैक्ट किलिंग जैसे अपराधों में अवैध हथियारों का इस्तेमाल बढ़ रहा है। इसी कड़ी में 14 अप्रैल को शाहदरा स्थित एक कॉलेज के पास विशेष सूचना के आधार पर टीम ने जाल बिछाया।

## नरेला के भोरगढ़ इलाके में फैक्ट्री में आग, 16 दमकल गाड़ियां मौके पर जुटीं

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के नरेला औद्योगिक क्षेत्र के भोरगढ़ इलाके में शुक्रवार सुबह एक फैक्ट्री में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और देखते ही देखते दस दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दमकल विभाग के अनुसार, सुबह करीब 7:45 बजे फैक्ट्री नंबर 214-ए, ए ब्लॉक, नरेला में आग लगने की सूचना मिली। शुरुआती तौर पर मौके पर पांच गाड़ियों को भेजा गया। आग की गंभीरता को देखते हुए 8:10 बजे इसे 'मेक-4' (बड़ा) घोषित कर दिया गया, जिसके बाद अतिरिक्त दमकल गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। दमकल अधिकारी के अनुसार बढ़ती आग को देखते हुए 16 दमकल गाड़ियों को भेजा गया। खबर लिखे जाने तक दमकलकर्मी आग बुझाने में जुटे हुए है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। राहत की बात यह है कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# ब्रिगेडियर पर हमले के मामले में फरार चार आरोपित गिरफ्तार, इस्तेमाल की गई कार बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम जिले के वसंत एन्क्लेव इलाके में सेना के ब्रिगेडियर और उनके बेटे पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए सभी फरार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में पहले गिरफ्तार मुख्य आरोपित सतेंद्र के अलावा अब उसके चार अन्य साथियों को भी दबोच लिया गया है। दक्षिण पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सुरजीत सिंह (36), सुनील शर्मा (53), आशीष (32), सभी निवासी मेहरम नगर, दिल्ली और सतेंद्र (35) निवासी भिवानी, हरियाणा के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि सुरजीत, मुख्य आरोपित सतेंद्र का परिचित है। घटना वाले दिन सभी आरोपित मेहरम नगर में साथ बैठे थे, तभी सतेंद्र का फोन आया, जिसमें वसंत एन्क्लेव में हुए झगड़े की जानकारी दी गई। इसके बाद सभी आरोपित सुरजीत की कार (सफ़ेद रंग की हुंडई ऑरा) में सवार होकर मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, मौके पर पहुंचने के बाद आरोपितों और ब्रिगेडियर के बीच कहासुनी बढ़ गई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपित वहां से फरार हो गए और अपने-अपने घरों में छिप गए। मामले के दर्ज होने की जानकारी मिलते ही वे घर छोड़कर फरार हो गए थे, लेकिन पुलिस टीम ने लगातार दबिश देकर अंततः सभी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि घटना में इस्तेमाल की गई हुंडई ऑरा कार को भी बरामद कर लिया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है। आरोपितों से पूछताछ कर घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले वसंत एन्क्लेव इलाके में 11 अप्रैल की रात ब्रिगेडियर परमिंदर सिंह आरोड़ा और उनके बेटे तेजस पर उस समय हमला कर दिया गया था, जब उन्होंने अपनी रिहायशी इलाके के बाहर खड़ी कार में कुछ लोगों को शराब पीने से रोका था। इसी बात पर आरोपितों ने गुस्से में आकर दोनों के साथ मारपीट की थी। इस घटना के बाद मामला काफी चर्चा में रहा और पुलिस पर आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी का दबाव था। अब सभी आरोपितों की गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए जांच को आगे बढ़ा दिया है।

# क्राइम ब्रांच ने सात नाबालिगों को खोजकर परिवार से मिलवाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सात लापता नाबालिग बच्चों को राज्य के अलग-अलग हिस्सों से सकुशल बरामद कर उनके परिजनों से मिलवाया है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने शुक्रवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की टीमों ने तकनीकी सर्विलांस, स्थानीय इंटेलिजेंस और सतत फील्ड वर्क के जरिए इन बच्चों का पता लगाया। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, हर मामले को गंभीरता से लेते हुए समय पर कार्रवाई की गई, जिससे सभी बच्चों को सुरक्षित वापस लाया जा सका। बिहार से बरामद हुई 16 वर्षीय लड़की उत्तर पश्चिम जिले के केशव पुरम थाना क्षेत्र से 29 नवंबर 2025 से लापता 16 वर्षीय लड़की को बिहार के दरभंगा से बरामद किया गया। इस मामले में लड़की की तलाश पर 20 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। क्राइम ब्रांच की टीम ने तकनीकी निगरानी के आधार पर उसे ढूंढ निकाला। बाहरी जिले के निहाल विहार क्षेत्र से 12 जनवरी 2026 से लापता 15 वर्षीय लड़की भावनात्मक तनाव के चलते घर छोड़कर मुंबई गई और बाद में अपने मामा के घर पहुंच गई थी। पुलिस ने उसे ट्रेस कर सुरक्षित बरामद किया। बाहरी उत्तरी जिले के समयपुर बादली इलाके से 11 अप्रैल 2026 से लापता 12 और 16 वर्षीय दो लड़कों को गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के पास से बरामद किया गया। जांच में सामने आया कि दोनों नशे के आदी थे और घर छोड़कर चले गए थे।

# राज्यपाल ने शिक्षा पर एआई के प्रभाव संवाद कार्यक्रम का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजपुर रोड, देहरादून स्थित एक होटल में शिक्षा विभाग एवं संपर्क फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित ‍‌‌शिक्षा पर एआई के प्रभाव‍ संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज के समय की एक वास्तविकता है, जो शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों को तेजी से प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि एआई को केवल तकनीक के रूप में नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा निर्धारित करने वाले एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में देखा जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि 21वीं सदी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मेटावर्स और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उन्नत



तकनीकों का युग है, जिन्हें अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन तकनीकों का समावेश उत्तराखण्ड के छात्रों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेगा। राज्यपाल ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे छात्रों को नई तकनीकों के प्रति जागरूक करें और उन्हें इसके उपयोग के लिए सक्षम बनाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तराखण्ड के शिक्षक और छात्र मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति का सूत्रपात करेंगे। उन्होंने कहा कि एआई के माध्यम से शिक्षा को अधिक समावेशी बनाया जा सकता है, विशेष रूप से दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों के छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने में यह सहायक सिद्ध होगा। साथ ही, एआई भाषा की बाधाओं को दूर कर स्थानीय भाषाओं में शिक्षा को सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करता है। ाज्यपाल ने संपर्क फाउंडेशन के संस्थापक-अध्यक्ष विनीत नायर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किया गया कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि लाखों विद्यार्थियों और हजारों विद्यालयों तक पहुंच बनाकर संस्था ने शिक्षा में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कियाहै। इस अवसर पर सचिव रविनाथ रामन, कुलपति उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय डॉ तृप्ता ठाकुर, संपर्क फाउंडेशन के संस्थापक-अध्यक्ष विनीत नायर, चेयरमैन डॉ के राजेश्वर राव, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ मुकुल कुमार सती सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं विभिन्न स्कूलों के शिक्षक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बाबा हरिहर नाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सारण। सोनपुर में बिहार के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को ऐतिहासिक बाबा हरिहर नाथ मंदिर पहुँचकर भगवान शिव और विष्णु की विधिवत पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सारण जिले के सोनपुर में अपने पहले दौरे पर यहां पहुंचे सम्राट चौधरी ने सपरिवार बाबा का दूध एवं जल से अभिषेक किया और राज्य की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा।

मंदिर परिसर पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पश्चात एनडीए के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखा गया। मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा



व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रमंडलीय आयुक्त, डीआईजी, जिलाधिकारी और एसएसपी स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे। मंदिर के चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने मंदिर परिसर के आसपास की प्रसाद दुकानों को अस्थायी रूप से बंद करा दिया था, ताकि सुरक्षा घेरा अभेद्य बना रहे। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर खासा उत्साह रहा। मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिए एनडीए कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जय श्रीराम और हर-हर महादेव के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय    कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान    स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063